*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.com
24 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 334

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

सेंसेक्स 1000 अंक लुढ़का, निवेशकों को चार लाख करोड़ रुपये का नुकसान

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

कोविड प्रबंधन
खेल नीति
ट्राइबल यूनिवर्सिटी
1932
एसटी 28%
पिछड़ा 27%
एससी 12%
पर्यटन नीति
फूलो झानो आशीर्वाद अभियान
शिक्षक नियुक्ति
पारदेशीय छात्रवृत्ति
स्थानीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति
सर्वजन पेंशन
छात्रावासों का जीर्णोद्धार
मॉडल स्कूल
सरना आदिवासी धर्म कोड
पलाश
फास्ट ट्रैक कोर्ट
मुख्यमंत्री पशुधन योजना

- **1932** अथवा उसके पूर्व खतियान के आधार पर स्थानीयता परिभाषित करने हेतु कैबिनेट से प्रस्ताव पारित
- **एसटी-28%, पिछड़ा-27% और एससी-12%** आरक्षण हेतु कैबिनेट से प्रस्ताव पारित
- राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना **(OPS)** लागू
- **सरना आदिवासी धर्म कोड** पारित कर केंद्र सरकार को भेजा
- रिकॉर्ड दिनों में विभिन्न विभागों में दशकों से लंबित पदों पर **नियुक्तियां**
- पहली बार झारखण्ड **जनजातीय महोत्सव** का आयोजन
- **पारा शिक्षक और आंगनबाड़ी बहनों** की दशकों पुरानी मांगों का समाधान
- आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं को मुफ्त **100 यूनिट बिजली**
- **सर्वजन पेंशन योजना** से लाखों जरूरतमंद बुजुर्ग, विधवा/एकल/परित्यक्त महिला, दिव्यांग को पेंशन
- **आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार** कार्यक्रम से 35 लाख लोगों को मिला अधिकार

जन आशीर्वाद के 1000 दिन

जो कहते हैं वो करते हैं

झारखण्ड जनजातीय महोत्सव
अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी
खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति
किसान पाठशाला
नेतरहाट फायरिंग रेंज बंद
आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार
खेल पदाधिकारी नियुक्ति
पुरानी पेंशन
बिरसा हरित ग्राम योजना
हरा राशन कार्ड
नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना
100 यूनिट बिजली मुफ्त
सिदो-कान्हू कृषि एवं वन उत्पाद संघ
निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण
प्री एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति
डिजिटल एवं स्किल यूनिवर्सिटी
सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना
पारा शिक्षक

- **मुख्यमंत्री पशुधन और कृषि ऋण माफी** से लाखों किसान बन रहे सशक्त। **KCC** से जुड़े करीब 14 लाख किसान
- लाखों जरूरतमंदों को **₹10 में साड़ी,धोती/लूंगी**
- **पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना** अंतर्गत एससी, एसटी, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को विदेश में उच्च शिक्षा
- पूर्वी भारत का पहला **ट्राइबल यूनिवर्सिटी** झारखण्ड में
- **मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP)** से हजारों युवाओं को स्वरोजगार
- **बिरसा हरित ग्राम, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि और पोटो हो खेल** विकास योजना से ग्रामीण रोजगार सृजन
- कोरोना काल में सबसे **पहले प्लेन और ट्रेन से श्रमिकों** को लाने वाला राज्य। देश को **ऑक्सीजन सप्लाई** करने में बना **नंबर वन**
- प्रत्येक पंचायत में **मॉडल स्कूल**
- 15 लाख जरूरतमदों को **हरा राशन कार्ड**
- निजी क्षेत्र में स्थानीय को **75% आरक्षण**

P.R. 278546 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

सर्राफा
सोना (बिक्री) 46,800 रु./10 ग्राम
चांदी 57,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 24 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com

इमाम से मुलाकात के बाद संघ के चाहनेवाले और विरोधी भी कंफ्यूज हो गये हैं

सरसंघचालक मोहन भागवत के हृदय परिवर्तन का राज क्या है!

क्या यह 2024 की रणनीति का हिस्सा है, या वाकई संघ का हृदय परिवर्तन हो रहा है

इमाम इलियासी के मोहन भागवत को राष्ट्रपिता और राष्ट्र ऋषि कहने से चकित हैं लोग

मुस्लिम बुद्धिजीवियों और इमाम के साथ दुनिया के सबसे बड़े संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात और उनके मदरसे दौरे को लेकर पूरे देश में खदबदाहट है। कई सवाल खड़े किये जा रहे हैं। देश में एक तरफ जहां भाजपा और आरएसएस पर लगातार सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने के आरोप लगते रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ देश में सांप्रदायिक सौहार्द मजबूत करने की वकालत करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं मोर्चा संभाला है और इस कड़ी में पिछले महीने 22 अगस्त को उन्होंने मुसलिम बुद्धिजीवियों के एक समूह से मुलाकात की थी। उसकी चर्चा अभी हवा में तैर ही रही थी कि उसके ठीक एक महीने बाद 22 सिंतबर को मोहन भागवत ने पहले नयी दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित मस्जिद जाकर अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख डॉ इमाम उमर अहमद इलियासी के साथ मुलाकात की और फिर पुरानी दिल्ली स्थित मदरसा ताज्वीदुल कुरान पहुंच कर वहां पढ़नेवाले बच्चों और अध्यापकों के साथ बातचीत की। इस मुलाकात और दौरे के बाद संघ के भीतर और बाहर लगातार एक ही सवाल पूछा जा रहा है कि आखिर संघ प्रमुख का उद्देश्य क्या है। क्या सचमुच में सरसंघचालक का हृदय परिवर्तन हुआ है या 2024 को ध्यान में रख कर यह कदम उठाया जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि उनकी यह पहल देश में सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत तो करेगी, लेकिन अब तक संघ ने जो आक्रामक रवैया अख्तियार कर रखा था, उसका क्या होगा। एक और सवाल है कि यदि संघ सचमुच मुसलमानों को साथ लाना चाहता है, तो फिर उसके हिंदू राष्ट्र के नारे का क्या होगा। और सबसे बड़ा सवाल कि इन सबके पीछे आरएसएस का एजेंडा क्या है? आखिर इन मुलाकातों से क्या हासिल करना चाहते हैं मोहन भागवत? हाल के दिनों में मोहन भागवत के बयान कट्टर हिंदुओं को कन्फ्यूजन में डाल रहे हैं। उनका कहना कि हर मस्जिद में शिवलिंग ढूंढ़ने की जरूरत नहीं, वह भी तब, जब देश में ज्ञानवापी को लेकर हिंदू समाज में रोष की भावना थी। क्यूंकि ज्ञानवापी में जब शिवलिंग मिला, तब उसकी अवस्था देख कर हिंदू समाज बहुत दुखी था और क्रोधित भी। मुसलिम समाज उसको फव्वारा बता वहां वुजु कर रहा था और कट्टर हिंदू उसे शिवलिंग मान रहे हैं। मोहन भागवत के इस बयान से कट्टर हिंदू परेशान थे। हिंदुओं का एक बड़ा वर्ग अब कहने लगा है कि आरएसएस अब अपना नजरिया बदल रहा है, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं होनेवाला। क्योंकि कट्टर हिंदू समाज का मानना है कि हमने तय कर लिया है कि हमें किस रास्ते पर चलना है। ऐसे में अगर मोहन भागवत मुस्लिम समाज से नजदीकियां बढ़ा रहे हैं, तो बढ़ायें, हम कन्फ्यूज होनेवाले नहीं हैं। खासकर जो संघ और हिंदुत्व के कट्टर समर्थक हैं, उनका कहना है कि अगर मोहन भागवत अपना कलेजा भी दे देंगे, तो कट्टरपंथी सोच के जो मुसलिम हैं, वे उन पर विश्वास कर ही नहीं सकते। संघ के चाहने वाले और विरोधियों द्वारा उठाये जा रहे इन तमाम सवालों का जवाब तलाशने की कोशिश की है आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह ने।**

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

कहते हैं, परिवर्तन संसार का नियम है, लेकिन कुछ परिवर्तन ऐसे भी होते हैं, जो दुनिया को आश्चर्यचकिय कर दते हैं। उन्हीं परिवर्तनों में से एक है सरसंघचालक मोहन भागवत का मुसलमानों के प्रति हृदय परिवर्तन। दुनिया के सबसे बड़े संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीब एक सौ साल के इतिहास में 22 सितंबर, 2022 की तारीख उस ऐतिहासिक मोड़ के रूप में दर्ज हो गयी, जब संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने किसी मस्जिद में प्रवेश किया और किसी मदरसे में समय बिताया। एक महीने पहले 22 अगस्त को संघ प्रमुख ने मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मुलाकात जरूर की थी, लेकिन मस्जिद और मदरसा जाना और इमाम से एक घंटे तक बातचीत करना देश के सियासी हलकों में हलचल मचा गया है। 2009 में संघ प्रमुख बनने के बाद वह पहली बार किसी मस्जिद और मदरसे में पहुंचे थे। मस्जिद में उन्होंने ऑल इंडिया मुस्लिम इमाम संगठन के चीफ इमाम उमर अहमद इलियासी सहित कई मुस्लिम नेताओं से भेंट की। यह वही इलियासी हैं, जो संगठन से जुड़े पांच लाख इमामों का नेतृत्व करते हैं।

क्या हो सकते हैं इस दौरे के मायने

यह बात पूरे देश ने नोट की है कि हिंदू राष्ट्र और 80 बनाम 20 की बात करनेवाले संघ ने मुस्लिम बुद्धिजीवियों से इस बीच संवाद के प्रयास तेज किये हैं। संघ का कहना है कि सर संघ चालक के इस दौरे को छवि बनाने के प्रयास से नहीं जोड़ कर देखा जाना चाहिए। संघ राजनीतिक दल नहीं है कि इसे छवि बनाने की चिंता करनी पड़े। संपर्क और संवाद के मूलमंत्र से ही हिंदू-मुस्लिम टकराव को दूर किया जा सकता है। बुद्धिजीवियों के सहयोग से ही किसी समाज को कट्टरपंथियों के चंगुल से मुक्त कराया जा सकता है। संघ के मुताबिक संगठन इस तरह के प्रयास आगे भी जारी रखेगा। संघ ने कहा है कि यह लगातार चलनेवाली प्रक्रिया है। संघ प्रमुख इस तरह से समाज के सभी वर्गों के लोगों से मिलते रहते हैं। वैसे यह बात भी जगजाहिर है कि डॉ मोहन भागवत ने हमेशा ही अपने भाषणों में देश की प्रगति के लिए सांप्रदायिक सौहार्द और सद्भाव के माहौल को पहली आवश्यकता बताया है। पिछले दिनों उन्होंने ज्ञानवापी मस्जिद विवाद पर कहा था कि हर मस्जिद में शिवलिंग खोजने की मानसिकता का हमें परित्याग करना चाहिए। भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवादों को आपसी बातचीत से सुलझाने पर जोर दिया था। संघ प्रमुख ने धर्म संसद में साधु-संतों द्वारा दिये गये कथित आपत्तिजनक बयानों से असहमति जताते हुए उसे हिंदुत्व के खिलाफ बताया था। संघ प्रमुख ने अयोध्या विवाद में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद यहां तक कहा था कि संघ अब किसी आंदोलन का हिस्सा नहीं बनेगा।

सवाल क्यों उठ रहे हैं

डॉ भागवत के मस्जिद दौरे के बाद संघ के भीतर और बाहर भी लगातार ये सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इस दौरे का असल उद्देश्य क्या है। यदि संघ ने अपनी मुस्लिम विरोधी छवि को बदलने का फैसला किया है, तो क्या 370, सीएए और एनआरसी पर मोदी सरकार का रुख नरम हो जायेगा। इतना ही नहीं, पिछले कुछ दिनों के दौरान बनी संघ की कट्टर छवि का भविष्य क्या होगा। संघ के कई समर्पित कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक तरफ नेता इन स्वयंसेवकों को कट्टरता का पाठ पढ़ा रहे हैं, तो दूसरी तरफ खुद मस्जिदों का दौरा कर रहे हैं, इमामों से मुलाकात कर रहे हैं। इससे बहुत बड़ा कन्फ्यूजन पैदा हो रहा है और इसका असर संघ के सामान्य कामकाज पर भी पड़ सकता है।

हालांकि इसमें दो राय नहीं हो सकती कि देश में भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव का माहौल बनाने में सर संघ चालक मोहन भागवत के नेतृत्व में संघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस दिशा में समय-समय पर मोहन भागवत ने जो विचार व्यक्त किये हैं, उसका मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने जिस तरह स्वागत किया है, उससे यही संदेश मिलता है कि मोहन भागवत हमेशा ही अपने भाषणों में जिस हिंदुत्व की चर्चा करते हैं, वह सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करता है। निश्चित रूप से संघ प्रमुख अपने विचारों से मुस्लिम समुदाय का भरोसा जीतने में सफल रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही उनके परस्पर विरोधी विचारों से संघ के स्वयंसेवक उलझन में पड़ते जा रहे हैं। यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि क्या संघ को पता चल गया है कि भाजपा की जीत में ही उसके विस्तार का बीज छिपा हुआ है। इसलिए संघ प्रमुख 2024 के दबाव को कम करने में जुट गये हैं। भाजपा के पसमांदा समाज प्रेम के पीछे भी यही सवाल पूछे गये थे। डॉ भागवत के दौरे का असली आशय कुछ भी हो, आनेवाले दिनों में देश भर से यह सवाल सामने आयेगा ही कि संघ का चेहरा यदि बदल रहा है, तो फिर स्वयंसेवकों को कट्टरता का पाठ पढ़ाने के पीछे का मतलब क्या है। इस सवाल का जवाब संघ नेतृत्व के लिए देना इतना आसान नहीं होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दृष्टि और दर्शन

जहां तक संघ की दृष्टि और दर्शन का सवाल है, तो इसकी वेबसाइट पर कहा गया है कि आज के इस युग में जिस परिस्थिति में हम रहते हैं, ऐसे एक-एक, दो-दो, इधर-उधर बिखरे, पुनीत जीवन का आदर्श रखनेवाले उत्पन्न होकर उनके द्वारा धर्म का ज्ञान, धर्म की प्रेरणा वितरित होने मात्र से काम नहीं होगा। आज के युग में तो राष्ट्र की रक्षा और पुनःस्थापना करने के लिए यह आवश्यक है कि धर्म के सभी प्रकार के सिद्धांतों को अंतःकरण में सुव्यवस्थित ढंग से ग्रहण करते हुए अपना ऐहिक जीवन पुनीत बना कर चलनेवाले, और समाज को अपनी छत्रछाया में लेकर चलने की क्षमता रखनेवाले असंख्य लोगों का सुव्यवस्थित और सुदृढ़ संगठन। वेबसाइट में आगे कहा गया है कि प्राचीन काल से चलते आये अपने राष्ट्रजीवन पर यदि हम एक सरसरी नजर डालें, तो हमें यह बोध होगा कि अपने समाज के धर्मप्रधान जीवन के कुछ संस्कार अनेक प्रकार की आपत्तियों के उपरांत भी अभी तक दिखाई देते हैं। यहां धर्म-परिपालन करनेवाले, प्रत्यक्ष अपने जीवन में उसका आचरण करनेवाले तपस्वी, त्यागी एवं ज्ञानी व्यक्ति एक अखंड परंपरा के रूप में उत्पन्न होते आये हैं। उन्हीं के कारण अपने राष्ट्र की वास्तविक रक्षा हुई है और उन्हीं की प्रेरणा से राज्य निमार्ता भी उत्पन्न हुए हैं। अतः हम लोगों को समझना चाहिए कि लौकिक दृष्टि से समाज को समर्थ, सुप्रतिष्ठित, सद्धर्माधिष्ठित बनाने में तभी सफल हो सकेंगे, जब उस प्राचीन परंपरा को हम लोग युगानुकूल बना, फिर से पुनरुज्जीवित कर पायेंगे। युगानुकूल कहने का यह कारण है कि प्रत्येक युग में वह परंपरा उचित रूप धारण करके खड़ी हुई है। कभी केवल गिरि-कंदराओं में, अरण्यों में रहनेवाले तपस्वी हुए तो कभी योगी निकले, कभी यज्ञ-यागादि के द्वारा और कभी भगवद्-भजन करनेवाले भक्तों और संतों के द्वारा यह परंपरा अपने यहां चली है। इस आवश्यकता को पूरा करनेवाला जो स्वयंस्फूर्त व्यक्ति होता है, वही स्वयंसेवक होता है और ऐसे स्वयंसेवकों की संगठित शक्ति ही इस आवश्यकता को पूर्ण करेगी, ऐसा संघ का विश्वास है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का प्रदेश कार्यालय में स्वागत

2024 में सभी 14 सीटें जीतने का लक्ष्य : लक्ष्मीकांत

महिला कार्यकर्ताओं ने अनोखे ढंग से कमल फूल के साथ जोहार लिख कर प्रभारी का स्वागत किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के महामंत्री और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रदेश प्रभारी का प्रदेश कार्यालय में पहुंचने पर महिला कार्यकर्ताओं ने अनोखे ढंग से कमल फूल के साथ जोहार लिख कर उनका स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रभारी बनने के बाद पहली बार झारखंड दौरे पर आये लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रांची प्रदेश कार्यालय में कहा कि किसी भी नेता का निर्माण कार्यकर्ता करता है और उसकी रक्षा भी कार्यकर्ता करता है। कार्यकर्ता हमारा भगवान है और इसके मान सम्मान का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है। इसी मूलमंत्र के साथ मैं झारखंड में काम करने आया हूं।

लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि उन्हें केंद्रीय नेतृत्व ने सिर्फ सांगठनिक कार्यों के लिए झारखंड की जिम्मेदारी दी है। हम कार्यकर्ताओं की बदौलत झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने की कोशिश करेंगे। उत्तरप्रदेश के राजनीतिक अनुभव को साझा करते हुए लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि कल्याण सिंह हमारे राजनीतिक गुरु हैं और उनके नेतृत्व में कभी 53 सीटें लोकसभा की जीती गयी थीं, मगर उसके बाद हमने उनसे जो सीखा, उसके बल पर 80 में से 73 सीट जीत कर पार्टी की झोली में दिया। वह सफलता सिर्फ और सिर्फ कार्यकर्ताओं की बदौलत मिली थी। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि झारखंड में भी मैं सभी 14 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चला हूं। यदि आवश्यकता पड़ी और केंद्रीय नेतृत्व की अनुमति हुई तो मैं रांची में एक दो कमरे का मकान लेकर रहूंगा और हर जिले में कार्यकर्ताओं के बीच जाऊंगा। इससे पूर्व प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राजधानी के जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की और मंदिर परिसर के बाहर पौधरोपण भी किया। इस दौरान उनके साथ रांची सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जयसवाल समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बाद में प्रदेश प्रभारी ने जगन्नाथपुर बस्ती में बूथ नंबर 193 के अध्यक्ष अनमोल मुंडा जी के घर पारंपरिक जलपान ग्रहण किया।

प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से उनके आवास में मुलाकात की। प्रदेश प्रभारी का रघुवर दास ने शाल ओढ़ा कर अपने आवास में स्वागत किया। उनके आगमन को लेकर रघुवर दास ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के झारखंड प्रवास से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है।

झारखंड की सरकार का जाना तय है : बाबूलाल

सुधीर सिन्हा

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को जमुआ चौक पर चाय की दुकान पर कार्यकर्ताओं के साथ चाय की चुस्की ली। इस बीच वहां पहुंचे पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि 1932 के खतियान की बात हमने भी कही थी। कहा कि नियोजन नीति बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार जानी तय है। कहा कि हेमंत को अपने विधायकों पर ही विश्वास नहीं।

तभी तो विधायकों को लेकर इधर-उधर घूमते और छिपते रहे। कहा कि बिना आवश्यकता के विश्वास मत प्रस्ताव लाने की जरूरत क्यों पड़ी। कहा कि झारखंड में सारा सिस्टम फेल है। विकास की गति थम गयी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। आदिवासियों, दलितों और अमन पसंद लोगों को टारगेट कर उन पर हमले किये जा रहे हैं। बाबूलाल मरांडी के स्वागत में सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर यादव, भाजपा हिरोडीह मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जमुआ मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, शाली के मुखिया निजामुद्दीन अंसारी, बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव, कृष्णदेव राय, अमित नारायण देव सहित कई लोग मौजूद थे।

विधानसभागार में आभार सम्मेलन 28 को : आलोक दुबे

सीएम हेमंत सोरेन और डॉ रामेश्वर उरांव को धन्यवाद दिया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार की नौकरियों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की मंजूरी देने के लिए झारखंड प्रदेश ओबीसी उत्थान समिति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं ओबीसी की आवाज वरिष्ठ मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सहित कैबिनेट के सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट करती है। समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि एक भव्य समारोह 28 सितंबर को

झारखंड विधानसभागार में आभार सम्मेलन आयोजित कर मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को ऐतिहासिक फैसले के लिए धन्यवाद दिया जायेगा एवं कृतज्ञता प्रकट की जायेगी। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आलोक कुमार दुबे ने कहा पिछले 22 वर्षों से ओबीसी समाज अपने आबादी के अनुपात में 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग पुरजोर तरीके से करता रहा, लेकिन किसी सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हेमंत सोरेन की सरकार ने जो सम्मान दिया है। पूरा ओबीसी समाज गदगद है। उन्होंने कहा कि सरकार में रहते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने सबसे पहले अपनी ही सरकार से पिछले वर्ष 1 अगस्त 2021 को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग की थी और आज उसी का नतीजा है कि ओबीसी को उनका अधिकार मिला है। इसके लिए गठबंधन सरकार की जितनी भी प्रशंसा की जाये, वह कम होगी।

आभार सम्मेलन की सफलता के लिए संचालन समिति का गठन किया गया है। इसमें मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव, अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता छोटू, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार महतो, मीडिया/सोशल मीडिया प्रभारी शंकर साहू, व्यवस्था प्रभारी अभिषेक साहू, प्रचार प्रभारी संजीत यादव और प्रोटोकॉल प्रभारी प्रदीप साहू शामिल हैं।

www.epaper.azadsipahi.com

24 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 334

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

जनसंख्या नियंत्रण पर भी बोले मोहन भागवत
हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए बढ़ाना होगा संवाद



लिफाफा चिपक गया है, खुल नहीं रहा है : राज्यपाल

रांची (आजाद सिपाही)। पिछले कुछ दिनों से झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में चुनाव आयोग की रिपोर्ट पर जम कर राजनीति हो रही है। पहले यूपीए के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिल कर रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आग्रह किया, फिर मुख्यमंत्री ने उनसे मिल कर रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की। लेकिन अब तक रिपोर्ट को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। शुक्रवार को जब पत्रकारों ने राज्यपाल से चुनाव आयोग की सील बंद रिपोर्ट पर सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा कि लिफाफा चिपक गया है, खुल नहीं रहा है।

एनआइए रेड के बाद केरल में पीएफआइ का हिंसक प्रदर्शन

आरएसएस ऑफिस पर फेंके बम, पुलिस पर किया हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। एनआइए ने 15 राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के 93 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके विरोध में पीएफआइ ने शुक्रवार को केरल बंद बुलाया था। बंद के बीच राज्य में कई जगहों पर हिंसा भड़क गयी। पूरे राज्य में सार्वजनिक परिवहन की बसों पर पथराव होने, दुकानों, वाहनों को क्षति पहुंचाने और हिंसा की घटनाओं की भी सूचना मिली है।

केरल में हिंसा के बाद पीएफआइ के 500 लोग अरेस्ट किये गये हैं। कन्नूर के मट्टनूर में आरएसएस ऑफिस पर पेट्रोल बम फेंके गये। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर पुलिस मौजूद है। पुलिस के मुताबिक, कोल्लम में मोटर साइकिल सवार पीएफआइ कार्यकर्ताओं ने दो पुलिसकर्मियों पर हमला किया।

70 सरकारी बसें क्षतिग्रस्त : राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगभग 70 सरकारी बसों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, कई जगहों पर बम फेंके गये। कन्नूर में आरएसएस के कार्यालय पर बदमाशों ने हमला किया। कन्नूर में एक पीएफआई कार्यकर्ता को जिंदा बम के साथ पकड़ा गया है। 200 से अधिक पीएफआइ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। कुछ जगहों पर एंबुलेंस पर भी पथराव किया गया। हिंसा में 12 बस यात्री और छह चालक घायल हुए हैं।

केरल उच्च न्यायालय ने लिया हिंसा का स्वतः संज्ञान : केरल उच्च न्यायालय ने पीएफआइ की हड़ताल और राज्य में हुई हिंसा की घटनाओं पर संज्ञान लिया है। अदालत ने कहा कि हड़ताल पर उसने पहले ही रोक लगा रखी है और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना स्वीकार नहीं किया जायेगा। अदालत ने राज्य प्रशासन को उसके हड़ताल पर प्रतिबंध संबंधी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। हाइकोर्ट ने पुलिस से पीएफआइ के राज्य सचिव ए अबूबकर के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए कहा है।

मुख्यमंत्री का सेविका-सहायिकाओं ने किया स्वागत

आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित किया जायेगा : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित किया जायेगा। यहां बिजली-पानी और शौचालय समेत सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं को यह भरोसा दिलाया। उन्होंने यह भी कहा कि आपके सुरक्षित भविष्य के लिए मानदेय एवं सुविधाओं को लेकर सरकार आगे भी ठोस निर्णय लेती रहेगी। इतना ही नहीं, संसाधन जुटाये जा रहे हैं, ताकि आपको बोनस दिया जा सके। इस अवसर पर सेविका- सहायिकाओं ने राज्य सरकार द्वारा चयन एवं मानदेय (अन्य शर्तों सहित) नियमावली - 2022 को मंजूरी देने के लिए हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताते हुए स्वागत किया।

आपकी समस्या को लेकर मुझे होती थी पीड़ा : मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी दीदियों की समस्या को लेकर हमें भी काफी पीड़ा होती थी। जब आपके आशीर्वाद से हमारी सरकार बनी, तो हमने यह निर्णय लिया कि आपकी समस्याओं का समाधान होगा। इसी कड़ी में हमने आपके लिए नयी मानदेय और सेवा शर्त नियमावली बनायी है, ताकि आप और आपके परिवार और आने वाली पीढ़ी को बेहतर जीवन और सुरक्षित भविष्य दे सकें।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण शुरू होगा : मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का पहला चरण काफी कारगर रहा था। अब इस कार्यक्रम का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। लोगों से आग्रह है कि इस चरण में भी सरकार की योजनाओं से जुड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भी व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए उसका निराकरण करेंगे।

राज्य के स्वाभिमान और राज्य वासियों के मान सम्मान से समझौता नहीं करेंगे : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड गरीब - पिछड़ा राज्य नहीं है। लेकिन, इसे पिछड़ा बनाया गया है। पिछले 20 सालों में इस राज्य और यहां के जनमानस के प्रति सरकारों की संवेदना नहीं रही। जब से हमारी सरकार आयी है, हम मूलवासियों आदिवासियों सहित सभी गरीब और जरूरतमंद लोगों के हित में निर्णय ले रहे हैं । हम किसी भी कीमत पर राज्य के स्वाभिमान और राज्य वासियों के मान सम्मान से समझौता नहीं करने वाले हैं। आपको आपका हक और अधिकार हर हाल में देंगे।

सुखाड़ से जंग जीतेंगे : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कम बारिश की वजह से झारखंड में सुखाड़ के हालात पैदा हुए हैं। राज्य सरकार इसे लेकर काफी चिंतित है। ऐसे में किसानों-मजदूरों और ग्रामीणों के लिए कई योजनाएं लेकर आ रहे हैं, ताकि, उन्हें अपने ही गांव- घर में रोजगार मिल सके और उनका पलायन नहीं हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी मदद से हम निश्चित तौर पर सुखाड़ से जंग में जीत हासिल करेंगे।



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 24 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com

15 लाख का इनामी माओवादी दीपक यादव ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया हजारीबाग

झारखंड - बिहार के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं 56 से अधिक मामले

दीपक सिंह

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। 17 वर्षों से हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, लातेहार एवं बिहार के गया समेत कई जिलों में पुलिस के लिए सिरदर्द बना 15 लाख का इनामी भाकपा माओवादी का सक्रिय कमांडर दीपक यादव उर्फ कारू यादव को महाराष्ट्र के एटीएस टीम ने मुंबई के नालासोपारा क्षेत्र से धर दबोचा। दीपक यादव उर्फ कारू यादव नालासोपारा क्षेत्र में रह अपना इलाज करवा रहा था। दीपक यादव उर्फ कारू यादव हजारीबाग जिला के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के धौठवा (आरा गुसाई) गांव के रहने वाला है। इस सफलता पर एसपी मनोज रतन चौथे ने अपने कार्यालय सभागार में मीडिया से मुखातिब हुए। बताया की गत 18 सितंबर को गुप्त सूचना मिली थी की भाकपा माओवादी का वरीय कमांडर दीपक यादव उर्फ कारू यादव अपनी बीमारी का इलाज महाराष्ट्र के मुंबई के नालासोपारा में रहकर करवा रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एटीएस मुंबई के साथ समन्वय बनाकर सीसीआर डीएसपी आरिफ एकराम के नेतृत्व में कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी एवं अन्य सशस्त्र बलों के साथ एक टीम को मुंबई भेज कर दीपक यादव उर्फ कारू यादव को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर हजारीबाग लाया गया। प्रेस कॉफ्रेंस में एसपी मनोज रतन चौथे के अलावा सीसीआर डीएसपी आरिफ एकराम, बड़का गांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, डीएसपी हेडक्वार्टर राजीव कुमार, कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, आनंद आजाद शामिल थे।

दीपक यादव उर्फ कारू यादव का आपराधिक इतिहास

दीपक यादव उर्फ कारू यादव 2004-5 में जमीन विवाद के कारण प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी से जुड़ गया। इसने 17 वर्षों में कई हत्याएं, धमकी एवं लेवी वसूलने के साथ-साथ पुलिस के साथ मुठभेड़ की घटना को अंजाम दिया गया। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण लातेहार के कटिया जंगल में जनवरी 2013 में पुलिस मुठभेड़ में इसकी दुर्दांत रवैया के कारण 6 पुलिस जवान शहीद हुए थे। इसी मुठभेड़ में 2 शहीद जवान के पेट चीरकर बम विस्फोटक लगाकर चार अन्य को मारा था। इसके द्वारा वर्ष 2020- 21 में 1 महीने के अंदर ही मयूरहंड, सिमरिया एवं पत्थरगढ़ा क्षेत्र के 3 पुलिस मुखबिर की निर्मम हत्या की गई थी। वर्ष 2007 में गिरिडीह में होमगार्ड शस्त्रागार से एवं वर्ष 2006 में खासमहाल बोकारो कैंप में हमला कर हथियार लूटने के अलावे दर्जनों हत्या, लेवी वसूली, आर्म्स एक्ट में विस्फोट के कारण उस पर विभिन्न जिलों में करीब 60 से अधिक मामले दर्ज है।

दीपक यादव पर दर्ज हैं 56 से अधिक मामले

दीपक यादव उर्फ कारू यादव पर 56 से अधिक मामले झारखंड एवम बिहार के अलग अलग थानों में दर्ज हैं। जिनमे, गिरिडीह के मुफस्सिल थाना में 290/12, केरेडारी थाना में कांड संख्या 81/08, चरही थाना में कांड संख्या 504/ 8, 42/9, 56/09, कटकमसांडी थाना में कांड संख्या 213/6, 385/7, 56/9, 72/7, महुआडड़ थाना कांड संख्या 57/ 14, 50/14, 68/14, 35/15, इटखोरी थाना में कांड संख्या 69 ऑब्लिक 7 चतरा सदर थाना में कांड संख्या 83/ 7 और 130/7,थाना में कांड संख्या 9 ऑब्लिक 15 सिमरिया थाना में कांड संख्या 26/ 9 और 80/15,0वरही थाना में कांड संख्या 42/9 और 56/9, पत्थलगढ़ा थाना में 87/14,पेटरवार थाना में 146/14, बेरमो गांधी नगर थाना में 151/15 समेत अन्य थानों में मिलाकर 56 से अधिक मामले दर्ज हैं।

दुर्गा पूजा को लेकर आदर्श ग्राम जरबा में सफाई अभियान चलाया गया

चरही (आजाद सिपाही)। आदर्श ग्राम जरबा में चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक के नेतृत्व में दुर्गा पूजा समिति जरबा द्वारा दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया। ग्राम जरबा का हाई स्कूल से लेकर मंदिर प्रांगन होते हुए ढ्बा गढा तक सफाई अभियान चलाया गया है इस कार्य में जेसीबी एंव ट्रैक्टर को भी लगाया गया है। और साथ ही पुजा समापन तक रोड में पानी बहाने पर पुर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। पुजा पंडाल बहुत ही आकर्षित एंव भव्य तरीके से बनकर अंतीम रूप दे दिया गया है पुजा को लेकर काफी चहल पहल देखा जा रहा है। इस क्रम में ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित पूजा समिति के अध्यक्ष जागेश्वर प्रजापति, सचिव किशोर कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुखेंद्र कुमार राय, शिवप्रसाद, जुगल किशोर, सुधीर कुमार, दिलीप कुमार, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, एवं एसके एंड ग्रुप के लोगों ने शामिल हुए।

परासी पंचायत भवन और पुराना इचाक पंचायत भवन में चिकित्सा कैंप आज

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज हजारीबाग द्वारा संचालित जीएम फामेर्सी एंड नर्सिंग कॉलेज इचाक, ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड पारा मेडिकल एंड नर्सिंग स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा इचाक प्रखंड के परासी पंचायत भवन और पुराना इचाक पंचायत भवन में प्राथमिक चिकित्सा कैंप का आयोजन आज सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। इस चिकित्सा शिविर में लोग शिविर का लाभ उठा कर जांच करवा सकते हैं। जिसमे ब्लड शुगर, बीपी, मलेरिया, टाइफाइड, सर्दी जुकाम एवं अनेक प्रकार के बीमारियों का सफल इलाज किया जाएगा और दवाई भी फ्री दिया जाएगा। इसकी जानकारी जीएम ग्रुप के निदेशक शंभू कुमार और जीएम महाविद्यालय इचाक के प्रभारी पंकज कुमार ने दी।

प्ले स्कूल में बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय के सहाना रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल में इंडसइंड बैंक द्वारा बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार और बैंक कर्मी मनीषा ने बच्चों को पेंटिंग कीट उपलब्ध करवाए। साथ ही पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। बैंक प्रबंधक मुकेश कुमार ने कहा कि बच्चों के लिए ऐसे आयोजनों से प्रतिभा का विकास होता है और उनमें आगे अच्छा करने की भावना आती है। मौके पर स्कूल निदेशक मधु कुमारी ने बताया कि स्कूल की ओर से नगर के छोटे बच्चों के लिए बेबी शो के साथ ही अन्य आयोजन भी किए जायेंगे। स्कूल की प्रधानाचार्या श्वेता सरकार ने आगामी कार्यक्रमों और आयोजनों के बारे में बताया। इस दौरान स्कूल टीचर सपना, स्नेहा भी मौजूद थीं। वहीं बच्चों में मयंक सिंह, आराध्या वर्मा, श्रद्धा पांडेय, शौर्या कुमार, साध्या मेहता, तक्ष गंजू, माहेश्वरी, अनाया अनवर, अनन्या कुमारी युवराज, आदित्य बल्लभ, रेयांश पांडेय, सनिश कुमार राज, सक्षम कुमार, हृदयांश कृष्णा ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

अभियान चलाकर छोटे-बड़े वाहनों की हुई जांच

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। आगामी दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड प्रशासन काफी चुस्त व दुरुस्त है। गुरुवार की रात मरकच्चो पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर संघन वाहन जाँच अभियान चलाया। वहीं मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित नावाडीह चौक पर आने जाने वाले सभी छोटे बड़े वाहनों की जांच किया गया। थाना प्रभारी सुमित कु. साव ने कहा कि लगातार बढ़ते अपराध और दोपहिया वाहनों की हो रही दुर्घटनाओं को लेकर वाहन जांच चलाया जा रहा है। ड्रिंक ड्राइविंग के खिलाफ अभियान को सख्ती से लागू किया जा रहा है। जैसा कि हमने अतीत में देखा है कि यह घातक सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। मौके पर थाना प्रभारी सुमित कु. साव, एसआई कुंदन कुमार व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

इस बार हाथी पर सवार होकर आयेंगी मां दुर्गा : आचार्य राजकुमार शास्त्री

डोमचांच (आजाद सिपाही)। इस बार हाथी पर सवार होकर आएगी मां दुर्गा। वर्षा होने की संभावना है। पितृ पक्ष के बाद शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नवराते इन नवरात्रों और 10 दिनों के दौरान शक्ति देवी की नौ रूपों की पूजा की जाती है। ये नौ रातों और 10 दिनों की पूजा में इस बार हाथी पर सवार होकर आएगी मां दुर्गे। आचार्य राजकुमार शास्त्री देवी ने बताया कि 9 दिन भक्तों के लिए बहुत महत्व रखते हैं। भक्त इस महापर्व के लिए साल भर से इंतजार करते हैं और उत्सव रहते हैं और मां दुर्गा का स्वागत पूर्ण भक्ति भाव से करते हैं। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी 26 सितंबर से नवरात्रि का महापर्व शुरू हो रहा है जो कि 5 अक्टूबर तक पूरे भक्ति भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और जीवन के सारे दुख दर्द दूर हो जाते हैं। इस बार मां दुर्गा महारानी हाथी पर सवार होकर आएगी। यह नवरात्रि संस्कृत परंपरा के अनुसार हिंदू धर्म में सबसे बड़े त्यौहार में से एक है जिसे पूरे परिवार के साथ मिलजुल कर भक्ति भाव से मनाते हैं और देवी मां से सुख समृद्धि की कामनाएं करते हैं। नवरात्रि का पर्व मनाने से भक्तों में भक्ति की भाव वृद्धि होती है साथ ही परिवार में आपसी प्रेम भी बनता है।

सांप ने डंसा, इलाज के दौरान हुई मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के सतगावां थाना अंतर्गत कोठियार मे बीती रात सांप ने एक व्यक्ति को डंस लिया जिसकी इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक की पहचान अर्जुन राय (उम्र 46 वर्ष, पिता माधे राय, ग्राम कोठियार) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात खाना खाकर अपने रूम में सो रहे थे। सोने के दौरान अचानक जहरीला सांप ने डंस लिया। शुक्रवार की सुबह जब तबीयत बिगड़ने लगी तब सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई।

प्रोजेक्ट रेल के तहत बच्चों का साप्ताहिक टेस्ट

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल विकसित करने एवं आगामी मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक बार फिर से प्रोजेक्ट रेल की शुरूआत की गई हैं। प्रोजेक्ट के तहत शुक्रवार को जिले के लगभग सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 09 से लेकर कक्षा 12 (विज्ञान व कला संकाय) तक के छात्र- छात्राओं का साप्ताहिक टेस्ट लिया गया। 9 और 10 क्लास के बच्चों का सामाजिक विज्ञान विषय का टेस्ट था वहीं 11 क्लास के बच्चों का केमिस्ट्री विषय और बारहवीं कक्षा (विज्ञान संकाय) के छात्रों का केमिस्ट्री विषय व कला संकाय के छात्रों का इतिहास विषय का टेस्ट लिया गया।

सत्र नियमितीकरण विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता : कुलपति

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय का पूरे राज्य में महत्वपूर्ण स्थान है। यह राज्य का पहला विश्वविद्यालय है जिसने कई शैक्षणिक क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई है। उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने शुक्रवार को सीधा संवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विवेकानंद सभागार में कहीं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्र का नियमितीकरण उनकी पहली प्राथमिकता है ताकि यहां से सफल होने के बाद बाहर जाकर पढ़ने के लिए या नौकरी करने के लिए किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। कुलपति ने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए दी जा रही कई सुविधाओं की चर्चा की और कहा कि पुस्तकालय का नियमित रूप से विद्यार्थी उपयोग करें। विश्वविद्यालय प्रयास है कि सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक पुस्तकालय खुला रहे और इसका लाभ छात्र छात्राओं को मिल सके। उन्होंने कैंपस में ई-रिक्शा की सुविधा शुरू किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छात्राओं को अब मुख्य द्वार से विभाग तक जाने आने में कठिनाई नहीं हो रही है। डॉक्टर देव ने कहा कि बिना परिश्रम के कुछ भी हासिल नहीं हो सकता इसलिए समय का सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें। डॉक्टर देव ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी एक दूसरे के पूरक है एक के बिना दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में अंग्रेजी, उर्दू संस्कृत, फिलासफी, टीआरएल के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को भी रखा। रुसा के संयोजक डॉ चंद्रशेखर सिंह ने विषय प्रवेश करते हुए कार्यक्रम की सार्थकता पर प्रकाश डाला।

पोषण माह में जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। कर्णपुरा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में शुक्रवार को पोषण माह में जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने की, उन्होंने कहा कि संतुलित आहार के साथ संतुलित कार्य भी अपनाएं, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने संचालन किया। और कहा कि पोषण की स्थिति के प्रति समाज व देश को जागरूक करना है साथ ही ऐसे लोगों को हर संभव सरकारी सहायता प्रदान कराना है प्रो. ललिता कुमारी ने कहा कि इस भोजन का मुख्य उद्देश गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं किशोरियों नवजात शिशु के पोषण की स्थिति के प्रति जागरूक करना, प्रो. अनु कुमारी ने कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए सभी पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है साग सलाद एवं हरी सब्जी के भोजन से मानव स्वास्थ्य रहता है इससे मानसिक तथा शारीरिक विकास होता है जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। मौके पर पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर, प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज प्रो. मोहम्मद फजरुद्दीन, प्रो. नरेश कुमार दांगी प्रो. रंजीत प्रसाद प्रो. ऋतुराज ,प्रो. पवन कुमार प्रो. ललिता कुमारी प्रो. अनू कुमारी डॉ. चंद्रशेखर राणा एवं छात्र छात्राओं में शामिल बबलू कु. संदीप कु. आनंद, राजन, सीमां, सोनी, नेहा, सचिन, खुशबू, नीतू अंजलि, ललिता, अफसाना के अलावा अन्य लोगों उपस्थित थे।

बड़कागांव में आजसू पार्टी का प्रखंड स्तरीय महिला सम्मेलन संपन्न

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार बड़कागांव आजसू पार्टी के प्रखंड इकाई के तत्वाधान में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिस में मुख्य रूप से महिलाओं पर हो रहे अत्याचार व सशक्तिकरण पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में महिलाओं पर अत्याधिक अत्याचार बढ़ा है। हर दिन कहीं ना कहीं महिलाओं को उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है। आज झारखंड की आधी आबादी महिलाओं पर हो रहे बलात्कार और हत्या से सहमी हुई।आगे उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाएगी और सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगी। वही पार्टी के प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस ने कहा कि झारखंड में आजसू पार्टी के सरकार में आने के बाद महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन करके उन्हें हर मोर्चे पर सशक्तिकरण के मार्ग को प्रशस्त किया जाएगा।सम्मेलन में मुख्य रूप से पार्टी के सचिव मनोज कुमार दांगी, जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, प्रखंड प्रवक्ता, तापेश्वर कुमार तापस पंचायत अध्यक्ष बबलू पासवान, विनोद राम, कृष्णा राम, सोनू गुप्ता, तुलेश्वर महतो, बंधन महतो, बीना देवी, गीता देवी, कविता देवी, पुष्पा गुप्ता,जयंती गुप्ता, सरिता देवी, पार्वती देवी, बिजली देवी,आशा देवी, पारो देवी, सुनीता देवी, चांदो देवी, सावित्री देवी, सुमित्रा देवी, कंचन देवी, मंजू देवी, गायत्री देवी, रूपा देवी, भारती देवी, प्रेमा देवी, किरण देवी, इत्यादि सैकड़ों लोग लोग शामिल थे।

बादलों और सूरज की लुका-छुपी होती रही

खगोल प्रेमी पूरब की ओर नजरें टिकाये रहे, बादल छाये रहे

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिला के बड़कागांव स्थित पंकरी बरवाडीह के मेगालिथ स्थल से शुक्रवार को सूर्य को उत्तरायण से दक्षिणायण की ओर करवट लेने का नजारा सूर्योदय के दौरान लोग नही देख पाये। हालांकि 7:00 बजे सुबह के बाद बादल छटने के बाद लोगों ने सूरज को देखा। लेकिन तबतक सूरज ऊपर चढ़ चुका था। मेगालिथ स्थल पर खगोल प्रेमी 23 सितंबर को सुबह पांच बजे से ही जुट गये थे ।और बादल छंटने का इंतजार कर रहे थे।सुबह 7:00 बजे तक बादल पूरब दिशा के क्षितिज पर छाया हुआ था। जिससे अधिकांश खगोल प्रेमी निराश होकर लौटने लगे। 7 :00 बजे सुबह तक धीरे-धीरे एकाएक बादल छंटने से लोग उत्साहित हो गये ।और इस अलौकिक नजारे को देखा।

इक्विनोक्स पॉइंट को संरक्षण देने की मांग

सोशल साइंस शिक्षक संजय सागर, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ,अनुज कुमार महतो ,अनिल कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ,संतोष कुमार, रंजीत कुमार साहू समेत सैकड़ों लोग इक्विनोक्स देखने आया था इन लोगों ने इस स्थल को संरक्षण देने की मांग की।

भारत में सिर्फ बड़कागांव में देखने को मिलता है नजारा

इक्विनॉक्स के कारण होनेवाली ऐसी खगोलीय घटना बेल्जियम, इंग्लैंड व मध्य अमेरिका में भी देखा जाता है। भारत में झारखंड के बरकागांव के पंकरी बरवाडीह में यस दृश्य देखने को मिलता है। संजय सागर ने बताया कि यह स्थल मध्य अमेरिका के माया सभ्यता व एजटेक सभ्यता से मिलती-जुलती है, जो 35000 ईसा पूर्व माना जाता है।उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक वर्ष 21 मार्च व 23 सितंबर को रात-दिन बराबर होने के कारण सूर्य की किरणें विषुवत वृत्त पर सीधी पड़ती है। ऐसी स्थिति में कोई भी ध्रूव सूर्य की ओर नहीं झुका होता है, जिस कारण पृथ्वी पर दिन व रात बराबर होता है। 23 सितंबर को उतरी गोलार्द्ध में शरद ऋतु होती है, जबकि दक्षिणी गोलार्द्ध में वसंत ऋतु होती है। 21 मार्च को स्थिति इसके विपरीत होती है।जब उतरी गोलार्द्ध में वसंत ऋतु व दक्षिणी गोलार्द्ध में शरद ऋतु होती है. इस कारण पृथ्वी की घुर्णन व परिक्रमण गति के कारण दिन रात व ऋतुओ में परिवर्तन होता है। इस कारण 21 मार्च के दिन और रात बराबर होती है, इसलिए सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर करवट लेते दिखाई पड़ता है।

आजसू पार्टी की महिला मोर्चा का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन संपन्न

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड में आजसू पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देशानुसार आजसू पार्टी केरेडारी प्रखंड महिला प्रकोष्ठ का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की गयी। इस सम्मेलन के माध्यम से केरेडारी प्रखंड में आजसू पार्टी महिला प्रकोष्ठ का कमेटी गठन किया गयो जिसमें अध्यक्ष पद हेतु सर्व सम्मति से राधा देवी तथा सचिव पद हेतु आशा देवी का चयन किया गया। वही किरण देवी को कार्यकारी अध्यक्ष, रेखा देवी, भारती देवी,चंचल देवी व रूपा देवी को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार निशा कुमारी व लक्ष्मी देवी को सह सचिव, लीलावती देवी को कोषाध्यक्ष व राधा देवी को संगठन सचिव बनाया गे है जबकि यशोदा देवी, बुधनी देवी, सपना देवी, देवंती देवी, पिंकी देवी को कार्यकारिणी सदस्य में स्थान मिला है इस कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय सदस्य पंकज साहा ने अपने संबोधन में पार्टी के नीति और सिद्धांत को विस्तार पूर्वक रखा और महिला प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना दिया। हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष -भोला महतो ने कहा की झारखंड में महिला समूह जो चल रहा है और महिला चौपाल से बाहर निकली है तो इसमें कहीं ना कहीं आजसू पार्टी व सुदेश महतो की देन है। केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष- बैजनाथ महतो पार्टी के नीति सिद्धांतो को रखते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राधा देवी एवं संचालन प्रखंड सचिव मोहन कुमार ने कियो मौके पर केंद्रीय सदस्य- पंकज शाहा, जिला उपाध्यक्ष भोला महतो, प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष महेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष कंचन यादव, अरुण साव, विकास कुमार, ईश्वर राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

सदर प्रखंड में आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड सभागार में बाल विकास परियोजना हजारीबाग ग्रामीण में द्वारा पोषण माह के अंतर्गत आंगनवाडी सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया. जिसमें एनीमिया की रोकथाम उसका प्रबंधन किशोर किशोरी की लाइन सूची बनाना मासिक धर्म और साफ-सफाई तथा स्वच्छता के विषय पर सेविकाओं को प्रशिक्षित किया गया. इस प्रशिक्षण सत्र में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शैलबाला के साथ-साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रवीण नाथ, महिला पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी, अंजनी कुमारी, अन्विता सेना और बीपीएम अजय कुमार उपस्थित थे. प्रशिक्षण के साथ-साथ गोद भराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी किया गया सेविकाओं को आयरन की गोलियां और छोटे बच्चों के लिए आयरन का सिरप भी वितरित किया गया।

झामुमो कार्यकर्ताओं ने बिनोद बिहारी की जयंती मनायी

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति बिष्णुगढ़ ने ब्लॉक रोड स्थित आवासीय कार्यालय में पार्टी के संस्थापक स्व बिनोद बिहारी महतो का 99 वां जयंति समारोह मनाया गया। साथ ही कहा गया कि आगामी 27 सितंबर को गौरव पटेल के नेतृत्व में गिरिडीह के पूर्व सांसद स्व टेकलाल महतो पुण्य तिथि मनाया जाएगा।समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य कपिल चौधरी ने की। संचालन प्रखंड सचिव सह 20 सूत्री सदस्य संजय प्रजापति ने किया।मौके पर सबों ने बारी बारी से स्व बिनोद बिहारी महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने कहा कि बिनोद बाबू झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता थे और आज हमे झारखंड अलग राज्य मिला है तो उनका बहुत बड़ा योगदान है। समाज के प्रति उनका सोंच हमेशा प्रगतिशील रहा है।वे कहते थे कि लड़ना है तो पढ़ना सीखो आज भी समाज के लिए उतना ही प्रासंगिक है जितना कल था।आज की युवा पीढ़ी को उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है।बिनोद बाबू संस्कृति प्रेमी थे उन्होंने हमेशा झारखंड की भाषा संस्कृति कला साहित्य को बढ़ावा देने का कार्य किया।प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने कहा कि विनोद बाबू के संघर्षों को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है, एवं उनके नारे पढ़ो और लड़ो को अपने जीवन अपने समाज में सार्थकता के साथ शामिल करने की आवश्यकता है। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील अकेला , कार्यालय प्रभारी संजय पटेल, संतोष पटेल, जितेंद्र यादव, छोटू हंसदा, बंधु महतो कपिल देव कुमार वीरेंद्र पटेल सुनील कुमार, रामकिशन महतो मुकेश महतो डेगलाल महतो, डीएम राज, गंगाधर महतो, समेत कई लोग उपस्थित थे।

मानव जीवन पर आधारित पुस्तक जीवन और मृत्यु का सारांश : हरिनारायण साह

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। प्राप्तस्य प्राप्ति नामक पुस्तक के लेखक रामगढ जिला में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी हरनारायण साह उर्फ अनंतानंद मानव द्वारा लिखित पुस्तक की जिले के बिभिन्न क्षेत्रों में हो रही हैं चर्चा,पुस्तक में लिखी गई बातें की सराहना लोगों ने किया है।लोगों ने बताया पुलिस पदाधिकारी की पहचान आम जनता की सुरक्षा व्यवस्था करते हुए शांति व्यवस्था को बनाये रखना होता है।लेकिन इस पुस्तक के विमोचन के बाद पुलिस पदाधिकारी के ऐसे चेहरे को लोग तारीफ करते नहीं थकते।पुस्तक के लेखक हर नारायण शाह उर्फ अनंतानंद मानव द्वारा कड़ी चुनौतियों का सामना करने की बात करते हुए बताया कि लातेहार के कर्मडीह जंगलों में आठ दिनों तक अनवरत मृत्यु साधना के परिणाम स्वरूप मिले हुए ज्ञान का चित्रण इस पुस्तक में किया गया है।जिसके फलस्वरूप मैंने इस पुस्तक का नाम प्राप्तस्य प्राप्ति रखा है अर्थात पुस्तक का शाब्दिक अर्थ प्राप्त चीजो की प्राप्ति करना।बताते चलें कि पुस्तक का विमोचन बीते दिन हिंदी दिवस के अवसर पर रामगढ महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अनामिका द्वारा किया गया था।पुलिस पदाधिकारी श्री साह का गरीब व असहाय लोगों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव रहा है जिसके कारण पिछले दो साल पूर्व कोरोना के विकट परिस्थितियों में बरकाकाना ओपी प्रभारी रहते हुए सत्तर दिनों तक निशुल्क भोजनालय की व्यस्था की थी जिससे पुलिस प्रसाशन सहित आमलोगों में एक अलग व्यक्तित्व झलकता है।

अवैध कोयला लदी मोटरसाइकिल जब्त

विष्णुगढ़ (आजद सिपाही)। विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने अरजरी के पास से अवैध कोयला लोड एक मोटरसाइकिल को रंगे पकड़ा ।इस बाबत बिष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 198/22 दिनांक 23.09.22 धारा 414 /34 भाङ्गदङ्गविङ्ग, 30 ()कोल माइन्स एक्ट एवं 33 भारतीय वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मोटरसाइकिल चालक प्रकाश साव पिता मोदी साव ग्राम करमाटांड़ थाना आईङ्गईङ्गएलङ्ग, जिला बोकारो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जब्ती 16 बोरी कच्चा स्टीम कोयला वजन करीब 480 किलोग्राम।



बाराटांड़ में मुख्य रास्ता हुआ क्षतिग्रस्त ग्रामीणों ने मरम्मत की लगायी गुहार

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। गोरहर पंचायत के बाराटांड़ गांव स्थित कटहर टोला एवं रंगनिया जाने वाली मुख्य पथ क्षतिग्रस्त हो गया।बताया गया बरसात में भारी बारिश से कच्चा रास्ता का मिट्टी लगभग 20 फिट बह गया।मिट्टी के कटाव से रास्ता अवरुद्ध हो गया।लोगो को आने जाने में मुश्किल हो रही है। इस रास्ते से वाहन व बाइक का चलन मुश्किल हो गया।राहगीरों के लिए परेशानी बढ़ गया।रास्ते की मरम्मती को लेकर ग्रामीणों जे साथ बिससूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचे।जहां बीडीओ से मिलकर रास्ते की समस्या से अवगत कराया।साथ ही ग्रामीणों ने रास्ते की मरम्मती को लेकर एक ज्ञापन भी सौपा गया।प्रदीप प्रसाद ने बीडीओ से कहा कि दुर्गा पूजा के पहले रास्ता मरम्मती कराई जाए।मौके पर बासुदेव महतो,मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल्ह,पुनीत महतो,रामदेव पासवान,हेमलाल महतो, जगदीश महतो,लखन कुमार ,हीरालाल महतो उपस्थित थे ।

जिउतिया मेला झारखंड की संस्कृति की पहचान है : रोशन लाल चौधरी

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के तालाटांड़ गांव में बुधवार को जिउतिया मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिउतिया मेला झारखंड की संस्कृति पहचान है। यह दिलो के रिश्ते को और मजबूत करती है। मेला के दौरान सोलिया, पलानी, उचरिंगा, बिरसा मार्केट, कटिया, बरतुआ, बेती आदि कई गांव से भारी संख्या में लोग जुटे। साथ ही यहां मेला के अवसर पर आयोजित नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष बलदेव मुंडा सचिव सुरेश करमाली कोषाध्यक्ष रघुनाथ महतो, वीना देवी, पंचम मुंडा,सुरेश महतो, राजू साहू , बालदेव मुंडा, रघुनाथ महतो, महेश मुंडा, सविता देवी, शाती देवी, वालदेव मुण्डा, विकास कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

भदानीनगर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भदानीनगर पुलिस ने कांड संख्या 141/2022 के अभियुक्त पलामू निवासी सुनील राम, पिता-बिरजू राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले पर ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि सुनील कुमार पर चिटो की नाबालिग लड़की को शादी के नियत से भगाकर ले जाने के आरोप में गिफ्तार किया गया है। साथ ही अपृहत लड़की को भी घर से बरामद कर लिया गया है। मामले को ले नाबालिग के पिता ने भदानीनगर ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया है।

भुरकुंडा दुकानदार संघर्ष समिति की हुई बैठक, कमेटी का किया गया विस्तार

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला में शुक्रवार को भुरकुंडा दुकानदार संघर्ष समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन कोर कमेटी सदस्य विनय कुमार सिंह ने किया। बैठक में बाजार की वर्तमान स्थिति व स्थाई कमेटी पर चर्चा की गई। साथ ही तीन प्रस्ताव पारित किया गया। जिसके तहत राजनीतिक दलो के नेताओ से अपील की गई कि भुरकुंडा के दुकानदारों का हित देखते हुए अनावश्यक बयानबाजी से बचें और सकारात्मक सोच के साथ एकजुट होकर व्यवसायियों का साथ दें। इसके अलावे समिति की ओर से सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया गया। वहीं कमेटी का विस्तार करते हुए श्याम किशोर सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष, अजय कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, विनय कुमार सिंह को महासचिव, सुरेश उपाध्याय को सचिव एवं दिलीप अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर अशोक कुमार, मुकेशलाल सिंदुरिया, भुनेश्वर साव, शकील अख्तर, गुलाबचंद्र मिश्रा, सुरेश प्रसाद, सरफराज अहमद, संजय प्रसाद, महेंद्र ठाकुर, विजय गुप्ता, भोला प्रसाद, जय प्रकाश साव, एजाज अहमद, धर्मेंद्र राय, सालिद अहमद, बदरूद्दीन, खलील आदि मौजूद थें।

अवैध बालू लदा हाइवा को सीओ ने पकड़ा

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा साईडिंग के पास गुरुवार की मध्य रात्रि डेढ़ बजे करीब पतरातू सीओ शिव शंकर पांडेय ने अवैध बालू लदा हाईवा को पकड़ा है। पकड़े गये हाईवा ओडी 09 पी 3635 को सीओ ने भुरकुंडा ओपी को सौंपा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। मालूम हो कि इन दिनों कोयलांचल में अवैध बालू का कारोबार जोरशोर से चल रहा है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा रामगढ़ कैंट ने चलाया स्वच्छता अभियान

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो के नेतृत्व में शहर के सुभाष चौक स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा व आसपास के क्षेत्रों की साफ सफाई की गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता समर्पित भाव के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारी मजबूरी में नहीं बल्कि आदतों में शामिल होनी चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी जिला मंत्री वसुध तिवारी, प्रो संजय सिंह, राजेश ठाकुर, भाजयुमो नगर अध्यक्ष तरुण साव, शीतल सिंह, अमित ठाकुर, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, संतोष साव, श्रीतेश गोस्वामी, अरबिंद सिंह आदि उपस्थित थे।

दुलमी में प्रखंड के नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी प्रखंड में कॉन्ग्रेस पार्टी की एक बैठक आयोजित पार्टी क कार्यालय दुलमी बाजार टांड़ में हुई जिसमें मुख्य रुप से नवनियुक्त दुलमी प्रखंड कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष प्रकाश करमाली का सभी उपस्थित कांग्रेसियों ने जोरदार रूप से फूल माला पहनाकर स्वागत किया। तथा इस बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त दुलमी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली और संचालक जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामगढ़ कांग्रेस के कैसर इमाम ने किया साथी सभी कांग्रेसियों ने कांग्रेस को मजबूत करने काआह्वान किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप सिंह अल्ताफ अंसारी रविकांत महतो प्रदीप कुमार भोक्ता अजय भोक्ता पवित्र करमाली चमन कुमार भोक्ता कपूर करमाली मनोज करमाली सुभाष नायक सिकंदर महतो अमर नायक मोहम्मद क्या मुद्दीन अंसारी नागेंद्र मोहाली इनाम अंसारी लव अख्तर ताहिर अली कैलाश कुमार महतो बासुदेव महतो गोपाल महतो विवेक कुमार नायक पंकज कुमार आकाश करमाली कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

आजसू महिला मोर्चा का प्रखंड सम्मेलन संपन्न

टंडवा (आजाद सिपाही)। नगर भवन टंडवा में शुक्रवार को आजसू केंद्रीय कमिटि नेतृत्व में केंद्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार आजसू महिला कमिटी का प्रखंड सम्मेलन आयोजित किया गया। सर्वप्रथम पंचायत चुनाव मे दावेदारी करने वाली महिला कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व महिला प्रखण्ड अध्यक्षा किरण देवी के एकलौते पुत्र की अकास्मिक निधन से आहत हुये आजसू कार्यकर्ताओ ने दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दिया। तत्पश्चात कमिटी का पूर्णगठन करते हुए सर्वसम्मती से सुनीता देवी को अध्यक्ष, गुलशन खातून, शकुंतला देवी,नीतू देवी, सुषमा देवी को उपाध्यक्ष, सुधा राणा को सचिव, रीना देवी को संगठन सचिव, रुकमणि देवी, सुनीता देवी, खुशबु देवी को सहसचिव, रीना देवी को प्रवक्ता, रेखा देवी को सोशल मिडिया प्रभारी एवं संगीता देवी, सरिता देवी, मंजू देवी, सबिता देवी आदि को कार्यकारिणी सदस्य को चयन किया गया। नवचयनित हुये पदाधिकारियों को माला एवं पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर केंद्रीय सचिव जागेश्वर दास, केंद्रीय सदस्य महावीर साव, जिला अध्यक्ष चंद्रदेव साहू, युवा जिला अध्यक्ष उपेंद्र पाण्डेय, एसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन दास, जिला उपाध्यक्ष जगदीश महतो,ओबीसी जिला उपाध्यक्ष सुखदेव महतो, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष जयमंती देवी, जिला सचिव रंजीत गुप्ता, प्रखण्ड अध्यक्ष विकाश पाण्डेय, प्रखण्ड प्रधान सचिव मनोज चौरसिया, मोहन कुमार, पंचायत अध्यक्ष कपिल भगत समेत कई पुरुष एवं महिला साथी उपस्थित थे।

डीसी ने विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं को लेकर की समीक्षा

विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर लाभुकों को दें लाभ : डीसी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में शुक्रवार को डीसी माधवी मिश्रा ने विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान बैठक में डीसी ने सर्व प्रथम सभी कार्यालय प्रधानों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके उनके विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए एवं ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित किया जाए।

नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा ले : डीसी

बैठक के दौरान डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके प्रखंड के प्रत्येक गांव में कम से कम पांच योजनाओं का संचालन करते हुए सभी योग्य व जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने व विभिन्न लाभ देने का निर्देश दिया। वही, डीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश

डीसी ने मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर योग्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल विकास योजना के तहत प्रखंड वार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने कन्वर्जेंस के माध्यम से आवश्यकता अनुसार ज्यादा से ज्यादा खेल मैदान निर्मित करने का निर्देश दिया। मिशन अमृत सरोवर के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

डीसी ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लाभुकों का चयन कर उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

कल्याण विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित रूप से शिविर आयोजित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वही, सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत सिविल सर्जन के साथ समन्वय कर ज्यादा से ज्यादा शिविरों का आयोजन कर योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को वैसे छात्र जिन्हें किसी कारणवश अब तक प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति उपलब्ध नहीं कराई गई है को जल्द से जल्द छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने चलाया स्वच्छता अभियान

कुजू (आजाद सिपाही)। भाजपा रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी के नेतृत्व में शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के मौके पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्र के रामानगर मरार स्थित राम जानकी मंदिर में कार्यकताओं द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गयी। मौके पर राजू चतुर्वेदी ने कहा कि स्वच्छता हमारी मजबूरी में नहीं बल्कि आदतों में शामिल की जानी चाहिए। स्वच्छता में हमारा समर्पण अपने घर, मुहल्लों एवं शहर को स्वस्थ एंव सुन्दर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो हमारे गाँव-शहर को देश के पटल पर स्वच्छता को लेकर सम्मान दिलाती हैं।

शिक्षा-विकास हरियाली और अपना हक-अधिकार के लिए संघर्ष करेगी आजसू पार्टी : सुधा चौधरी

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित महिला कार्यकर्ता सम्मेलन दुलमी प्रखंड क्षेत्र के प्रधान कार्यालय बुध बाजार सिरू में किया गया जिसमें शिक्षित, संगठित एवं स्वाभिमानी समाज की परिकल्पना करने वाले झारखंड आंदोलन के मसीहा स्व. बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर 23 सितंबर को अखिल झारखण्ड महिला मोर्चा का दुलमी प्रखण्ड में सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, प्रमुख रेणु देवी, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर महतो, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सरिता देवी, सिरू मुखिया वीणा देवी, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सुशीला देवी, जिला उपाध्यक्ष, दिलीप कुमार महतो, प्रखण्ड सचिव सुरेश पटेल, उसरा पंचायत समिति सदस्य बबिता देवी, पोटमदगा पंचायत समिती सदस्य यशवंती कुमारी, अनिता कुमारी, सिरू पंचायत समिती सदस्य सुनीता देवी सहित अन्य पार्टी के महिला कार्यकर्ता मौजुद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज कुमार ने किया एवं संचालन महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष मीणा देवी ने किया। सम्मेलन में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार एवं सरकार द्वारा स्थानीय नीति तथा आरक्षण को लेकर लिए गए निर्णयों पर चर्चा हुई। साथ ही संगठन का गठन, एवं विस्तार किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों महिलाओं ने दूसरे दलों को छोड़ कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यकर्म को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी जी कहा की आजसू पार्टी आधी आबादी को गोलबंद कर, उनके हक- अधिकार के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

मुझे जो जिम्मेवारी मिली मैं उसे ईमानदारी से निभाऊंगा: अनिल

चतरा (आजाद सिपाही)। इटखोरी प्रखंड निवासी कांग्रेस जिला महासचिव अनिल सिंह को कांग्रेस झारखण्ड डेलीगेट सदस्य मनोनीत किया है। रांची में बीते मंगलवार को कांग्रेस प्रतिनिधि सम्मेलन में झारखंड के कुल 230 नए प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री सिंह प्रतिनिधि बनने पर शुक्रवार को इटखोरी व मयूरहंड प्रखंड के कांग्रेसियों ने नवनियुक्त डेलीगेट अनिल कुमार सिंह के आवास लोरम पहुचें। और अनिल सिंह का जोरदार स्वागत किया। साथ ही पूर्व विधायक सह कांग्रेस नेता योगेंद्र नाथ बैठा ने पहला माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने एक उड़हुल फूल के पौधे भी दी। बधाई देने वालों में इटखोरी प्रखण्ड अध्यक्ष रामाधीन यादव, वरीय नेता पवन शर्मा, सांसद प्रतिनिधि कृष्णा साव, मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, कांग्रेस नेता जगदीश यादव, मयूरहंड प्रखंड सांसद

प्रतिनिधि अजित सिंह, गोवर्धन सिन्हा, ईश्वर यादव, बद्री यादव, नेमधारी यादव समेत कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। अतिथिओं ने अनिल सिंह के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अनिल सिंह ने कहा आने वाले समय मे कांग्रेस को मजबूत करना ही मात्र मेरा विकल्प है। पूर्व विधायक योगेंद्र ने पौधा देकर कहा पर्यावरण एवं हरियाली का प्रतीक यह पुष्प पौधा मैं अनिल सिंह को स्वागत स्वरूप भेंट कर रहा हूँ ताकि पुष्प की तरह इनका जीवन भी खिलता रहा एवं आगे निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर बढ़ते रहे।

आजसू महिला मोर्चा का सम्मेलन सह पुनर्गठन

सिमरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में महिला मोर्चा का सम्मेलन जिला अध्यक्ष ललिता देवी की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन का संचालन संगठन सचिव सलीम अख्तर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा उपस्थित थे। मौके उपस्थित वक्ताओं ने केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो जी के संदेशों को बताया और 2024 में सिमरिया विधानसभा में आजसू पार्टी नेता मनोज चंद्रा को जिताने के लिए शपथ लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज चंद्र ने सभी को आश्वस्त किया कि वे 24 घंटे 365 दिन और 12 महीना सभी के दुख सुख में हमेशा खड़ा रहेंगे । सम्मेलन के साथ ही संगठन का पुनर्गठन भी किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी को सर्वसम्मति से बनाया गया तथा

महासचिव जबड़ा मुखिया बीना देवी, सचिव तरन्नुम खातून, उपाध्यक्ष सरिता देवी, बसंती देवी देवी, बबीता देवी, बसंती देवी, कविता कुमारी, सरोज देवी, कोषा अध्यक्ष माधुरी देवी को बनाया गया मौके पर सिमरिया पुर्वी क्षेत्र जिप सदस्य रोहिणी देवी, जिला उपाध्यक्ष संदीप साहू, विनोद कुमार महतो, केंद्रीय सदस्य कृष्णा साहू, जिला प्रवक्ता आलोक रंजन, एसटी मोर्चा अध्यक्ष छोटू सिंह भोक्ता, वीरेंद्र महतो बर्मा, रणजीत यादव, प्रखंड अध्यक्ष रमन कुमार साहू, प्रखंड महामंत्री राजेंद्र ठाकुर, धर्मवीर बैठा था तथा आजसू नेत्री प्रेमलता चंद्रा के अलावे सैकड़ों महिला शामिल हुई।

पोषण माह पर गोद भराई और मुंहजुट्ठी कार्यक्रम का आयोजन

सिमरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गोवाकला आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को पोषण माह समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कराई गई। उन्हें पौष्टिक आहार से भरा बास्केट सौंपा गया और पोषण के प्रति जागरूक किया गया। महिला पर्यवेक्षिका ममता मासूम ने बताया कि इनदिनों राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। जिसमें 1 से 30 सितंबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पोषक क्षेत्र के बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। उनमें गर्भवती महिलाओं को गोद भराई, बच्चों को अन्नप्राशन, कुपोषण मुक्त अभियान, मेहंदी रश्म, बच्चों के बीच हेल्दी बेबी शो, नियुट्रेशन गार्डन, रंगोली आदि विभिन्न

कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को पोषण, संतुलित आहार सहित स्वास्थ्य और स्वच्छता के संदर्भ में जागरूक कराना है। कार्यक्रम में विशेष कर 11 से 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें पोषण के बारे में बताया गया। समारोह में उप प्रमुख दामोदर गोप, मुखिया नरेश साव, महिला पर्यवेक्षिका रीना कुमारी, रश्मि कुमारी, अंजू कुमारी, सेविका प्रतिमा देवी, कौशल्या देवी, मंजुला देवी, हीरामणि देवी, रेखा जायसवाल, सुमित्रा देवी, भारती राय, सुगिया देवी, रश्मि देवी, सविता देवी सहित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सहायिका और ग्रामीण महिलाएं शामिल थी।

संडे बंद को लेकर श्रमिक नेता ने मजदूरों से की मुलाकात

उरीमारी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने शुक्रवार को प्रबंधन द्वारा मजदूरों का सन्डे बंद किए जाने को लेकर उरीमारी परियोजना पोटंगा वर्क शॉप में मजदूरों से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर सीसीएल मजदूरों को संबोधित करते हुए राजू यादव ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। मजदूरों को आश्वस्त किया कि सन्डे बंद नही होने दिया जाएगा। प्रबंधन से वार्ता कर इस समस्या का हल निकाला जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से डा जी आर भगत, सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, गणेश राम,मो अली हसन खां,मो हसन, सतेन्द्र राम, विश्राम सोरेन,नथू प्रसाद, गोपाल टुडू, प्रमोद कुमार, रामेश्वर महतो, अरुण, संजय कुमार यादव,दिपक विश्वकर्मा, सुरेश मांझी,तालो,अजय मिश्रा, अमित कुमार, तिलक गंझू सहित यूनियन के लोग मौजूद थे।

उज्ज्वला फाउंडेशन ने सदस्यों के बीच बांटे दुगा पूजा गिफ्ट

कुजू (आजाद सिपाही)। उज्ज्वला फाउंडेशन की आवश्यक बैठक शुक्रवार को बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में हुई। बैठक में मुख्य रूप से संस्था अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति मौजूद रहे। बैठक में संस्था की मजबूती एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर आत्ममंथन किया गया। बैठक के दौरान जगेश्वर प्रजापति ने संस्था सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि एक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात के क्रम में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा द्वारा फाउंडेशन को हर संभव सहयोग करने एवं संस्था को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करने का आशवासन दिया। बैठक के पश्चात संस्था अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति द्वारा संस्था के सदस्यों को दुगार्पूजा के मौके पर गिफ्ट के रूप में साड़ी वितरण किया गया। मौजूद संस्था के सदस्यों ने संस्था अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था की ओर से सदस्यो को पर्व के मौके पर गिफ्ट मिला है। जो सुखद एहसास दिलाता है। मौके पर सुखदेव सोनी, प्रकाश केसरी, डिंपल प्रजापति, छोटन प्रजापति, शीला कुमारी, आशा कुमारी, वीणा कुमारी, पूनम देवी, सोनी कुमारी, प्रमिला कुमारी, रीना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, संध्या देवी, सावित्री देवी, सुनीता देवी, किरण, देवंती, सुनीता, मीनू, गुनीता सहित कई लोग मौजूद रहे।

सीसीएल कुजू क्षेत्र में सीएमओएआइ का चुनाव संपन्न, 6 पदों के लिए कुल 11 प्रत्याशी मैदान में

कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र की कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के समीप परिजात रेस्ट हाउस में शुक्रवार को संपन्न हुआ। एसोसिएशन में कुल 6 पदों के लिए सीसीएल कुजू क्षेत्र के कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में ताल ठोकते दिख रहे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार सिंह, राजू रविदास एवं राजेश कुमार, सचिव पद के लिए प्रशांत प्रियदर्शी और अर्णव पॉल, वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए जेवाई कामड़े, शितेश तथा राज कुमार। जबकि सहसचिव पद के लिए राज कुमार, जितेंद्र कुमार एवं राजेश यदुवंशी चुनावी दंगल में आमने-सामने हैं। गौरतलब है कि सीसीएल कुजू क्षेत्र में कुल 109 वोटरों के वोट से उपरोक्त सभी पदाधिकारियों की जीत सुनिश्चित होगी। सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक 88% मतदान हुई। मतगणना शाम 6 बजे के बाद शुरू होने के आसार हैं। इस संपूर्ण चुनावी कार्यक्रम में बतौर पर्यवेक्षक अभिमन्यु सिंह व निलेश कुमार तथा रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका में एबी सिंह एवं चंद्र वीर नारायण की मौजूदगी है।

पतरातू में आजसू पार्टी का अखिल झारखंड महिला मोर्चा का सम्मेलन हुआ संपन्न

पतरातू (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड महिला मोर्चा का पतरातू प्रखंड स्तरीय सम्मेलन पीटीपीएस स्थित आजसू कार्यालय में शुक्रवार को संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की तस्वीर पर पुष्पांजलि ने व माल्यार्पण कर किया गया. आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड के 260 प्रखंडों में महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. कहा गया कि झारखंड सरकार महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार को रोक पाने में पूरी तरह विफल है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिलाओं को संगठित कर संगठन को मजबूत किया जाएगा व 2024 का चुनाव महिलाओं के भागीदारी के साथ आजसू पार्टी अपना परचम लहराएगी. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देवंती देवी व संचालन सरिता देवी ने किया. सम्मेलन में आजसू पार्टी के महिला मोर्चा के जिला सचिव देवंती देवी, केंद्रीय सचिव विजय साहू, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, उपाध्यक्ष भुनेश्वर महतो, राजू कुमार, अशोक पाठक, चंदन कुमार, पालू पंचायत मुखिया पानो देवी, जय नगर पंचायत मुखिया हिरा देवी, हेसला पंचायत मुखिया प्रीति झा, पंच मंदिर पंचायत मुखिया श्यामली मेहता, विणा देवी, गणिता देवी, प्रिया कुमारी, विनीता देवी, उषा देवी कलावती देवी , सविता देवी फुलकुमारी तिर्की, सीता देवी,समेत महिला मोर्चा के कई सदस्य उपस्थित थे.

एजेकेएसएस का हुआ मिलन समारोह दर्जनों ने थामा दामन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को जवाहर नगर पंचायत भवन में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र कुमार मिश्रा व संचालन विकाश कांत सिन्हा ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि महासचिव सतीश सिन्हा मौजूद थे। इस दौरान दर्जनों लोगों ने विभिन्न यूनियनों को छोड़ एजेकेएसएस का दामन थामां। इन सभी का स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने कहा कि संघ कोयला मजदूरों के समस्याओं से कोई समझौता नहीं करेगी। मजदूरों के हक-अधिकार के लिए हर सार्थक कदम उठाई जायेगी। उन्होंने कहा कि यूनियन के कार्यों से प्रभावित होकर लोग लगातार यूनियन में शामिल हो रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि हमारी यूनियन के लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है। यही कारण है कि मजदूरों का संघ के प्रति विश्वास बढ़ा है। शामिल होने वालो में मनोज कुमार, अशोक करमाली, गुलसा, संग्राम आदि प्रमुख हैं। मौके पर मुन्ना श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, गुरूदयाल ठाकुर, प्रदीप मांझी, रामश्रृष्ठ, रॉबीन मुखर्जी, प्रभाष दास, अजीत सिन्हा, राज विश्वकर्मा सहित दर्जनो लोग मौजूद थें।

सयाल नालापार हनुमान मंदिर में सेवा पखवाड़ा के तहत चला स्वच्छता अभियान

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाजपा युवा मोर्चा भुरकुंडा मंडल के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को सयाल नालापार हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह उर्फ पिंटू ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जन्मदिन तक सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि अपने घर सहित आसपास के क्षेत्रों को साफ-सूथरा रखना हमसबों का दायित्व है। मौके पर पिंटू सिंह के नेतृत्व में दर्जनो युवाओं ने मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई करते हुए लोगों को भी स्वच्छता का संदेश दिया। साफ-सफाई करने में रोहित सिंह, रोशन सिन्हा, सत्यनारायण कुमार, पवन कुमार, कुंदन कुमार, सोनू, भूषण शर्मा, विकाश कुमार, प्रवीण सिंह आदि शामिल थे।

शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 590 दिनांक 14.09.2022 के अनुसार मैं, विमला गाड़ी, पति श्री रतन उरांव, निवासी-ग्राम कुल्ली, पोस्ट-कुल्ली, थाना-ईटकी, जिला-रांची- 835303, झारखंड शपथपूर्वक बयान करती हूं कि नीचे लिखी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पता का निवासी हूं, तथा भारतीय नागरिक हूं।
2. यह कि मेरा वास्तविक नाम "विमला गाड़ी" है, जो सही है।
3. यह कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम "मही देवी" दर्ज हो गया है जो गलत है। मेरा आधार नम्बर-3225 2622 3754 है।
4. यह कि मैं यह शपथ-पत्र अपना उपरोक्त आधार कार्ड में अंकित नाम "मही देवी" के स्थान पर वास्तविक नाम "विमला गाड़ी" सुधार कर दर्ज कराने हेतु प्रस्तुत कर रही हूं।

AFFIDAVIT

I, ROBIN GUPTA, R/o Block-C, Flat No. 501, Astor Green Apartment, Chandni Chowk, Kanke Road, Kaveri Restaurant, Misirgonda alias Pahargonda, P.S. Gonda, District-Ranchi, Jharkhand. That by mistake in my passport my name is written as ROBIN KUMAR GUPTA S/o SHEO KUMAR PRASAD and R/o written as Gyan Sagar, Kishor Ganj Chowk, Harmu Road, P.S. Kotwali, Dist.-Ranchi. That in my UID my real & correct name is written as ROBIN GUPTA. That after this affidavit i will be known as ROBIN GUPTA. This affidavit is being change my name and address. Vide affidavit no. 40, dated-22.09.2022.

शांति की अपील

शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर बैठक के दौरान आपसी बातचीत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की कही गयी बात को लेकर अचानक पश्चिमी देश उत्साहित हो गये हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में न केवल अमेरिका, बल्कि फ्रांस ने भी इस बयान का हवाला देते हुए शांति की जरूरत बतायी। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन ने कहा कि भारत के पीएम मोदी ने पुतिन से बिलकुल सही कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है। दोनों ने आह्वान किया कि अन्य देश भी ऐसा ही रुख दिखाते हुए रूस तक यह बात पहुंचाएं कि युद्ध तत्काल बंद किया जाये। बहरहाल, पीएम मोदी की किसी बात से अगर अन्य देश खुश होते हैं और उनके बयान का हवाला देकर अपने रुख को ज्यादा वजनदार बनाना चाहते हैं, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन इससे यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी ने कोई ऐसी बात कह दी है, जो वह अब तक नहीं कहते रहे हैं। दूसरे शब्दों में, यह साफ रहना चाहिए कि इस मुद्दे पर भारत सरकार के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और प्रधानमंत्री मोदी दरअसल उसी नीति को अपने ढंग से व्यक्त कर रहे थे, जिस पर भारत चलता आया है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद भारत ने रूस की निंदा करने या उस पर प्रतिबंध लगाने के मामले में भले खुद को पश्चिमी देशों के रुख से अलग रखा हो, युद्ध जल्द से जल्द बंद करके शांतिपूर्ण उपायों से सभी विवाद सुलझाने की अपील वह लगातार करता रहा है। पीएम मोदी के जिस बहुप्रचारित बयान का हवाला पश्चिमी देश दे रहे हैं, वह भी यूक्रेन युद्ध की वजह से दुनिया भर में उत्पन्न भीषण खाद्य और ऊर्जा संकट के संदर्भ में ही दिया गया है जो यह स्पष्ट करता है कि युद्ध से किसी का भला नहीं होता, सबका नुकसान ही होता है। जहां तक भारत और इसके शीर्ष नेता के बयान को मिलने वाली अहमियत का सवाल है तो इसमें शक नहीं कि यह अहमियत काफी हद तक संबंधित देश की आर्थिक हैसियत पर भी निर्भर करती है। भारत न केवल हाल ही में ब्रिटेन को पीछे करके पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि आने वाले कई वर्षों तक उसकी जीडीपी ग्रोथ अच्छी और टिकाऊ बने रहने की संभावना है। हाल में आयीं रिपोर्टों के मुताबिक भारत 2027 तक दुनिया की चौथी और 2029 तक तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी हो जायेगा। जाहिर है, यह स्थिति विश्व मंच पर भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाती है। इसका कुशल इस्तेमाल दुनिया को बेहतर मूल्यों की ओर बढ़ने में मदद कर सकता है।

भारत न केवल हाल ही में ब्रिटेन को पीछे करके पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि आने वाले कई वर्षों तक उसकी जीडीपी ग्रोथ अच्छी और टिकाऊ बने रहने की संभावना है।

अभिमत
आजाद सिपाही

वर्ष 2021-22 में भी (कोविड -19) महामारी की दो अन्य लहर आयी थी एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाला युक्रेन तथा रूस के बीच का युद्ध भी शुरू हो गया था। इन घटनाओं से भारत देश भी अछूता नहीं रह सका, लेकिन वर्त्तमान नेतृत्व की सजगता एवं कुशलता के कारण देश की अर्थव्यवस्था में सुधार शुरू हो गया। वर्ष 2021-22 में देश की सकल घरेलू उत्पादन में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रहा।

कुशल आर्थिक नेतृत्व एवं तीव्र आर्थिक पुनरूत्थान

डॉ हरीश्वर दयाल

पिछले कुछ वर्षों से कुछ वैश्विक घटनाओं ने देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालता रहा है। जहां वर्ष 2019-20 की आर्थिक मंदी ने देश के विकास दर को धीमा किया, वहीं वर्ष 2020-21 की वैश्विक महामारी (कोविड- 19) के प्रथम लहर ने इस विकास दर को और अवरूद्ध कर दिया। वर्ष 2021-22 से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होना शुरू हो गया। वर्ष 2021-22 में भी (कोविड -19) महामारी की दो अन्य लहर आयी थी एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाला युक्रेन तथा रूस के बीच का युद्ध भी शुरू हो गया था। इन घटनाओं से भारत देश भी अछूता नहीं रह सका, लेकिन वर्त्तमान नेतृत्व की सजगता एवं कुशलता के कारण देश की अर्थव्यवस्था में सुधार शुरू हो गया। वर्ष 2021-22 में देश की सकल घरेलू उत्पादन में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रहा। इस पूरे वर्ष में देश का आर्थिक विकास दर के 7 प्रतिशत से अधिक होने का आकलन है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के हिसाब से इस विकास दर को संतोषप्रद माना जा सकता है।

वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रहा।

देश अब सतत विकास राह पर अग्रसर हो गया है। आने वाले वर्षों वैश्विक अवरोधों के कम होने के पश्चात देश की अर्थव्यवस्था और ज्यादा सुदृढ़ हो जायेगी। भविष्य में देश के विकास दर में और अधिक वृद्धि का अनुमान है।

राजस्व में वृद्धि

अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ होने के कारण देश के राजस्व में भी काफी वृद्धि हुई है। इस वर्ष (2022 - 23) के 17 सितंबर तक देश के कुल प्रत्यक्ष कर में पिछले वर्ष की तुलना में 30.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में देश के शुद्ध प्रत्यक्ष कर में पिछले वर्ष की तुलना में 23.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में कॉरपोरेट आयकर में 25.9 प्रतिशत एवं व्यक्तिक आय कर में 44.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कर संग्रह में हुई यह वृद्धि देश में हुई आर्थिक सुदृढ़ता को दर्शाता है। सरकार की अनुकूल कर नीति, जिसके तहत कर कानूनों का सरल बनाया गया है एवं तकनीकि के व्यवहार के द्वारा कर वंचना के अवसरों को समाप्त करने की कोशिश की गई है, भी कर संग्रह को बढ़ाने में सहायक हुआ। प्रत्यक्ष कर में हुई इस वृद्धि के व्यवहार से देश के विकास दर में और भी ज्यादा गति आयेगी। प्रत्यक्ष कर की साझेदारी चूंकि देश के राज्यों को भी मिलती है, इसलिए देश के राज्यों की वित्तीय स्थिति भी इसके फलस्वरूप मजबूत होगी।

रोजगार में वृद्धि

Periodic Labour Force Survey (PLFS) के ऑकड़ों के अनुसार पिछले चार तिमाही से देश में रोजगार के अवसरों में प्रसंशसनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही में तो यह वैश्विक महामारी के पहले वाले स्तर से भी अधिक हो गया। रोजगार के अवसरों में वृद्धि का मुख्य कारण कृषि एवं गैर कृषि कार्यों का विस्तार है। सेवा के क्षेत्र में भी इस अवधि में पर्याप्त रोजगार का सृजन हुआ है। सरकारी एवं निजी क्षेत्रों के द्वारा बढ़ाया गया पूंजीगत निवेश भी रोजगार की वृद्धि का कारक बना है। रोजगार में वृद्धि एवं बेरोजगारी में हुई कमी के कारण मनेरगा योजना के तहत होने वाले श्रम की मांग में कमी आयी है। पिछले दो वर्षों की तुलना में यह अपने न्यूनतम दर पर पहुंच गया है।

निजी उपभोग में वृद्धि

इस वर्ष (2022 - 23) की प्रथम तिमाही में निजी उपभोग में भी काफी वृद्धि हुई है। निजी उपभोग में हुई यह वृद्धि एक तरफ तो देश की अर्थव्यवस्था में हुए विकास को दिखाता है, तो दूसरी तरफ सरकार की सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की सफलता को भी दर्शाता है। निजी उपभोग में हुई वृद्धि लोगों के जीवन स्तर में हुए सुधार को भी दर्शाता है निजी उपभोग में हुई वृद्धि के कारण मांग के सृजन एवं उसके गुणक (Multiplier) के असर के द्वारा आनेवाले समय में देश में मांग, निवेश एवं उत्पादन में वृद्धि होगी।

देश का सतत विकास

देश अब सतत विकास राह पर अग्रसर हो गया है। आने वाले वर्षों वैश्विक अवरोधों के कम होने के पश्चात देश की अर्थव्यवस्था और ज्यादा सुदृढ़ हो जायेगी। भविष्य में देश के विकास दर में और अधिक वृद्धि का अनुमान है ।

(लेखक : प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं एसोसिएट प्रोफेसर संत जेवियर कॉलेज, रांची हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

कोल्हान आयुक्त ने प्रशासनिक एवं पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक

एंटी ड्रग कैंपेन के एसओपी पर हुई चर्चा

तीनों जिला से हेल्पलाइन नंबर जारी किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार ने एंटी ड्रग कैंपेन के एस.ओ.पी पर चर्चा को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त सभागार में बैठक की। शुक्रवार को बैठक के दौरान डीआइजी कोल्हान अजय लिंडा, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम प्रभात कुमार, जिला उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम अनन्य मित्तल, एसपी पश्चिमी सिंहभूम आशुतोष शेखर, एसपी सरायकेला खरसांवा आनंद प्रकाश तथा तीनों जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में एंटी ड्रग कैंपेन के एसओपी पर गहनता से वरीय पदाधिकारियों द्वारा विमर्श के पश्चात इसे तीनों जिले में समान रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया। कोल्हान आयुक्त मनोज कुमकर ने बताया आगे भी इस एसओपी में मांग के अनुरूप गुणात्मक सुधार किए जायेंगे।

फिलहाल तीनों जिले के संबधित पदाधिकारी इस एसओपी के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। बैठक में एंटी ड्रग कैंपेन के सफल क्रियान्वयन को लेकर स्कूल कॉलेज के बच्चों, अभिभावकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा इस क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न एनजीओ से भी सहयोग लेने का निर्णय लिया गया। ड्रग में कैसे कमी आये तथा इस संबध में क्या निरोधात्मक कार्रवाई काननू का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध की जा सकती है। इस पर विस्तार से चर्चा की गयी। स्कूल कॉलेज, फैक्ट्री एवं अन्य सार्वजनिक क्षेत्र, हाट-बाजार, समुदाय, पर्यटक स्थलों, झोपड़पट्टी, जेल एवं जुवेनाइल ऑबजर्वेशन सेंटर आदि में नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया। अभियान के प्रमुख स्टेक होल्डर में से छात्र, अभिभावक, शिक्षक, प्रोफेसर, सरकारी पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मचारी, आंगनबाड़ी वर्कर, स्वयंसहायता समूह की महिलायें, चिकित्सक, पुलिस विभाग के युवा वॉलंटियर, न्यायपालिक एवं बार काउंसिल, जेल एवं जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर के पदाधिकारी, एसआइवी मरीज तथा वल्नरेबल ग्रुप को टार्गेट कर उनका क्षमतावर्धन करने की भी बात कही गयी। बैठक में नशा के आदि हो चुके लोंगों का उपचार एवं पुनर्वास, ड्रग विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई, नशा मुक्त हुए लोगों का स्कील डेवलपमेंट, वोकेशनल ट्रेनिंग तथा आजीविका के साधन उपलब्ध कराना तथा ड्रग एडिक्ट को इससे मुक्त करने को लेकर क्या नए उपाय अपनाये जा सकते हैं। इस पर गहन विमर्श किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत समुचित कार्रवाई में पुलिस विभाग की क्या भूमिका होगी। पुलिसकर्मियों का क्षमतावर्धन, जिसमें कम से कम एसआइ के रैंक तक को ट्रेनिंग, इंवेस्टिगेशन कीट, विशेषज्ञों की भागीदारी, अदालत में केस जीतने की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। एनडीपीएस एक्ट के उल्लंघन के संबंद में मिली जानकारी के उपरांत की जाने वाली कार्रवाई से संबंधित एसओपी पर भी पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया गया। जिला एवं प्रमंडल स्तर पर डेडिकेटेड टीम के गठन का भी सुझाव सदन से प्राप्त हुआ ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बीडीओ ने सरकारी योजनाओं को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। पूर्वी सिंहभूम जिले के मुसाबनी प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी के नेतृत में मनरेगा,15 वित्त आयोग, आवास योजनाओं को लेकर मुखिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, जेएसएलपीएस, वेंडरों के संग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों को पंचायत को दुरूस्त करने के लिए भागीदार सुनिश्चित करने की अपिल की। सभी रोजगार सेवक को निदेश दिया गया प्रत्येक सप्ताह में पंचायत भवन में रोजगार दिवस मनाया जाय। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला मजदूरों को कार्य दिया जाय। बैठक में निर्णय लिया गया कार्य में जन प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जायेगा। मौके पर विरसा हरित ग्राम योजना के बारे बागवानी सखी का चयन की स्थिति का समीक्षा करने के लिए रोजगार सेवकों को निर्देश दिया गया। साथ ही योजनाओं का क्रियान्वयन एवं लाभुकों को प्रेरित करने को कहा गया। दीदी बाड़ी योजना का समीक्षा किया गया। दीदीबाड़ी सखी का चयन एवं उनका ससमय भुगतान का समीक्षा किया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना का समीक्षा किया गया। जिसमें अभिषरण के तहत शौचालय एवं चेंजिग रूम की व्यवस्था का समीक्षा किया गया। साथ ही खेल के मैदान का उपयोग कराने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा गया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशु शेड का निर्माण का समीक्षा किया गया। साथ ही मनरेगा के तहत योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक योजनाओं का निरीक्षण हेतु एरिया ऑफिसार का समीक्षा किया गया। लंबित आवासों का समीक्षा कर पंचायतवार पूर्णता के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसकी समीक्षा की गयी। पंचायत में लंबित अधिक है उस पंचायत के पंचायत सचिव को जल्द से जल्द लंबित आवासों को पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

जनप्रतिनिधियों की पहल पर मृतक के परिजनों को मिला न्याय

मृतक के पुत्र को नौकरी, 5 लाख मुआवजा व श्राद्ध कर्म के लिए 50 हजार देने पर बनी सहमति

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। सिदगोड़ा थाना अंतर्गग टाटा टीमकन कंपनी में बीते दिनों ठेका मजदूर अशित प्रमाणिक का मौत हो गयी थी। शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष दुलाल भुइयां के नेतृत्व में कंपनी के एचआर दिनेश कुमार सिंह, जीएम राजीव सास्वत, हिमांशु मिश्रा और सरवन कुमार के साथ वार्ता कर न्याय दिलाने की पहल की गयी। वार्ता के बाद प्रबंधन के साथ मृतक के पुत्र सन्य प्रमाणिक उर्फ सोनू को पिता की जगह वेतन

20 हजार रुपया महीना पर नौकरी और 5 लाख रुपया मुआवजा व श्राद्ध कर्म के लिए 50 हजार रुपया देने पर सहमति बनी। साथ ही अलग से पीएफ, इएसआइ का लगभग 6 लाख रुपया भी मृतक के परिजन को मिलेगा। सन्य प्रमाणिक उर्फ सोनू को 3 साल का डिप्लोमा कोर्स करा लेने के बाद उसे परमामेंट किया जायेगा। डिप्लोमा की पढ़ाई का खर्च वार्ता में शामिल जनप्रतिनिधियों द्वारा वहन किया जायेगा। वार्ता में पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, आजसू नेता कन्हैया सिंह, झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय सचिव राजेश सामंत, समाजसेवी चंदन यादव, अप्पू तिवारी, चिंटू सिंह, आशीष नामता, कुंज विभार, सन्य प्रमाणिक के अलावा मृतक परिवार के समर्थन में कंपनी गेट पर जेएमएम युवा नेता बलदेव भुइयां, बीजेपी नेता कमलेश साव, भाजमो नेता मनोज उज्जैन, अमित दास, छोटे सरदार, मंगल नायक, समीर भुइयां, राकेश भुइयां, राज भुइयां, आशीष भुइयां, दीपक मंडल, जोलेश भुइयां, शिवजी श्रीवास्तव, सोनू दास शामिल रहे रहे।

झारखंड प्रदेश भाजपा प्रभारी का स्वागत

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रभारी बनने के बाद पहली बार राज्य की राजधानी रांची आगमन पर उत्तरप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी का स्वागत किया गया। शुक्रवार को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने रांची के गेस्ट हाउस में शॉल भेट कर उनका स्वागत किया। मौके पर लक्ष्मीकांत ने संगठन के कार्यों को सक्रिय रूप से मंडल एवं बूथ स्तर तक उतारने का दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहां कि बूथ अध्यक्ष से जिला अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्तर के सभी अपने आप को कार्यकर्ता समझ कर भाजपा में कार्य करते है। इसलिए भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। दिनेश कुमार ने बताया पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी एक सरल स्वभाव के धनी हैं।

दो युवक गिरफ्तार, देसी कट्टा समेत 23 गोलियां बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर में जमशेदपुर पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार सफलता हासिल कर रही है। उधर दुर्गा पूजा के पूर्व शहर में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सिटी एसपी के विजय शंकर ने सभी डीएसपी एवं थाना प्रभारी को शहर के सभी चौक चौराहे में नियमित नजर बनाये रखने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को बमार्माइंस पुलिस ने दो आर्म्स के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये आरोपी गोविंदपुर थाना क्षेत्र के शशिकांत गिरी एवं राकेश कुमार सिंह शामिल है। शशिकांत मूल रूप से उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ जिले का रहने वाला है, जबकि राकेश डालटनगंज जिले का रहने वाला है। वर्तमान में दोनों ही गोविंदपुर क्षेत्र का रहने वाला

हैं। तलाशी के दौरान दोनों के पास से दो देसी कट्टा समेत 23 गोलियां पुलिस ने बरामद कर लिया। मौके पर घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया।

जानकारी देते हुए एएसपी सिटी सुधांशु जैन ने बताया बीती रात दोनो आरोपी बाइक पर सवार होकर स्टेशन की ओर से अपने घर गोबिंदपुर की ओर जा रहे थे। रास्ते में दोनों किन्नरों से उलझ गये। इसी बीच शशिकांत ने अपने पास से देसी कट्टा निकाल कर किन्नरों पर तान दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस दोनो को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से दो देशी कट्टा समेत 23 गुड बरामद की गयी। एएसपी सुधांशु जैन ने बताया शशिकांत उत्तरप्रदेश के कप्तानगंज थाना में हत्या का मोस्ट वांटेड है। पुलिस उसकी तलाश में थी। उसके पिता टाटा मोटर्स के कर्मी रह चुके है। जबकि राकेश भी टाटा मोटर्स में ट्रेनिंग किया था। गोविंदपुर में दोनो आस पास ही रहता है। दोनो के पास दो देसी कट्टा और इतनी सारी गोलियों के साथ क्या करना चाहते थे पुलिस इसकी जांच कर रही है। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

कपड़े के थैले का वितरण किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स सेवा सप्ताह के तहत छठवें दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी की अध्यक्षता में जायंट्स चौक (मझिआंव मोड़) पर आमजनों के बीच कपड़े के थैले का वितरण किया गया। आमलोगों से प्लास्टिक के थैला के बजाय कपड़ा का थैला उपयोग करने के लिए आह्वान किया गया। सदस्यों ने कहा कि जब भी घर से बाजार के लिए निकलें तो साथ में कपड़ा का थैला अवश्य रखें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन विनोद कमलापुरी एवं नंद कुमार गुप्ता का अहम भूमिका रहा। इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के अध्यक्ष सह जायंट्स गढ़वा के संस्थापक अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सेंट्रल कमिटी सदस्य अजयकांत पाठक, ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता,फेडरेशन पदाधिकारी मनोज केशरी (हिंदुस्तान सेनेटरी), यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी (रूपा गंजी), ग्रुप उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, राकेश केशरी, रविंद्र केशरी, सुनील कुमार अग्रवाल, अवधेश कुशवाहा, चंदन चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

राजद युवा जिला उपाध्यक्ष के निधन पर दुख जताया

रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय क्षेत्र के सिंजों गांव के निवासी एवं राजद युवा जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव का भिलौर में आकस्मिक निधन हो गया है। वे पिछले एक माह से बीमार थे। इनके निधन पर राजद जिला अध्यक्ष सूरज कुमार सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि रविंद्र यादव के आकस्मिक निधन की दुखद सूचना प्राप्त हुई है। ईश्वर इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहन शक्ति प्रदान करें और उनके चाहने वाले को साहस एवं शक्ति प्रदान करें। विनम्र श्रद्धांजलि प्रकट करते हुए उनके मित्र विजय कुमार सिंह, त्रिलोकी प्रसाद, हरि शंकर पांडेय, अजय कुमार सिंह ने भी गहरा दुख प्रकट किया है। वहीं पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, बसंत यादव, प्रोफेसर भागवत प्रसाद यादव ,रंका के सदर। सोएब खलीफा, हाजी फैरूउद्दीन खलीफा। संजय सिंह उर्फ राजू कुमार सिंह आदि लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सिंजो रंका में 10 बजे होगा।

निधन के बाद श्रद्धा सुमन अर्पित किया

रंका (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय के पूर्व सरपंच भोला साव का निधन गत रात्रि को हो गया है। पिछले दो वर्षों से पैर टूट जाने के कारण बिस्तर पर ही रहते थे। इनके निधन के समाचार सुनते ही सुनार मोहल्ला, बर मोहल्ला, दर्जी मोहल्ला आदि टोला के सैकड़ों लोग अपने सरपंच की श्रद्धांजलि देने के लिए उनके द्वार पर उपस्थित हुए एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनके इकलौते पुत्र मुखाग्नि देंगे। उनके निधन के समाचार पर वरिष्ठ माले नेता अख्तर अंसारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता मुमताज अली रंगसाज, महताब खान कृपाल साहू, दशरथ साहू, रमेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद, अंबिका सोनी, मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है।

स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप के अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज स्वच्छता अभियान कार्यक्रम किया गया। भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा के आवास पर पूर्व में पौधरोपण किया गया था। वृक्ष को हम सभी ने सही पाया और उसके अगल-बगल सफाई अभियान किया। जुड़मनिया शिव मंदिर पर प्रांगण का सफाई भीमराव अंबेडकर जी का प्रतिमा पूरनचंद जी का प्रतिमा का साफ-सफाई किया गया। मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडे, मुकेश निरंजन सिन्हा एससी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र पासवान, जिला कार्यसमिति सदस्य राजकुमार मद्धेशिया, सुरेंद्र विश्वकर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, मंडल महामंत्री यशवंत मिश्रा, रंजीत चौरसिया, रवि गुप्ता, अनवर शाह अन्य साथीगण उपस्थित थे।

थाना प्रभारी ने यातायात नियमों को लेकर हाई स्कूल के विद्यार्थियों को किया जागरूक

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी ने शुक्रवार को मुख्यालय के हाई स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया गया। यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन करने की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने छात्र छात्राओं को सड़क दुर्घटना से बचाव तथा यातायात नियमों से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाना गैरकानूनी है, पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, ट्रिपल सवारी नहीं बैठाने, शराब या नशीली पदार्थों का सेवन कर वाहन नही चलने, यातायात नियमों का पालन करने तथा ड्राइविंग लाइसेंस सहित गाड़ी के सभी कागजात दुरुस्त रखने की सलाह दी गई। उनके द्वारा वाहन चलाने के दौरान रखनी वाली सावधानीयां बतायी गई ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। उस अवसर पर विद्यार्थियों के आलावे प्राचार्य लालता पटेल, शिक्षक मनोज चौधरी, सुशील तिवारी, वकील तिवारी आदि शामिल थे।

ग्रामीणों ने तस्कर के साथ पांच गोवंश को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव में ग्रामीणों ने तस्कर के साथ पांच गोवंश को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। जिसे नगर उंटारी पुलिस ने सभी पशुओं को ग्रामीणों के बीच वितरित किया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दिन के लगभग चार बजे एनएच 75 से होते हुए नगर उंटारी के तरफ ले जा रहा था। इसी बीच ग्रामीणों ने शक के आधार पर पशु तस्कर त्यागुडीन निवासी बिसनपुर नगर उंटारी से पशुओं के विषय मे जानकारी लेने लगे मगर पशुओं के बारे में पूर्ण जानकारी नहीं देने पर ग्रामीणों ने नगर उंटारी पुलिस को फोन पर सूचना दी। इसे गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने अपने अधिनस्त एसआइ कुणाल किसोर को दलबल के साथ घटना स्थल पर भेजा। घटना स्थल बिलासपुर चेकपोस्ट पर आकर कुणाल किसोर ने पशु तस्कर त्यागुडीन से पशुओं के विषय में जानकारी लेने की कोशिश किया तो तस्कर ने सही जानकारी नहीं दे पाया।

पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स की श्री बंशीधर नगर इकाई के पदाधिकारियों ने की एसडीओ संग बातचीत

तीसरे दिन आंदोलन हुआ समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स की श्री बंशीधर नगर इकाई के पदाधिकारियों ने एसडीओ आलोक कुमार के साथ हुई सकारात्मक बातचीत के बाद तीसरे दिन अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। आंदोलन समाप्ति के बाद व्यवसायियों ने अनुमंडल कार्यालय में सौंपी गयी चाभियां वापस ले ली। इसके बाद बाजार खुलने से पुरानी रौनक लौट गयी है। इसके पूर्व शुक्रवार को साढ़े दस बजे एसडीओ आलोक कुमार, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, बीडीओ सह प्रभारी एमओ श्रवण राम एवं थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार चेंबर कार्यालय पहुंचे और उसके पदाधिकारियों से बातचीत कर आंदोलन को समाप्त करने का आग्रह किया। चेंबर अध्यक्ष शंभू सौदागर, सचिव गोपाल जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, शमीम खान, तस्लीम खान व अन्य पदाधिकारियों के साथ लगभग 20 मिनट तक हुई बातचीत के दौरान चेंबर के प्रतिनिधियों ने अपनी बातों को रखा एवं न्याय दिलाने का अनुरोध किया। एसडीओ आलोक कुमार ने चेंबर प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि प्रशासन की मनसा व्यवसायियों को परेशान करने की नहीं है। ट्रक समेत अनाज जब्ती मामले में बारीकी से अनुसंधान के लिये ही एफआईआर किया गया है। जांच में जो भी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई होगी। एसडीओ से आश्वासन मिलने के बाद चेंबर के प्रतिनिधियों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स की श्री बंशीधर नगर इकाई के आह्वान पर व्यवसायियों ने महाकाल ट्रेंडिंग नामक आढ़त के प्रो ऋतिक कुमार पर एफआईआर के विरोध में गत बुधवार को अपनी अपनी दुकानें बंद कर सभी चाभियां अनुमंडल प्रशासन को सुपुर्द कर दिया था। इसके बाद से सभी चेंबर ऑफिस के सामने धरने पर बैठे थे। आंदोलन में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों का भरपूर साथ मिला था एवं झामुमो, कांग्रेस के साथ साथ भाजपा के नेता धरना पर बैठे थे। व्यवसायियों के धरना के दो दिनों तक प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई तवज्जो नहीं दी। नतीजा व्यवसायियों का आंदोलन जारी रहा।

मौके पर ये रहे उपस्थित

धरना में सत्ता पक्ष से पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के नेतृत्व में झामुमो के युवा नेता ताहिर अंसारी, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, किरण देवी, नेहा कुमारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह गढ़वा जिला कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष, शैलेश चौबे,भाजपा के अशोक सेठ, लक्ष्मण राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लकर शांति समिति की बैठक की

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी बुद्धराम सामद की अध्यक्षता में की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी बुद्धराम सामद ने कहा की दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाये। पर्व के दौरान असमाजिक तत्व के लोग बाधा उत्पन न करे इस पर पूजा कमेटी के लोग विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारा के साथ मनाये पर्व के दौरान कोई गलत तरीके से अशांति फैलाने का कार्य करता है। तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय रहते कारवायी किया जा सके। वही थाना प्रभारी ने कहा की दुर्गा पूजा के अवसर पर किसी तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले कमेटी अश्लीलता पर विशेष ध्यान रखेंगे वही जिला परिषद सदस्य शंभूराम चंद्रवंशी ने कहा की दुर्गा पूजा का त्योहार जिस तरीके से पूर्व से मनाते आये हैं उसी तरह इस बार भी दुर्गा पूजा मनायेंगे। इस मौके पर जीप सदस्य शंभूराम चंद्रवंशी, प्रमुख दीपा कुमारी, बिसूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव, मुखिया ललित नारायण सिंह, भरदुल चन्द्रवंशी, विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद विश्व हिंदू परिषद धमार्चार्य प्रमुख राधेश्याम पांडे, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, मुखिया प्रतिनिधि असोक पासवान, ऐनुल अंसारी, लतीफ अंसारी, यासीन अंसारी,आलम अंसारी, भुनेश्वर राम, अशोक चंद्रवंशी, बलराम पासवान,जितेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, ललन गुप्ता, राजेश सोनी, सुरेश कुमार सहित प्रखंड के सभी दुर्गा पूजा समिति के लोग उपस्थित थे।

उपायुक्त गढ़वा से मिला प्रतिनिधिमंडल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल गढ़वा जिला के वर्तमान हालात पर उपायुक्त गढ़वा से मिला। मिलकर उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल झारखंड को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में बरडीहा बंशीधर नगर सहित पूरे जिले भर में बढ़ रहे अपराध अत्याचार को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार में चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है सरकार अपनी सुख सुविधा में लगा हुआ है। हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। गढ़वा जिला सहित पूरा झारखंड में अपराधियों का बोलबाला हो चुका है हर जगह हर दिन लूट हत्या बलात्कार की घटना आम बात हो चुकी है। गढ़वा जिले में महिलाए असुरक्षित हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था चौपट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में झामुमो विधायक बनने से जनता पर अत्याचार बढ़ा है। हेमंत सरकार का अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। जिस तरह से बरडीहा में दलित परिवार के साथ समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा अत्याचार किया गया। इससे यह साबित होता है कि यह सरकार जनविरोधी है प्रतिनिधिमंडल में शामिल डालटनगंज भंडरीया विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि झारखंड में भाजपा सरकार ही व्यवस्था में सुधार कर सकता है जिस तरह से गढ़वा पलामू सहित पूरे झारखंड में अपराध बढ़ा है। इससे यह साबित होता है कि वर्तमान सरकार अपराध को लेकर गंभीर नहीं है। गांव शहर में बेटीयां सुरक्षित नहीं हैं। महिला अत्याचार बड़े पैमाने पर बढ़ा है। हत्या लुट बलात्कार की घटना से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार मतलब जंगल राज समझा जा सकता है। झारखंड में झामुमो सरकार ने अपराधियों को बढ़ावा दिया है। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

वाहन चेकिंग अभियान चलाया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत भवनाथपुर थाना द्वारा शुक्रवार को थाना मोड़ के समीप थाना के एएसआइ फिलिप टोपनो के नेतृत्व में पुलिस के जवानो ने सघन दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा बाईक की कागजात, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। जबकि बिना हेलमेट पहने और बिना बाइक की कागजात के करीब आधा दर्जन बाईक चालको को पकड़ते हुए उनकी बाइक को जब्त कर थाना लाया गया। इस दौरान थाना के एएसआइ फिलिप टोपनो ने बाइक चालको से बाइक चलाते समय वाहन से जुडी सभी दस्तावेज अपने साथ रखने, हमेशा हेलमेट पहनकर तथा सेफ्टी के साथ बाइक चलाने की बात कही।

जन समस्याओं के निदान को लेकर बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी की अध्यक्षता में जन समस्याओं के निदान को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर के प्रशिक्षण भवन में एक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सच्चिदानंद सिंह, बीपीओ संतोष कुमार दुबे, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोपाल प्रसाद, वन विभाग के रेंजर प्रतिनिधि, पशु पालन विभाग के कर्मी ,मनरेगा बीपीओ सोनू कुमार, अंचल निरीक्षक राजकुमार प्रजापति ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी, एसबीआई शाखा प्रबंधक बीडी उरांव आदि के साथ सभी बीस सूत्री सदस्यों की उपस्थिति में जन समस्याओं के निदान को लेकर विचारों का आदान प्रदान किया गया । बैठक में थाना प्रभारी ,ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक ,विद्युत विभाग के कनीय अभियंता, पेयजल विभाग के कनीय अभियंता को अनुपस्थिति के लिए स्पष्टीकरण का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्व के बैठकों में अनुपस्थित पदाधिकारी ,कर्मचारी को स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। सदस्यों ने बैठक में ग्रामीण बैंक के कैशियर मनोज कुमार दुबे पर ग्रामीणों के साथ गलत व्यवहार करने की बात सामने आई जिसे सुधार करने के लिए निर्देशित किया गया। शिक्षा विभाग के लोगों को सरकारी स्कूल में शिक्षा का स्तर को ऊपर उठाने के लिए बी ई ई ओ को कहा गया साथ ही बीस सूत्री सदस्य दीपक कुमार सोनी ने सलेया में स्थित पुराना स्कूल भवन को अतिक्रमण मुक्त कराकर स्कूल प्रबंधन समिति को सौंपने के लिए कहा गया। स्वास्थ्य विभाग ममता वाहन के संचालकों द्वारा गलत किलोमीटर भुगतान के मामला आने पर रंका प्रखंड में चल रहे सभी ममता वाहन की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। प्रखंड समन्वयक पीएम आवास को निर्देशित किया गया कि आवास में मनरेगा मजदूरी भुगतान घर के सदस्यों के खाते में ही किया जाए ताकि बिचौलियों से मुक्ति मिल सके। आवास का लक्ष्य 2700 के विरुद्ध 2500 आवास का निबंधन कर पहला किस्त जारी करने की सूचना उपलब्ध कराई गई। बीससूत्री सदस्य ब्रजेंद्र चौधरी ने बाजार भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने एवं निर्गत की गई वासगीत पर पर्चा की सूची उपलब्ध कराने की मांग रखी। बीस सूत्री सदस्य ओम प्रकाश यादव ने चटकमान स्कूल के प्रधानाध्यापक को कार्य नहीं करने की वजह से वहां से हटाने की मांग रखी। पलायन को रोकने के लिए प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम से मनरेगा योजनाओं को जल्द अनुमोदन कर कार्य प्रारंभ कराने को कहा गया।

उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में हुई बैठक

डीसी ने की बारी-बारी से सभी विभागों की समीक्षा

गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों को जिला में अनुपालन कराने के लिये सभी जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों को अवगत कराने के उद्देश्य से बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उपायुक्त श्री घोलप ने बारी-बारी से सभी विभागों की समीक्षा की एवं योजनाओं के कार्यांवयन तथा कार्यों के संपादन में तेजी लाने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों यथा- मनरेगा, राजस्व, खाद्य आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, पेयजल, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, कल्याण, समाज कल्याण, समाजिक सुरक्षा, रोड कंस्ट्रक्शन, बिजली विभाग, कृषि, पशुपालन, श्रम नियोजन, साहाय्य आदि विभिन्न विभागों से जुड़े योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करते हुए लोगों को लाभ देने के लिये निर्देशित किया गया। आपदा प्रबंधन के तहत आपदा से प्रभावित लोगों को मुआवजा ससमय देने के लिये निदेशित किया गया। आपदा प्रबंधन के तहत आपदा से प्रभावित पीड़ित व्यक्तियों यथा-आगजनी, वज्रपात, अतिवृष्टि, सड़क दुर्घटना, सर्पदंश, डूबने के कारण मृत्यु, कोविड-19 से मृत व्यक्तियों/ घायल व्यक्तियों को अथवा उक्त कारणों से घर मकान पशु-मवेशी आदि के जलने/नष्ट होने आदि पर सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा राशि देने एवं लाभुकों के आवेदन को ससमय निष्पादित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। आपदा प्रबंधन के तहत पीड़ित व्यक्तियों को अथवा उनके आश्रितों को वर्तमान वित्तीय वर्ष में साहाय्य शाखा से कुल 76 लाख 56 हजार 1 सौ रुपये की राशि स्वीकृत करते हुए मुआवजे के रूप में प्रदान किया गया है। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, रंका एवं नगर उंटारी तथा जिला स्तर के अन्य पदाधिकारियों के साथ साथ सभी प्रखंड के बीडीओ एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थें।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा।

अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 05/RE/EE/RDD/SD/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– **28.09.2022 से दिनांक 30.09.2022** (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– **07.10.2022** (अपराह्न **3.00** बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 07.10.2022 (अपराह्न **3.30** बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

ग्रुप सं0	प्रखण्ड का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	डोमचाँच	डोमचाँच प्रखण्ड के ग्राम काराखूँट में श्यामसुंदर यादव के घर से चिंतामणी महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	9,82,373.00	20000.00	2500.00	छः माह (06)

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें। कार्यपालक अभियंता,
PR 278487 (Rural Work Department) 22-23 (D) ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.
MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010
(CIN – U855100JH2013SGC001276)E-mail:jmhidpc2014@gmail.com
Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/ GST No. 20AADCJ4293L2ZH

Bid Ref. No.JMC/NIT-22/OA/49 **Date:23-09-2022**

SHORT TENDER OF RATE CONTRACT FOR SUPPLY OF OFFICE ACCESSORIES FOR DRUG DIRECTORATE, RANCHI.
2nd ~~CALL~~ (VERY SHORT TENDER)

The **Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & Procurement Corporation Limited(JMHIDPCL), Ranchi** hereby invites separate **Technical Bid** and **Financial Bid** (two envelope system) through e-procurement from eligible Manufacturer/ their Authorized Dealer /Distributors/ Authorized Stockiest for **Rate Contract for Supply OFOFFICE ACCESSORIES for DRUG DIRECTORATE, RANCHI.**

The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

Particulars	Date & Time
Name of Work	Rate Contract for Supply OFFICE ACCESSORIES for DRUG DIRECTORATE, RANCHI.
Time of Completion	Within 45 days after issue of workorder
Date of Publication of Bid	26-09-2022
Pre Bid Meeting Date & Time	30-09-2022 00:00PM 03:00 PM
Bid Submission Start Date	01-10-2022
Bid Submission Closing Date & Time	06-10-2022 00:00PM 03:00 PM
Bid Opening Date for Technical Proposal	07-10-2022
Date of Opening of Financial Proposal	To be notified later
Application Fee (Non-Refundable)	5000/- (Rupees Five Thousand Only)
Earnest Money Deposit	50000/- (Rupees Fifty Thousand Only)
Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell	+91-8709368893 / +91-9955792367

Note: *The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the JMHIDPCL, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.*

JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCLin this regard shall be final.

Detailed Bid document can be seen, downloaded, and applied through website http://jharkhand tenders.gov.in only, hard copies of Technical Bid&FinancialBid will not be entertained except original Application Fee & Earnest Money Deposit.

Sd/- Managing Director, JMHIDPCL

PR.NO.278510 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd(22-23):D

महत्वपूर्ण न्यूज

बरवाडीह थाना परिसर में दुर्गापूजा मनाने को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। दुर्गापूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बरवाडीह थाना परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राकेश सहाय ने किया। बैठक में एसडीपीओ दिलु लोहरा, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, पूजा समिति, जनप्रतिनिधि व अन्य गणमान्य शामिल हुए। इस दौरान एसडीपीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान सभी पूजा पंडालों पर दंडाधिकारी और पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्वक दुर्गापूजा का त्योहार मनाने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी ने लोगों से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार पूजा मनाने की अपील की। कहा कि पूजा पंडालों पर अश्लील गाना बजाने पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। उन्होंने लोगों से प्रेम व उत्साह के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील किया। इस मौके पर नियमित रूप से पानी, बिजली व साफ सफाई करने की बात कही गई। जिस पर बीडीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड के सभी पूजा पंडालों व अन्य चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सभी पूजा पंडाल के निकट सीसीटीवी लगाकर निगरानी होगी। आपत्तिजनक गाना नहीं बजने चाहिए। सभी मिल जुलकर दुर्गापूजा मनाएंगे। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। यदि अफवाह की सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। श्रद्धालुओं के लिए महिला और पुरुषों के लिए प्रवेश द्वार अलग-अलग बनाया जाए। पूजा कमेटी विसर्जन जुलूस तय रूट पर करें, ताकि प्रशासन सहयोग कर सके। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वयन स्थापित कर मां की पूजा कर अच्छे नागरिक होने का परिचय दे। इस मौके पर जीप सदस्य मुखिया कालू देवी, आशीष सिंह, जितेन्द्र सिंह, बूढ़ेश्वर सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार उर्फ पिंटू, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जय प्रकाश रजक, सुनील सिंह, राकेश अग्रवाल, पूर्व उप्रमुख पंकज गुप्ता, प्रवीण कुमार, दीपक तिवारी, राजदीप रिकी, राजेश कुमार, अमन कुमार उर्फ निखिल कुमार, रंजीत सिंह राणा, विकास सिंह, प्रेम कुमार अधूरा सुबोध कुमार आदि मौजूद थे।

भंडरा थाने में हुई शांति समिति की बैठक, आपसी सौहार्द से दुर्गापूजा मनाने का निर्णय

भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दुर्गापूजा के आयोजन को लेकर शुक्रवार को भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर चंद्र मोहन हांसदा, एसआई विकास विश्कर्म और थाना प्रभारी गौतम कुमार ने संयुक्त रुप से की। इस मौके पर शांति पूर्वक आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। इंस्पेक्टर चंद्र मोहन हांसदा ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी पूजा समितियों को पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया है। किसी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न दे। सोशल मीडिया पर अनावश्यक चीजों को पोस्ट करने से बचें। उन्होंने लोगों को नशापान से दूर रहने की सलाह दी। वहीं थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि पर्व को देखते हुए पुलिस प्रसाशन सतर्क है। क्षेत्र में कड़ी नजर रखी जा रही है। संदिग्ध पाए जाने पर दोषियों को बक्सा नही जाएगा। इस मौके पर वरीय लेखा पाल अविनाश कुजूर, मुखिया इंद्रदेव उरांव, टेले उरांव, धनेश्वरी उरांव, कइली उरांव, देवेंद्र साहू, बालकृष्ण सिंह, रवि यादव, ईश्वरी मोहन शर्मा, विवेक सोनी, जुलफन अंसारी, जगजीवन उरांव, शेरू अंसारी और रामजी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर जनता दरबार में डीसी से मिले अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण

गारु (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बारेसाढ़ में आंगनबाड़ी सेविकाओं का चयन किया जाना था, लेकिन तीन बार ग्रामसभा होने के बावजूद आंगनबाड़ी सेविका का चयन अब तक नहीं हो पाया है। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को डीसी कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं ने सेविका के चयन की प्रक्रिया को नियम संगत करवाने का आवेदन दिया। इसके बाद डीसी ने मामले की जांच कर जल्द से जल्द चयन करवाने का आश्वासन दिया। महिला अलका तिर्की, इंद्रकलिया देवी, रीमा देवी, लीलावती टोप्पो, अनीता देवी आदि ने बताया कि बारेसाढ़ ग्राम-एक में आंगनबाड़ी सेविका के चयन को लेकर तीन बार बैठक हुई, लेकिन नतिजा कुछ भी नहीं निकला। जबकि महिला बाल विकास एवं सुरक्षा विभाग की ओर से दो जून 2006 को प्रसारित आम सूचना में यह स्पष्ट उल्लेख है कि बारेसाढ़ में आंगनबाड़ी सेविका के चयन में अनुसूचित जनजाति वर्ग की अधिकतम शैक्षणिक योग्यता वाली महिलाओं को प्राथमिकता मिलेगी।लेकिन कुछ लोग नियम के विरुद्ध चुनाव प्रक्रिया करवाने का दबाव बना रहे हैं। इस बाबत सीडीपीओ अनीता देवी ने बताया कि सरकार के प्रावधान के अनुसार सेविका का चयन प्रखंड क्षेत्र में किया जा रहा है। इसी के तहत बारेसाढ़ एक में ग्रामसभा का आयोजन किया गया था। लेकिन सेविका का चयन नहीं हो सका है। कुछ लोगों द्वारा नया सर्वे कर चुनाव करने का दबाब बनाया जा रहा है।

जिला परिषद की बैठक में विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड परिसर स्थित जिला परिषद सभागार में शुक्रवार को जिला परिषद की अध्यक्ष रीना कुमारी की अगुवाई में बैठक हुई। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति व प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान पेयजल व स्वच्छता विभाग, आपूर्ति, कल्याण, आरइओ, विशेष प्रमंडल, कृषि, पंचायती राज, विद्युत, समाज कल्याण, शिक्षा आदि विभागों की समीक्षा की गई। साथ ही कई दिशा निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर 15वें वित्त आयोग अनाबद्ध मद से क्रियान्वित योजनाओं में 15,3,160 रुपये के विपत्रों का अनुमोदन किया गया, जबकि आबद्ध मद से क्रियान्वित योजनाओं में 13,18,700 रुपये की योजनाओं के विपत्रों का अनुमोदन किया गया। इस दौरान जिला परिषद् के किस्को मार्केट कॉपलेक्स के हॉल संख्या एक को पुस्तकालय के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया, जिस पर आने वाला खर्च जिला प्रशासन वहन करेगा। वहीं कुडू बस स्टैंड परिसर में नाली निर्माण, शेड एवं दुकान निर्माण, पेयजल, माईक एवं लाउडस्पीकर लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कुडू बस स्टैण्ड परिसर से अतिक्रमण हटाने का भी निर्णय लिया गया। पंचायत समिति लोहरदगा के वित्तीय वर्ष 2022-23 के विकास योजना के 77 योजनाओ को अनुमोदित किया गया। लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जिले में निर्मित जलमीनार के स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की सूची बनाने का निर्देश दिया गया।

सांसद ने वैक्सीन केंद्र पहुंचकर बूस्टर डोज लेने के लिए किया जागरूक

कोरोना के बूस्टर डोज के प्रति सजग हो जनता:सुदर्शन भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। भाजपा की ओर से लोगों को हटिया गार्डन केंद्र में जाकर कोरोना टीकाकरण का बूस्टर डोज लगवाने को लेकर प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, और कार्यक्रम के संयोजक राजकिशोर महतो विशेष रूप से उपस्थित थे। सांसद की उपस्थिति में लगभग 30 लोगों को कोरोना का बूस्टर डोज लगाया गया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि यह बूस्टर डोज सभी लोगों को जल्द से जल्द ले लेना चाहिए। आम जनता टीकाकरण को लेकर खुद आगे आकर अभियान से जुड़ी थी। हमें विश्वास है कि बूस्टर डोज लेने के लिए भी वैसी ही भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोनाकाल में जिस तरह देस की जनता को निःशुल्क कोरोना का मुफ्त टीका देकर संकट की घड़ी से उबारा उसकी सराहना पूरा विश्व कर रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नीरज नलिन, सामेला भगत, बालकृष्णा सिंह, अनिल उराव, जगनंदन पौराणिक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कलावती देवी, नगर अध्यक्ष अमरेश भारती, राजेश महतो, मनीष शेखर, सजल कुमार, बृजनंदन यादव और राजकुमार साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर बूस्टर डोज के प्रति लोगों को जागरूक करते सांसद।

सांसद ने सूर्य मंदिर में किया वृक्षारोपण

सांसद सुदर्शन भगत इस दिन किस्को मोड़ स्थित सूर्य मंदिर परिसर में वृक्षारोपण करने के साथ ही सफाई अभियान में भी शामिल हुए। कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान सामाजिक जागरूकता व स्वयं की जिम्मेवारी का एहसास कराता है। पर्यावरण की स्वच्छता और सुरक्षा के बगैर सुंदर भविष्य की कामना करना गलत है। हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि पौधों का रोपन व सुरक्षा प्रदान कराए, जिससे आपदा से बचा जा सके और लोग स्वस्थ्य रहें।

अभियान चलाकर 46 वाहनों से वसूला दो लाख रुपये से अधिक का जुर्माना

यातायात नियम को नहीं मानने वाले चालकों का लोहरदगा परिवहन विभाग ने लाइसेंस किया सस्पेंड

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने शउक्रवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार और मोटरयान निरीक्षक सिरिल बेसरा ने शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालयों को जोड़ने वाली सड़कों पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की। जिसमें यातायात नियम का अनुपालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस तीन महीने के लिए सस्पेंड कर दिया गया। साथ ही कई लापरवाह वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। वाहन जांच के क्रम में डीटीओ एवं एमवीआई ने अलग-अलग स्थानों पर वाहनों के कागजात की जांच की। जिसमें वाहनों के निबंधन पुस्त, बीमा, प्रदूषण एवं ड्राईविग लाइसेंस की जांच किया गया। जांच के क्रम में कागजात प्रस्तुत नहीं करने या फिर कागजात में कमी पर 46 वाहन चालकों से कुल दो लाख पांच हजार रुपए का जुर्माना वसूल गया। जबकि कई वाहन चालकों को यातयात नियम का पाठ पढ़ाकर छोड़ा गया। डीटीओ ने हेलमेट पहनकर वाहन नहीं चलाने और कार में सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों को चेतावनी दी।

किस्को के जनवल में बुक क्लब सह पुस्तकालय का शुभारंभ

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर प्रखंड स्थित विद्यालयों में बुक क्लब का गठन नियमित रूप से जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को किस्को स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, जनवल (किस्को) में बुक क्लब-सह पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। बुक क्लब का उद्घाटन बीडीओ अनिल मिंज ने किया। इस बुक क्लब का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच पढ़ने की आदत को विकसित करना है। इन पुस्तकों में ज्ञानवर्धक, ऐतिहासिक, जीवनी से जुड़ी पुस्तकें शामिल हैं। बुक क्लब में शिक्षक-बच्चे शामिल हैं। इसमें समय-समय पर क्लब में गोष्ठी, परिचर्चा आदि का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर शिक्षकगण आदि मौजूद थे।

तुवेद कोल माइंस के विरोध में ग्रामीणों ने डीसी कार्यालय को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। दामोदर तुवेद कोल माइंस के विरोध में शुक्रवार को छह गांव अंबाझारण, धोबियाझारन, तुबेद, नेवाड़ी, मंगरा और डीही के सैकड़ों रैयत समाहरणालय पहुंचे। सभी ने एक सूर में कहा कि डीबीसी कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। इ दौरान मौके पर मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, बीडीओ मेघनाथ उरांव और सदर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने और डीसी कार्यालय का घेराव करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान बाबूलाल उराव ने कहा कि डीबीसी कंपनी को हम जमीन नहीं देना चाहते हैं। इसके बावजूद डीवीसी द्वारा गोपनीय तरीके से दो दिन पूर्व कंटेनर गिरा दिया गया है। जिसका हम विरोध करते हैं। यह आंदोलन डीवीसी द्वारा कंटेनर नहीं हटाए जाने तक चलेगा। कहा कि अगर हम डीवीसी को जमीन दे देते हैं तो हम लोग कहा जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह भूमि केवल हमारा निवासस्थान ही नहीं, बल्कि इससे पुरखों की यादें जुड़ी हुई हैं। हमारे पूर्वजों की धरोहर है। इसको हम नहीं छोड़ सकते हैं। अगर यह जमीन छिन जाती है तो भूखे मरने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचेगा। हमें हमारी जमीन से बेदखल करने का षड्यंत्र चल रहा है। अगर कंटेनर नहीं हटा तो उग्र आंदोलन करेंगें।

पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत समाहरणालय सभागार से जागरूकता रथ को दिखायी गयी झंडी

पर्यावरण को बचाना है तो बंद करना होगा प्लास्टिक का इस्तेमाल : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को समाहरणालय सभागार से डीसी भोर सिंह यादव, आइटीडीए निर्देशक विदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला खेल सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह और जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान डीसी ने जिलेवासियों से अपील की कि ना सिर्फ पर्यटन स्थल बल्कि किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें। उसके स्थान पर कपड़े एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल वस्तुओं का उपयोग करें, ताकि हमारा पर्यावरण एवं वातावरण स्वच्छ बना रहे। डीसी ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में जाकर आमलोगों को जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि इस स्वच्छता जागरूकता अभियान का सभी जिलेवासी हिस्सा बनें। जिले में जितने भी धरोहर है। उसे साफ-सुथरा और पॉलिथिन मुक्त रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस दौरान जिला खेल सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले के पर्यटन स्थलों पर 30 सितंबर तक पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान पर्यटन स्थलों एवं उसके आसपास के विद्यालयों में कार्यक्रम चलाये जाएंगे। पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों व स्थानीय लोगों के बीच नो सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक कप के स्थान पर कुल्हड़ एवं पत्ता प्लेट का उपयोग करने के लिए उन्हें जागरूक किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़े के तहत जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में खिलाड़ियों एवं अन्य सभी के सहयोग से स्वच्छता मुहीम चलायी जा रही है।

जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते लातेहार डीसी व अन्य।

तर्पण सह चेरो मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक रामचंद्र सिंह

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। चेरो वंशज महाराजा मेदिनीराय के तर्पण सह गोष्ठी कार्यक्रम में मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह भी शामिल हुए। शुक्रवार को राजा मेदिनीराय को पलामू किला मेला का आयोजन समिति अध्यक्ष अरविंद सिंह चेरो द्वारा पितृपक्ष में विधि विधान से औरंगा नदी तट पर तर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतातें चले कि आदिवासी विकास माह कुंभ मेला समिति भरदुल सिंह की अगुवाई में आदिवासी कला सांस्कृतिक के माध्यम समाज के बच्चों ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक लोक गीत के माध्यम से स्थानीय कलाकार सहित उत्तर प्रदेश के दूधी से चलकर आए पूर्व विधायक हरिराम सिंह, चेरो जीप सदस्य मेदिनीनगर बासो देवी, बलवंत सिंह यूथ कांग्रेस नेता व स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू आदि ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर मंगरा मुखिया अवधेश सिंह चेरो, लक्ष्मण सिंह, फुलेश्वर सिंह आदि थे।

जिला अध्यक्ष ने कराया ध्यान आकृष्ट

लातेहार (आजाद सिपाही)। जिले में कार्यरत सहायक अध्यापकों का जैक की ओर से आकलन परीक्षा ऑन लाइन भरने में आ रही समस्याओं पर डीसी और जिला शिक्षा अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। दोनों पदाधिकारी के मीटिंग में व्यस्त रहने के कारण डाक के माध्यम से आवेदन देते हुए सभी सहायक अध्यापकों को आकलन परीक्षा का फॉर्म भरने के लिए उचित माध्यम से व्यवस्था किया जाए। एडीपीओ अनूप केरकेट्टा और पारा प्रभारी संतोष कुमार से मिलकर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जांच के नाम पर हम लोगों ने तीन-तीन बार जिले को राशि दिया उसके बाद चौथी बार भी सहयोग देते हुए जांच के लिए सहयोग किया। इसके बाद भी फॉर्म का नहीं भर पाना निंदनीय है। शनिवार को दोनों विधायकों को भी उक्त समस्या के निदान के लिए मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा मांग पत्र दिया जाएगा। फिर भी 1200 प्रशिक्षित सहायक अध्यापक फॉर्म भरने से वंचित रहे तो जिले से राज्य स्तर तक जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

मनिका के वन कर्मियों ने अवैध लकड़ी लदा टेंपो पकड़ा

मनिका/लातेहार (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड में वन विभाग के कर्मियों ने छापामारी कर अवैध रूप से साल प्रजाति की कीमती लकड़ी का चौखट ले जा रहे एक टेंपू को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार रेंजर संजय कुमार को सूचना मिली थी कि रांकिकला जंगल से अवैध रूप से साल प्रजाति की लकड़ी का लगभग 20 चौखट टेंपू में लाद कर ले जाया जा रहा है। जिसके बाद फॉरेस्टर लल्लन उरांव ने वन विभाग के कर्मियों की एक टीम गठित की। जिसमें वंरक्षी अमित कुमार, अनिल कुमार, सुमंत कुमार, कुणाल कुमार, मनोज सिंह आदि शामिल थे। सभी ने रांकिकला जंगल में छापामारी अभियान चला कर टैंपू को पकड़ लिया। वन कर्मी जब्त टेंपो को मनिका स्थित वन विभाग के कार्यालय लेकर आए। साथ ही जांच शुरू कर दी है।

प्रमुख व उप प्रमुख ने विभिन्न विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, बच्चों से पूछे सवाल

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड में सरकारी स्कूलों की बदहाली, उसकी पढ़ाई लिखाई के स्तर और शिक्षकों के गुणवत्ता को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार मामले आते रहे हैं। ऐसा ही मामला बरवाडीह प्रखंड मुख्यलय से तीन किलोमीटर दूर सरकारी स्कूल में देखने को मिला। शुक्रवार को प्रखंड सुशीला देवी व उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने लुहूर उत्क्रमित मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण कर स्कूल में पढ़ रहे बच्चों से कई सवाल किए, जिसका बच्चे जवाब ही नहीं दे सके। वहीं, स्कूल की व्यवस्था देख दोनों ने नाराजगी जाहिर की और सुधार लाने की हिदायत दी। वहीं उपप्रमुख द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री का नाम पूछे जाने पर सातवीं-आठवीं कक्षा तक का कोई बच्चा जवाब नहीं दे सका। वहीं, स्कूल में बच्चों की उपस्थिति भी बेहद कम थी। इस पर प्रमुख सुशीला कुमारी ने नाराजगी जाहिर की। बतातें चलें कि प्रमुख सुशीला कुमारी और उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार लगातार स्कूलों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इस बीच प्रमुख व उप प्रमुख प्राथमिक विद्यालय अहिरपुरवा पहुंचे और वहां बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षा देने की नसीहत दी व प्राथमिक विद्यालय मनाकुलांग में कैंपस के बाहर गंदगी में बच्चों को खेलता देख प्रमुख भड़क गई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द सुधार करें नहीं तो कार्रवाई होगी।

डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की शिकायतें

लातेहार (आजाद सिपाही)। डीसी भोर सिंह यादव ने शुक्रवार को जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्रामीणों की शिकायतें सुनी और उसके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जनता दरबार में कुल 15 मामले आए। इनमें मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने, भूमि अधिग्रहण, आंगनबाड़ी सेविका के चयन में अनियमितता, पीएम आवास व स्लम राहत योजना का लाभ देने, आवासी, आय व जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने मुआवजा व रोजगार आदि शामिल है।

भंडरा में बिजली चोरी के आरोप में छह पर केस दर्ज

भंडरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विटपी, धनामूंजी और नौडीहा चौंक में शुक्रवार को बिजली चोरी के खिलाफ छापमारी कर कनीय विद्युत अभियंता बनारसी राम ने छह लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का आरोप लगाते हुए भंडरा थाने में केस दर्ज कराया है। इसमें विटपी निवासी सुरेश लोहरा, धनामूंजी के बरतू उरांव और सोमा उरांव, नौडीहा चौंक के रमेश उरांव, विनय उरांव और रविरंजन भगत शामिल हैं। सुरेश और बरतू पर छह हजार रुपये क्षतिपूर्ति राशि और अन्य सभी पर 10 हजार रुपये आर्थिक दंड लगाया गया है। इन पर एलटी लाईन से टोका लगाकर अपने दुकान में अवैध बिजली चोरी करने का आरोप है। वहीं, छापामारी में संजीत कुमार, संतोष कुमार और कौशल किशोर राम आदि थे।

अज्ञात अपराधियों ने वृद्ध को अगवा कर गला रेत कर निर्मम तरीके से की हत्या

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के लोंगा महुआ टोली गांव से गुरुवार की रात अज्ञात करीब आधा दर्जन अपराधियों द्वारा गांव के 60 वर्षीय मंगलेश्वर भगत का अपहरण कर गला रेत कर हत्या कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात करीब 12 बजे लगभग आधा दर्जन अज्ञात अपराधी लोंगा महुआ टोली गांव पहुंचे। जंहा से गांव के लगभग 60 वर्षीय मंगेश्वर भगत के घर जा कर दरवाजा खोलवाया और मंगलेश्वर भगत को अगुआ कर लिया गया। जिसके बाद अपराधी उसे रात में ही लोंगा पल के समीप ले गए। जहां निर्मम तरीके से वृद्ध का गला रेत कर धड़ से सर को अलग कर हत्या कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिशुनपुर थाना प्रभारी सदानंद सिंह, गुमला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर एहतेशाम वकारीब, अभियान एसपी गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल बिशुनपुर थाना प्रभारी सदानंद सिंह घाघरा थाना प्रभारी बिशुनपुर थाना के एसआई घनश्याम रवि अंकुर कुमार घटनास्थल पहुंचे। जहां से शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं मृतक की पत्नी मिना देवी ने अज्ञात करीब आधा दर्जन अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में बिशुनपुर थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह घटना आपसी रंजिश के कारण हुई है ऐसा प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है जो भी दोषी इस घटना में शामिल है। उसे बख्शा नहीं जायेगा।

जल सेनानी क्लब का गठन किया

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्र मध्य विद्यालय रामजड़ी में जल सेनानी क्लब का गठन किया गया।जल सेनानी क्लब के अध्यक्ष के रूप में मुस्कान कुमारी एवं उपाध्यक्ष के रूप में राहुल मिंज का चयन किया गया ।विद्यालय की प्रधानाध्यापक श्रीमती पार्वती कुमारी के द्वारा जल सेनानी क्लब के दायित्वों की जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की गयी।इस दौरान मुख्य रूप से शिक्षक अर्जुन कंसारी,शंकर कंसारी बेंजामिन मिंज के द्वारा भी उनके कर्तव्यों के बारे समझाया गया।

विभागवार समीक्षा बैठक की

सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में शुक्रवार को विभागवार समीक्षा बैठक की गई। अध्यक्षता प्रमुख मीणा देवी ने की। बैठक में बाल विकास परियोजना,शिक्षा, चिकित्सा, खाद्य आपूर्ति, कृषि,बैंक,थाना, महिला प्रसार, मनरेगा,आवास, उद्योग, आत्मा विभाग और जेएसएलपीएस के अधिकारी एवं प्रतिनिधियों ने अपने अपने विभाग से चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर सीओ सह एमओ अरुणिमा एक्का,उपप्रमुख नीलेश उरांव, संसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, बीपीओ शिक्षा दिलदार सिंह, जेएसएलपीएस बीपीएम रिजवाना, मनरेगा बीपीओ गीता कुमारी, आवास समंवयक आलोक कुमार मिश्रा, बीइओ कृषि अजय कुमार साहू, एलिओ सुषमा तिर्की, पंसस सुनीता देवी, जाकिर अली, कंहैया यादव, अनिता उराइन सहित सहित सभी पंचायत समिति सदस्य,पंचायत सचिव,जनसेवक व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

बिजली चोरी को लेकर की छापेमारी

चैनपुर (आजाद सिपाही)। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चल रही है विभागीय छापेमारी के तहत गुरुवार को चैनपुर में छापेमारी की गई जिस में अवैध रूप से बिजली चोरी कर उपयोग करने वाले 5 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उनके ऊपर आर्थिक दंड के रूप में जुमार्ना भी लगाया गया। विद्युत विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा चैनपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में अवैध रूप से बिजली जलाने वाले के विरुद्ध गुरुवार को छापेमारी की गई जिसमें चैनपुर के। जांच टीम सर्वप्रथम चैनपुर के छतरपुर स्थित गणपति बप्पा पेट्रोलियम पेट्रोल पंप में छापेमारी की तो मिला कि पेट्रोल पंप के संचालक अवैध रूप से चोरी कर बिजली का उपयोग कर रहे हैं जिससे विभाग को 1 किलो वाट बिजली 10494 रु का घाटा हुआ। बिजली विभाग ने छतरपुर गांव के एलेक्सयूस टोप्पो के घर में भी छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ा, नीरज झा, सुमित कुजुर व जोइस मिंज को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। पांचों के विरुद्ध बिजली विभाग के द्वारा चैनपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

शांति समिति की बैठक की

घाघरा (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक घाघरा थाना परिसर में शुक्रवार को बीडियो विष्णु देव कच्छप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दुर्गा पूजा समिति के सभी अध्यक्ष व सचिव के अलावे जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान पूजा-पाठ धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई। वही पूजा के दौरान भारी वाहनों का परिचालन आरती के समय रोक दिया जाएगा। पूजा से पहले प्रखंड मुख्यालय के सड़कों पर हुए गड्ढे की भराई करने की बात कही गई। शराब की दुकान पूजा से 4 दिन पूर्व से ही बंद करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रत्येक दिन मोटरसाइकिल चेकिंग किया जाएगा। पूजा के दौरान सभी पंडालों में पुलिस जवान तैनात रहेंगे। साथ ही थानेदार अमित कुमार चौधरी ने कहा कोई भी असामाजिक तत्व यदि किसी भी तरह का असामाजिक कार्य करता है तो इसकी सूचना तुरंत थाना को दे ताकि किसी भी तरह का अप्रिय घटना घटने से पहले उसे रोक लिया जाए। दुर्गा पूजा मै लाइसेंस रिन्यूअल के लिए भी आवेदन करने की बात कही गई।

वनवासी कल्याण केंद्र गुमला की बैठक संपन्न

गुमला (आजाद सिपाही)। वनवासी कल्याण केंद्र गुमला जिला की बैठक जशपुर रोड स्थित पर्यटक भवन में हुई। वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड प्रांत के मंत्री पुनीत लाल ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में अक्टूबर माह में आयोजित प्रांत सम्मेलन से संबंधित विषय, आगामी तीन वर्षीय कार्य योजना पर समीक्षा, एवं 15 नवंबर से 20 नवंबर तक जनजाति गौरव दिवस सभी प्रकल्पों, सभी प्रखंडों, तथा जिला मुख्यालय में भव्य रूप से मनाने पर विचार विमर्श किया गया । तथा संगठन के कार्यों को दृढ़ करण करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर शिशु मंदिर विद्या मंदिर के सभी प्रधानाचार्य स्वयं सहायता समूह देखने वाले मंडल प्रमुख एवं वीरकेरा संच एवं आंज़न संच के संच प्रमुख, छोटया महतो, बिरजू नगेसिया, रायडीह प्रखंड समिति के श्री बुधनाथ सिंह, खुदी ठाकुर एवं जिला समिति के सचिव गोपाल कुमार, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, अशोक साहू, नारायण उरांव अजय साहू, औपचारिक विद्यालय के गुमला विभाग निरीक्षक दीनबंधु सिंह, विभाग संगठन मंत्री नरेश गुप्ता ,प्रांत महिला प्रमुख ललिता कुमारी, प्रांत एकल विद्यालय योजना प्रमुख कामेश्वर साहू, जिला महिला प्रमुख लक्ष्मी कुमारी शबरी आश्रम छात्रावास प्रमुख रीना कुमारी, संकुल ग्राम विकास सहयोगी अंगनू उरांव, जिला संगठन मंत्री खेदू नायक आदि उपस्थित थे।

भाजपाइयों ने भूषण बाड़ा की हरकतों की निंदा की

विधायक भूषण बाड़ा पर धर्मांतरण करने के लिए दबाव बनाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा द्वारा डराकर शिक्षक अनूप भारती को जबरन ईसाई धर्म कबूल करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगा है। जिस की भाजपा गुमला जिला ने कड़ी निंदा की है। विरोधस्वरूप पूरे जिले में आक्रोश है। मंडलों में पुतला दहन किया जा रहा है। भाजपा गुमला जिला राज्य सरकार से भूषण बाड़ा की विधायकी समाप्त करने की मांग भी कर रही है। जिला अध्यक्ष अनुपचंद अधिकारी ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस विधायक द्वारा यह घृणित कार्य किया गया है उसे कांग्रेसियों की मंशा स्पष्ट हो जाती है। यह कार्य जनप्रतिनिधि के आचरण के विपरीत है यह धर्म के एजेंट के रूप में ज्यादा प्रदर्शित करती है। ये बोलने के लिए सभी धर्मों के नेता बन रहे हैं जब की सच्चाई सबके सामने आ चुकी है । मिडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि आजादी के बाद गुमला-सिमडेगा जैसे आदिवासी बहुल जिला में कांग्रेस का शासन रहा है भोले-भाले आदिवासियों को लोभ-लालच प्रलोभन देकर कांग्रेस के सह पर ईसाई मिशनरियों-विदेशी संस्कृतियों ने जमकर धर्मांतरण किया है, इनका विकास तो नहीं हुआ है जबकि इनकी धर्म-संस्कृति-संस्कार, जमीन-खनिज संपदा का विनाश जरूर हुआ है।

डीडीसी ने घोर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में कई योजनाओं की जांच की

बसिया (आजाद सिपाही)। अनुमंडल अंतर्गत कामडारा प्रखंड के टुरूण्डू पंचायत में 15 वें वित आयोग योजना के कामों में की गयी भारी गड़बड़ियां की जाँच गुमला डीडीसी हेमंत सती के द्वारा ने उग्रवाद प्रभावित इलाके में पहुंच कर स्थल जांच व भौतिक सत्यापन करने के पश्चात कामडारा प्रखंड कार्यालय पहुंच बीडीओ अमृता प्रियंका एक्का, 15 वें वित आयोग की कॉडिनेटर देवंती कुमारी, पंचायत सचिव सुरेंद्र राम महली, कंप्यूटर ऑपरेटर सुदामा का बंद कमरे में पुछताछ कर बयान कलमबद्ध किया। पत्रकारों के पूछे जाने पर डीडीसी हेमंत सती ने कहा की टुरूंडू पंचायत के विकास योजनाओं में अनियमितता बरती गयी है और इसमें अनेकों की अलग अलग भूमिका है। जांच के बाद सबपर कारवाई की जायेगी।

पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

सिसई (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर लरंगो में शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो जमशेदपुर महानगर प्रभारी आशुतोष तिवारी शामिल हुए। वें अपने पांच दिवसीय गुमला जिला प्रवास के दौरान आज सिसई के लरंगो पहुंचे थे। जहां उन्होंने विद्यालय परिसर में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण ओहदार व विद्या मंदिर के आचार्यों व छात्र छात्राओं के साथ मिलकर सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया। वहीं उन्होंने स्कूली छात्रों के बीच कई फलदार व छायादार पौधों का वितरण भी किया। इस मौके पर आशुतोष तिवारी ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हमारा दायित्व है,आप सभी स्कूली बच्चों से अपील है कि पर्यावरण के प्रति आप सभी सचेत रहें, और वृक्षारोपण करें। आप अपने गांव में भी जाकर वृक्षारोपण का कार्य करें और दूसरों को भी वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए लगाए गए पौधों का सही देखभाल करने की अपील की। इस मौके पर पूसो मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण ओहदार,भरनो मण्डल महामंत्री पीके सिंह,सरस्वती विद्या मंदिर लरंगो के प्रधानाचार्य सुरजन साहु,मिथलेश देवघरिया,मड़वारी साहु,दिनेश साहु,अभिमन्यु कुमार सहित छात्र-छात्रएं मौजूद थे।

कांग्रेस ने रखा भरोसा दूसरी बार बने प्रखंड अध्यक्ष : राजेश टोप्पो

जारी (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव की शुरूआत हो गई है। इसी क्रम में प्रखंड अध्यक्षों का भी चुनाव करते हुए प्रदेश कांग्रेस ने घोषणा कर दिया है। वही जारी प्रखंड अध्यक्ष के तौर पर राजेश टोप्पो को दूसरी बार प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। जिससे प्रखंड कांग्रेस के कार्यकताओं में खुशी है। घोषणा होते ही प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो ने कहा कि यह जिम्मेदारी जो मिली है और मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर भरोसा करने के लिए सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर जी, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम जी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष रोशन बरवा जी को मैं दिल से धन्यवाद देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि उनकी जिस उम्मीद और भरोसा के साथ मुझे जिम्मेदारी दी गई है। उसे हर संभव सफल करूंगा। और अपने अभिभावक विश्वास पर खरा उतरूंगा पद के साथ दिल से 2024 तक ना बैठूंगा ना बैठने दूंगा । जो जिम्मेदारी दी है उसे अपने संगठन के छोटे बड़े भाइयों के साथ मिलकर सफल करने का भरपूर प्रयास भी करूँगा।

शोषण, अत्याचार और पिछड़ापन से मुक्ति के लिए नशाबंदी जरूरी

घाघरा (आजाद सिपाही)। राज्य में शोषण, अत्याचार और पिछड़ापन से मुक्ति के लिए नशाबंदी जरूरी है। जिस पर सरकार बिल्कुल उदासीन रवैया अपना रही है। उक्त बातें झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कह रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि कहा कि अलग राज्य के इन 22 वर्षों में किसी भी सरकार ने जनभागीदारी युक्त एवं जरूरत के हिसाब से योजना तय कर राज्य में नहीं चलाया। नतीजतन अमीर राज्य की गरीब जनता आज लूट, बेरोजगारी, पलायन, मानव तस्करी एवं शोषण का शिकार होने को मजबूर है। श्री सिंह ने जन सत्याग्रह कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में घूमना चलने की अपील की। बताते चलें कि शुक्रवार को झारखंड नवनिर्माण दल व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की आवश्यक बैठक जागो अभियान के तहत आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता दल के नेता धर्मपाल हो रहा हूं वह भी लो भगत ने संयुक्त रूप से किया। जहां आगामी 28 सितंबर शहीद भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष पर जिला मुख्यालय में जन सत्याग्रह कार्यक्रम आहूत करने का निर्णय लिया गया पर रूपरेखा तैयार की गई। शिवा को वरिष्ठ नेता प्रकाश ग्राम वह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति के प्रखंड प्रभारी बिलो भगत ने भी सभा को संबोधित करते हुए सरकार के गलत नीतियों वह उनको आईना दिखाने का काम किया है। इस मौके पर किसान नेता आदित्य सिंह, शिव प्रसाद साहू, बिपता भगत, मंगरा भगत, संजय उरांव, राजू उरांव, सुखराम उरांव, जागेश्वर उरांव, विनीता उरांव, स्वर्णलता केरकेट्टा, बजंत्री देवी, अनीता देवी, कुर्मी देवी, शांति देवी, शुक्रमुनि कुमारी, लालू देवी, वीणा देवी, पिंकी उरांव, उर्मिला उरांव, बुधनी देवी सहित काफी संख्या में डलवा महिला मंडल के अगुआ सदस्य मौजूद थे।

कांग्रेस पार्टी के जिला कमेटी का प्रदेश प्रतिनिधि घोषित किये जाने पर दी बधाई

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोहरदगा जिला से राज्यसभा सांसद, धीरज प्रसाद साहू, मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, पूर्व महासचिव झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी डॉक्टर अजय शाहदेव, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, वीर केशरी सिंह व नेशार अहमद को जिला कमेटी का प्रदेश प्रतिनिधि घोषित किया है। इसके अलावे सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष बनाया है। इसे लेकर संगठन सशक्तिकरण अभियान के जिला संयोजक कालीचरण मुंडा, सह संयोजक शशिभूषण राय व रमेश कुमार चीनी ने सभी को बधाई दी है। साथ ही आशा जताई है कि प्रदेश कमेटी के विश्वास पर खरा उतरते हुए पार्टी हित में काम करेंगे और कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत व सशक्त बनाने में भूमिका निभायेंगे।

15वें वित आयोग की विकास योजनाओं में बरती अनियमितता पर जिला प्रशासन सख्त

पड़ताल को लेकर डीडीसी लगातर कर रहे हैं दौरा

हिमांशु रंजन

बसिया। प्रखंड के टुरूण्डू पंचायत में 15 वें वित आयोग के विकास योजनाओं में व्यापक तरीके से बरती गयी अनियमितता और सरकारी राशि के दुरूपयोग के मामले में जिला प्रशासन सख्त होता जा रहा है। इस मामले में शुक्रवार को पुनः दुसरे दिन डीडीसी हेमंत सती ने कामडारा प्रखंड का दौरा किया। इस मामले की गहन जांच पड़ताल की। डीडीसी सबसे पहले टुरूण्डू पंचायत के बोंगदा टंगरा टोली गाँव पहुँच 4 लाख 94 हजार 800 रूप्ये की लागत से लगायी गयी सोलर जलमिनार टंकी का जायजा लिया और ग्रामीणों से पुछताछ की ।जांच के क्रम में पाया गया की सोलर टंकी में बोर्ड नहीं लगाया गया है और रिकार्ड मेंन्टेन नहीं था । वहीं पोजे बड़का टोली स्थित

हेल्थ सेंटर में निमार्णाधीन पेबर ब्लॉक सड़क का डीडीसी द्वारा निरीक्षण किया जिसमें 2 लाख 45 हजार 800 रुपये की लागत से बनने वाले पेबर ब्लॉक सड़क की राशि 14 फरवरी 2022 की तिथि में एफटीओ के माध्यम से निकासी की जा चुकी थी पुछताछ के क्रम में डीडीसी को ग्रामीणों ने बताया की पेबर ब्लॉक की निमार्णाधीन सड़क दो दिन पहले बनायी गयी है और बिना तकनीकी स्वीकृति के ही सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यहाँ के बाद डीडीसी ने टुरूण्डू पंचायत सचिवालय में मौजूद पंचायत के सभी तात्कालिक वार्ड सदस्य, मुखिया, समेत शिकायतकर्ता ज्योति समेत ग्रामीणों से पंचायत के कार्यप्रणाली, मुखिया की अनुपस्थिति, ग्राम पंचायत की बैठक, विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए उनके बयान को कलमबद्ध कराया।

राजस्व कर्मी और राजस्व निरीक्षक हड़ताल पर

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। एक तरफ राज्य सरकार ने अपने सरकारी कर्मचारियों के लिए खजाने खोल दिये हैं, तो दूसरी तरफ सरकार के ही कर्मी सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे हैं। आपको बता दें कि 16 सितंबर से राज्य भर के राजस्व कर्मी एवं राजस्व निरीक्षक हड़ताल पर हैं। जिसके कारण अंचल का कामकाज ठप पड़ा हुआ है। वहीं क्षेत्र के कई स्कूली बच्चे आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, एवं विभिन्न कार्यों के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। छात्र छात्राओं को आय आवासीय जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती है कार्य नहीं होने से छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसी का आवासीय प्रमाण पत्र का काम रुका हुआ है किसी का आय प्रमाण पत्र लंबित है तो किसी के जमीन का म्यूटेशन रुका हुआ है किसी का सुधार कार्य प्रभावित हो रहा है सरकार चुप बैठी है कुल मिलाकर कहें तो अंचल कार्यालय में महज खानापूर्ति हो रही है। जनता अंचल कार्यालय पहुंचती है और सिर्फ कार्यालय देखकर उदास मन से वापस लौट रही है। बताते चलें कि राजस्व कर्मी अंचल कार्यालय के रीड की हड्डी के समान है किसी भी कार्य की शुरूआत सबसे पहले उनके आईडी से होती है अब उनके नहीं रहने से बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। झारखंड राज्य राजस्व उपनिरीक्षक संघ के आव्हान पर राज्य के 265 अंचल के 2900 राजस्व कर्मी अपने 11 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर गए हैं। जिसमें झारखंड सरकार के 2019 के समझौते के आधार पर राजस्व उपनिरीक्षक का ग्रेड पे 2400 व 3 वर्ष के बाद ग्रेड पे 2800 करने, अंचल निरीक्षकों के 50% पदों पर राजस्व निरीक्षकों को प्रोन्नति देने, उन्हें सुरक्षा मुहैया कराए जाने,दो पहिया वाहन के ईंधन खर्च दिए जाने एवं पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने, राजस्व निरीक्षकों के रिक्त पदों का अविलंब आर आ जाए उप निरीक्षकों को लैपटॉप दिया जाए साथ ही नेट की सुविधा प्रदान की जाए आदि प्रमुख मांगो को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। इस संबंध में अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि राजस्व कर्मी के हड़ताल पर चले जाने से भारी परेशानी क्षेत्रवासियों को झेलनी पड़ रही है। अंचल संबंधित लोगों की कई तरह के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। काम के लिए अंचल कार्यालय आकर लोग बैरंग लौट रहे है लोगों को हो रही असुविधा से मैं भी काफी परेशान हूं।

बीडीओ और प्रखंड कर्मीयों ने किया पौधरोपण

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को फलदार वृक्ष बीडीओ विष्णु देव कच्छप एवं प्रखंड कर्मियों के द्वारा लगाया गया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा स्वच्छता अभियान के तहत फलदार पौधरोपण किया गया है, ताकि पूरा परिसर स्वच्छ व साफ रहे वातावरण शुद्ध रहे। इस मौके पर आम के वृक्ष लगाये गये। वहीं बीडीओ ने प्रखंड में कार्यरत कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी अपने अपने घरों में एवं खाली जगहों पर कम से कम एक एक पौधा अवश्य लगाये। ताकि वातावरण शुद्ध रहे और पौधे को अपने पुत्र के समान देखरेख करे जब तक पौधा वृक्ष का रूप नहीं ले लेता है। उन्होंने पर्यावरण पर कई तरह की बातें भी बताई और लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ विष्णु देव कच्छप, सीइओ प्रणव ऋतुराज, बीपीओ अजय लकड़ा, खुदीराम उरांव, भोला पंडित, विकास कुमार, संतोष उरांव एवं सौरव सेन सहित दर्जनों की संख्या में प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज कई प्रखंडों में करायेगा समाज के पदाधिकारियों के लिए चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला गुमला अंतर्गत प्रखंड समिति का चुनाव दिनांक 25 सितंबर को किया जायेगा। इसके साथ ही जिला महिला समिति, नगर महिला समिति, नगर युवा समिति सहित सभी इकाई का गठन माह अक्टूबर तक कर लिया जायेगा। समाज के गरीब अनाथ असहाय कन्याओं का सामूहिक विवाह सहायतार्थ लॉटरी ड्रॉ का आयोजन के लिए 30 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई है। समाज के पदाधिकारियों ने सभी बुद्धिजीवी समाजसेवी से लॉटरी ड्रॉ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से समाज के जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर साहू ने कहा कि समाज एक रणनीति के तहत कार्य कर रही है। इसमें सबकी सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होने प्रखंड वार समाज के चुनाव में चुनाव प्रभारी से अनुरोध किया है कि अपने प्रभार वाले प्रखंड में चुनाव का कार्य संपन्न कराएंगे। उन्होने बताया कि घाघरा प्रखंड के लिए चुनाव प्रभारी मुनेश्वर कुमार साहू, जयपाल साहू, विजय साहू, दीपक साहू एवं राजकुमार साहू चुने गये हैं। चुनाव स्थल के लिए गांव गम्हरिया का चयन किया गया है। पालकोट प्रखंड के लिए नीलांबर साहू, रामनाथ साहू, कृष्णा साहू, उपेंद्र साहू, हीरालाल साहू और दिनेश्वर प्रसाद साहू को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। पालकोट के लिए (चुनाव स्थल बेसिक स्कूल बघिमा को बनाया गया है।

इनका हुआ चुनाव

सिसई प्रखंड में संत कुमार साहू, भूपन साहू, बसंत साहू, शैलेंद्र साहू और तेज मोहन साहू, चुनाव कन्या मध्य विद्यालय सिसई, बसिया प्रखंड में राधा मोहन साहू, श्याम सुंदर साहू, राम साहू, संतोष साहू, शिवचरण साहू एवं किशोर साहू चुनाव स्थल बाघमुंडा ढाबा को चुना गया है।

अलग-अलग घटनाओं में तीन घायल

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चापाटोली गांव निवासी शंकर उरांव 21 वर्ष एवं सुखराम उरांव 45 वर्ष घर का दीवाल मैं दबने से घायल हो गए आनन-फानन में ग्रामीणों के द्वारा ओटों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं दूसरी घटना बल्लातू गांव में घटी जहां वनडे मैच खेलने पहुंचे तुसरु कोना गांव के दिनेश बृजिया 37 वर्ष का दाहिना पैर टूट गया इधर उक्त तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया परंतु चिकित्सक नदारद थे इधर प्रमुख पति राजू भगत उप प्रमुख चंदन कुमार सिंह आदिम जनजाति जन कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष विजय बिरहोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर परिजनों से घटना से संबंधित जानकारी ली।

काली मंदिर के पीछे मिला अज्ञात महिला का शव

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला शहरी क्षेत्र से सटे रामनगर स्थित काली मंदिर के पीछे नहर में एक 30 से 35 वर्ष की महिला का शव मिलने पर आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई। शव होने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव जमीन में दफना दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि बकरी चराने गए लोगों को कल शाम शव का पैर दिखाई दिया। रात होने के कारण किसी ने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी जा सकी। इसकी सुचना पुलिस को दूसरे दिन दी गई । उक्त स्थल पर पहुंच कर पुलिस ने जमीन खोदकर शव को बाहर निकाला। देखा गया तो शव किसी महिला का निकला। महिला साड़ी पहने हुए हैं अंदाजा लगाया जा रहा है कि 4 से 5 दिन पूर्व हत्या कर शव को छुपाने की नियत से दफनाया गया है। घटना की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ देखने के लिए उम्र पड़ी। घटना स्थल पर थानेदार मनोज कुमार ने शव को अपने कब्जे में लिया। और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में मनोज कुमार ने कहा पोस्टमार्टम के बाद हत्या के कारणों का खुलासा होगा।

कुपोषण छोड़ पोषण की ओर थामे क्षेत्रीय भोजन की डोर: बीडीओ

गुमला (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को पोषण माह के अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय घाघरा द्वारा पोषण रैली एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। घाघरा के बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण माह के अंतर्गत सेविका महिला मंडल की दीदी ने मिलकर पोषण रैली किया गया। जिसमें कि कुपोषण छोड़ पोषण की ओर था में क्षेत्रीय भोजन की डोर आयरन की गोली खायेंगे। एनीमिया दूर भगायेंगे का नारा लगाते हुए बीडीओ से चांदनी चौक तक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पर बीडीओ विश्व देव कश्यप ने कुपोषण दूर कैसे करें इस पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय भोजन के बारे में जानकारी दिए। मौके पर माया मिश्रा ने शपथ ग्रहण कराया और मानव श्रृंखला के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस आयोजन में में मुख्य रूप से सुपरवाइजार राजेश्वरी देवी, सेंटर फॉर नालेज डेवलपमेंट की प्रखंड समंवयक माया मिश्रा, वैष्णो देवी जैसल पीएस, अभिनंदन सेविका, विनय भगत महिला मंडल की महिला दीदी शामिल थी।

15 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

निशानदेही पर मिले 20 लाख कैश

पलामू (आजाद सिपाही)। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में झारखंड-बिहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का रिजनल कमिटी मेंबर और 15 लाख का इनामी मुराद उर्फ विनय यादव को गिरफ्तार किया गया है। उसके साथ उसके दो अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनमें नक्सली अमरेंद्र पासवान और इदरीस अंसारी शामिल हैं। दोनों नक्सलियों की गिरफ्तारी बिहार के औरंगाबाद जिले के दाऊदनगर थाना क्षेत्र के मायापुर से हुई है। शुक्रवार को औरंगाबाद में पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा और औरंगाबाद के एसपी ने इस मामले का खुलासा किया। मुराद उर्फ विनय यादव ने पुलिस को बताया कि वह साल 2003 से भाकपा माओवादी संगठन में सक्रिय रहा है। बिहार के औरंगाबाद, गया और झारखंड के सीमावर्ती पलामू के क्षेत्रों में अपने संगठन को मजबूत करने और साल 2014 से नक्सली संगठन का जोनल कमांडर और रीजनल कमांडर के रूप में नेतृत्व करता रहा है. विनय यादव के ऊपर कुल 54 मामले दर्ज हैं.

पचरूखिया जंगल में लॉकर से बरामद हुए रुपये

मुराद उर्फ विनय यादव से पूछताछ के क्रम में पता चला कि नक्सली संगठन के द्वारा लेवी के रूप में वसूली गयी राशि को छकरबंधा के पचरूखिया के जंगल में शिकारी कुआं के आसपास छिपाकर रखा गया है, जिसके बाद पुलिस की टीम ने जमीन के नीचे गड़ा हुआ एक लॉकर को खोदकर निकाला और 20 लाख रुपये बरामद किया. बताया जाता है कि यह लॉकर को पूर्व नक्सली कमांडर संदीप यादव का था. संदीप गुप्त तरीके से इस लॉकर में लेवी की राशि सहित अन्य सामान रखता था. मुराद को इस संबंध में जानकारी थी. संदीप यादव की दो माह पूर्व बीमारी से मौत हो गई थी.

शिक्षक अभिभावक संवाद नितांत जरूरी : अविनाश देव

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। हर राष्ट्र का असली सम्पदा होता है वहां के मेधा जिसके बदौलत देश तरक्की का नया नया अध्याय गढ़ता है। समाज का सर फख्र से ऊंचा और घर का नाम रौशन होता है।उस मेधा का पौधा तैयार करने में दो हस्तियों के अहम भूमिका होती है पहला हैं माता-पिता दूसरा हैं गुरु। हर माँ बाप का ख्वाब होता है मेरा संतान समाज का सरताज बने,हर विद्यालय चाहता है मेरा विद्यार्थी आइंस्टीन, अरस्तू, अंबेडकर,अमिताभ, कलाम, कपिल, पीएम,सीएम, जीएम, आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर बने जो दुनियाँ में नाम करे। पर ऐसा होते नहीं दिखता है तो दोनों को चिंता का लकीर माथे पर बल देने लगता है तब दोनों को आपसी संवाद अनिवार्य हो जाता है। इसीलिए आज बच्चों के बेहतरी के लिए संत मरियम स्कूल में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सुविधा के ख़्याल से दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय अग्रसेन भवन में हुआ। पहला दिन प्रथम सत्र में नवम दशम वर्ग एवं द्वितीय सत्र में ग्यारहवीं बारहवीं के अभिभावकों से शिक्षकों का संवाद हुआ। संगोष्ठी का विषय था-विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका। आज पांचवें से आठवें वर्ग के बच्चों के

अभिभावक संगोष्ठी में भाग लिए। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने दीप प्रज्वलित कर किया। और माँ सरस्वती के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर संवाद को संचालित किया। अभिभावकों के हर जटिल से जटिल सवालों का जवाब संत मरियम विद्यालय के विद्वान शिक्षकों ने बड़े ही सरल व सुलझे शब्दों में दिया। प्रिंसिपल कुमार आदर्श ने सवालों को प्रसंस्करण करते हर सवाल को माकूल जवाब में अभिभावकों को भविष्य के उम्मीद का उगता हुआ किरण को दिखा दिया। अभिभावक बहुत ही उत्साह से अपने सवालों के सटीक जवाब पा कर अभिभूत हुए। अभिभावकों ने कहा हमारा इलाका निम्न मध्य वर्गों का है जहाँ हमेशा विद्यालय शुल्क देने में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अन्य विद्यालयों के नाम तो नहीं लेंगे पर वहाँ कोई दया कोई सहूलियत नहीं बल्कि बेरुखा व्यवहार होता है।

हुसैनाबाद में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण के लिए 68 लाख स्वीकृत

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। विकास और समृद्धि का जो सपना हुसैनाबाद की जनता ने देखा है, उसे पूरा करने के अपनी पूरी निष्ठा के साथ प्रयासरत हैं। यही वजह है कि जनता के आशीर्वाद से एक एक योजना धरातल पर उतरने लगी है। उक्त बातें हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि काफी लंबे इंतजार के बाद हुसैनाबाद प्रखंड का प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण के लिए राशि का आवंटन झारखंड सरकार ने कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण के बाद विधानसभा क्षेत्र के नौजवान खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा। घर का खाना खाकर अभ्यास बहुत अच्छे से कर पाएंगे। खेल के क्षेत्र में केवल झारखंड नहीं बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के युवा प्रतिभावान हैं, उन्हें जरूरत केवल सहयोग और अवसर की है। स्टेडियम का निर्माण हुसैनाबाद को नई दिशा देगा। उन्होंने स्टेडियम निर्माण की राह में सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पार करने की शानदार उपलब्धि पर हुसैनाबाद की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में भी स्टेडियमों का निर्माण कराया जायेगा। श्री सिंह ने हुसैनाबाद हरिहरगंज की सम्मानित जनता को धैर्य रखते हुए हुसैनाबाद हरिहरगंज के विकास में सहयोग देने का आग्रह भी किया है।

सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

हरिहरगंज /पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दोबटिया मोड़ स्थित एनएच 98 पर सड़क दुर्घटना में गुरुवार की देर शाम दो लोगों की मौत हो गई।दोनों का पहचान सुलतानी गांव निवासी जितेंद्र सिंह के 21 वर्षीय पुत्र अनिश कुमार सिंह, सूर्यदेव सिंह के 20 वर्षीय पुत्र टिंकल कुमार सिंह के रूप में हुई ।इस घटना से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।बताया जाता है कि अनिश और टिंकल हरिहरगंज से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान दोबटिया मोड़ स्थित बैक कर रही बंद बोगी 12 चक्का ट्रक से अनिश व टिंकल का बाइक टकरा गई।जिससे घटना स्थल पर ही टिंकल का मौत हो गया।जबकि अनिश का जमोहार से बनारस ले जाने के दौरान मौत हो गया।बाद में घटना स्थल पर पहुंची पीपरा थाना पुलिस ने टिंकल तथा अनिश का शव कब्जे में लिया और कानूनी प्रक्रिया के बाद हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में अंत्यपरिक्षण के लिए भेज दिया। वहीं शुक्रवार को दोनों का शव गांव पहुंचते ही पूरा गांव गमगीन हो गया।दोनों का अंतिम दाह संस्कार एक साथ क्षेत्र के बतरे नदी घाट पर किया गया।दाह संस्कार में किसान ब्रिगेडियर कर्नल संजय सिंह, मुखिया विनय कुमार सिंह, जीप प्रतिनिधि राजेश राम,अरविन्द सिंह, प्रिंश कुमार सिंह, दिलु सिंह,मुकेश कुमार सिंह, कुश कुमार, विकाश कुमार सिंह, ललु कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, राणा कुमार सिंह, अम्बुज कुमार सिंह, फुटुक सिंह,जितेंद्र कुमार सिंह,कृष्ण कुमार सिंह,आषुतोष कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में भाग लेकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया।

ग्रामीणों ने कालाबाजारी के लिए ले जा रहे पीडीएस के अनाज को पकड़ा

कालाबाजारी करने वाले पीडीएस डीलर की होगी अनुज्ञप्ति रद्द : बीडीओ

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के पोलडीह पंचायत के पोलडीह जगदीश पुर के ग्रामीणों ने शुक्रवार की अहले सुबह के कालाबाजारी के लिए ले जा रहे पीडीएस का पिकप वैन को पकड़ा।इसकी सूचना हुसैनाबाद बीडीओ सह प्रभारी एमओ को दी।ग्रामीणों ने पकड़े गए पिकप वाहन का वीडियो भी बनाया है।जिसमे ग्रामीणों का कहना है कि पीडीएस डीलर द्वारा गोदाम मे अनाज नही रखा जाता है हम लोग दुकान पर जाते है तो बताया जाता है कि अभी राशन का उठाव ही नही किया हु। और रात के

अंधेरे में इस प्रकार राशन का कालाबाजारी कर दिया जाता है।साथ ही ग्रामीणों ने एमओ को आवेदन देकर भी अनियमितता की शिकायत की है।दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि अंजली स्वयं सहायता समूह द्वारा नियमित रूप से राशन नही दी जाती है।जुलाई माह का राशन नही दिया गया है।जबकि अगस्त माह का पीएमजीकेवाई का केवल राशन दिया गया।सितंबर माह का राशन नही देने की बात कही गयी है। मशीन की खराबी बताकर पर्ची नही दिया जाता है।ग्रामीणों के आवेदन के आलोक में बीडीओ सह प्रभारी एमओ रतन कुमार सिंह ने शुक्रवार को जनवितरण प्रणाली की जांच की ,जांच के उपरांत उन्होंने बताया कि पीडीएस दुकान में स्टॉक पंजी की मांग करने पर पंजी नही दिखाया गया व ग्रामीणों की शिकायत पर मामले की जांच कर अनुज्ञप्ति रद करने की अनुसंशा की जाएगी।

नपं अध्यक्ष ने हड़ताल कर्मियों से पर्व को देखते हुए कार्य करने की अपील की

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद नपं कर्मि व सफाई कर्मी के हड़ताल पर चले जाने से शहर में गंदगी का अंबार है।झारखंड लोकल बॉडी इम्प्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर विते चार दिनों से कर्मी हड़ताल पर है।शहर की स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने शुक्रवार को हड़ताल कर्मियों से बातचीत की।उन्होंने काम पर लौटने का आग्रह किया।उन्होंने हड़ताल कर्मियों को आश्वस्त किया कि विभागीय स्तर से आपकी मांगो को वरीय अधिकारियों तक रखने का कार्य करूंगा।अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले पर्व को देखते हुए सफाई कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर काम पर लौटने का भरोसा दिया है।जबकि इस संबंध में फेडरेशन के स्थानीय अध्यक्ष ओमेंद्र ठाकुर ने बताया कि अभी तक कोई ठोस निर्णय नही लिया गया है।संघ के मार्गदर्शन के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी।हड़ताल

कर्मियों में मुख्य रूप से प्रदीप पासवान, अवधेश कुमार, बिकास कुमार, रविरंजन कुमार, संजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार पासवान, उपेंद्र चौधरी,अशोक चौधरी, कुश चौधरी, युगेश्वर राम, मदन राम, अर्जुन राम,बादल, राजू, बिजय, कृष्णा, सिकंदर अली, पनवा देवी, उदय चौहान,आलोक विश्वकर्मा, भगेश्वर, रॉकी, शिवनाथ, बबन, लीला देवी आदि मौजूद थे।

हरिहरगंज व पीपरा प्रखंड में हुआ आजसू महिला मोर्चा का गठन

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज तथा पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र में आजसू पार्टी की मजबूती को लेकर शुक्रवार को प्रभारियों के नेतृत्व में अलग-अलग दो स्थानों पर महिला मोर्चा की बैठक हुई।इस दौरान महिला मोर्चा की भूमिका पर विचार-विमार्श किया गया।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि आजसू सुप्रीमो महिलाओं के बराबरी का हक और अधिकार के लिए हर प्रखण्ड में महिला मोर्चा का गठन कर रही है।इस दौरान इन्दु देवी को हरिहरगंज प्रखण्ड का महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया।जबकि राधा देवी को सचिव बनाया गया।उधर ललित देवी को पीपरा प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव निमार्ला देवी, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, उपाध्यक्ष चिंता कुमारी को बनाया गया।उक्त पीपरा प्रखण्ड की बैठक में पंचायत का भी गठन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी,विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष सह पिपरा प्रखंड प्रभारी रामजी पासवान के अलावे जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष सह हरिहरगंज प्रखंड प्रभारी अरविंद सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सह नौडीहा प्रखंड प्रभारी विनोद ठाकुर मौजूद थे।हरिहरगंज में बैठक का अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अजित सिंह तथा पीपरा में प्रखण्ड के अध्यक्ष अर्चना कुमारी की अध्यक्षता में की गई।मौके पर पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहादत दिवस पर याद किये गये शहीद दया शंकर मिश्रा

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शहादत दिवस पर शुक्रवार को शहीद दया शंकर मिश्रा को पूरे सम्मान के साथ श्रधांजलि दी गयी। श्रधांजलि सभा का आयोजन विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत बी मोड़ शहादत स्थल पर किया गया। सशस्त्र पुलिस जवानों ने जहां शहीद वीर साथी के शहादत को सलामी दी और हथियार झुककर शोक व्यक्त किया। वही स्थानीय लोगों ने शहादत चबूतरे पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। स्थानीय कवि मुंशी मेहता ने कहा कि शाहिद दया शंकर मिश्रा के वीर गाथा को जन-जन तक पहुंचाया जाना चाहिये। ताकि उनसे प्रेरणा लेकर पुलिस के जवान व युवा पीढ़ी देश की सेवा के लिये हमेशा तत्यपर रहे। उन्होंने शाहिद दया शंकर मिश्रा के शहादत को कविता के माध्यम से लोगो को बताया। मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम, विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, एसआई जयप्रकाश पासवान, एएसआई रामचंद्र चौधरी, वरीय बसपा नेता गोपाल राम, संजय महतो, चंदन गुप्ता, विनय चौबे सहित कई स्थानीय लोग व थाना के पुलिस पदाधिकारी तथा जवान मौजूद थे।

स्वस्थ रहने के लिए पोषण आहार जरूरी : डीडीसी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। स्वस्थ रहने के लिए पोषण आहार जरूरी है। स्वस्थ रहने के महत्व को समझे और दूसरों को भी समझाएं। जब पोषण आहार के संबंध में समाज के हर व्यक्ति समझेगा, तो स्वस्थ समाज की परिकल्पना सिद्ध होगी। पोषण आहार लेकर कुपोषण से बचा जा सकता है। उक्त बातें डीडीसी मेघा भारद्वाज ने कही। वे आज राष्ट्रीय पोषण माह-2022 के मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज की ओर से आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के समापन समारोह में बोल रही थीं। कार्यक्रम राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च +2 विद्यालय अयोध्या कोल्हुआ, चैनपुर के सभागार में आयोजित था। डीडीसी ने आवासीय विद्यालय की छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी अभी से ही पोषण आहार पर ध्यान दें इससे शरीर स्वस्थ रहेगा। शरीर स्वस्थ होने से शिक्षा ग्रहण करने में भी रूचि जागृत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दीदी बाड़ी आदि अन्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। वहीं कुपोषण से बचाव के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने छात्राओं को कहा कि पोषण आपकी स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने जंक फूड से दूर रहते हुए पोषक तत्व युक्त चीजें खाने की सलाह दी। उप विकास आयुक्त ने छात्राओं की प्रतिभा एवं चित्र प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से लोगों को लाभ मिलेगा। विशेषकर छात्राएं लाभान्वित होंगी। इसके पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने सभी का स्वागत करते हुए पोषण से संबंधित जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की बातें कही ताकि लोग पोषक तत्व से युक्त चीजों का सेवन कर लोग स्वस्थ रह सकें। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित पोषण माह पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगाने के भारत सरकार के उद्देश्यों के बारे में भी बताया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने कहा कि समाज के कुछ लोग जागरूकता के अभाव में कुपोषित हो रहे हैं। उन्हें समझना चाहिए कि उनके घर में ही बहुत सी ऐसी चीजें होती है, जिसके सेवन से हमारे शरीर को पोषक तत्व प्राप्त होते हैं।

प्रदर्शनी स्थल पर गोद भराई, अन्नप्राशन का कार्यक्रम

समाज कल्याण विभाग, पलामू के सहयोग से प्रदर्शनी स्थल पर समापन समारोह के दौरान गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रस्म अदा की गई। इस दौरान महिलाओं को समाज कल्याण विभाग एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से पुरस्कार भी दिए गए। इस मौके पर छह माह के ऊपर के बच्चों के अन्नप्राशन की रस्म अदायगी भी हुई।

प्रदर्शनी का अवलोकन कर ली जानकारी

दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश और झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों, आजादी क्वेस्ट गेम, एक भारत श्रेष्ठ भारत और स्वच्छ भारत अभियान से जुड़ी जानकारियों को प्रदर्शित किया गया था। यहां आजादी क्वेस्ट गेम को डाउनलोड करने के तरीके एवं खेलने के बारे में भी जानकारी दी गई है। हिन्दी पखवाड़ा से जुड़ी स्टैंडी का भी प्रदर्शन किया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा।
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – 04/RE/EE/RDSD/KODERMA/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

ग्रुप० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	जयनगर प्रखण्ड के पंचायत व ग्राम बेको में PMGSY रोड से ब्रह्मदेव राणा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	24,86,131.00	50000.00	5000.00	छः माह (06)
2.	प्रखण्ड कोडरमा के चेचाई अन्तर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर से मुख्य मार्ग एन0एच0ए0आई0 तक 541 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	19,97,500.00	40000.00	5000.00	छः माह (06)

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 30.09.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 13.10.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 18.10.2022 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.10.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9939700965 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।

PR 278489 Rural Work Department(22-23)D

JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.
MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.
(CIN – U855100JH2013SGC001276)E-mail:jmhidpc2014@gmail.com
Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/GST No. 20AADCJ4293L2ZH

Bid Ref. No.JMC/NIT-22/Drugs/50 Date:23-09-2022

SHORT TENDER FOR RATE CONTRACT FOR FOLIC ACID TAB 2nd ~~CALL~~

The **Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & Procurement Corporation Limited(JMHIDPCL), Ranchi** hereby invites separate **Technical Bid** and **Financial Bid** (two envelope system) through e-procurement from eligible manufacturer for **Rate Contract for Supply of Medicines.**.

The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website *http://jharkhandtenders.gov.in* and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

Particulars	Date & Time
Name of Work	Rate Contract for Supply of Medicines.
Time of Completion	Within 60 days after issue of work order
Date of Publication of Bid	26-09-2022
Pre-Bid Meeting Date/Time	30-09-2022 00:00PM 3:00 PM
Bid Submission Start Date	*06-10-2022*
Bid Submission Closing Date & Time	12-10-2022 00:00PM 03:00 PM
Bid Opening Date for Technical Proposal	13-10-2022
Date of Opening of Financial Proposal	To be notified later
Application Fee (Non-Refundable)	5000/- (Rupees Five Thousand Only)
Earnest Money Deposit	50000/- (Rupees Fifty Thousand Only)
Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell	+91-8709368893,9955792367

Note: The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the JMHIDPCL, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.

JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCL in this regard shall be final.

Detailed Bid document can be seen, downloaded, and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only, hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original Application Fee &Earnest Money Deposit.

Sd/-Managing Director,
JMHIDPCL

PR 278530 (Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd)22-23*D

स्पोर्ट्स

आइपीएल के 2021 संस्करण में उपविजेता रही केकेआर टीम का भी हिस्सा थे

भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रिकेट डिजिटल संग्रहणीय मंच रारियो के साथ किया करार

नई दिल्ली। दुनिया के पहले आधिकारिक रूप से लाइसेंस प्राप्त क्रिकेट डिजिटल संग्रहणीय मंच, रारियो ने आज भारतीय एकदिवसीय टीम के दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्ण के साथ करार किया है। इसके साथ ही कृष्णा, ऋषभ पंत, वीरेंद्र सहवाग, जहीर खान, स्मृति मंधाना, चेतेश्वर पुजारा, रुतुराज गायकवाड़, एम सिराज, शैफाली वर्मा, राशिद खान, जेसन होल्डर, क्विंटन डी कॉक, और कई अन्य बड़े खिलाड़ियों के साथ रारियो ग्रुप से जुड़ गए हैं। इस करार के माध्यम से, कृष्णा के एनएफटी विशेष रूप से रारियो पर उपलब्ध होंगे। प्रसिद्ध कृष्णा भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा दाएं हाथ के तेज गेंदबाजों में से एक हैं, जो नियमित रूप से 140 किलोमीटर प्रति

घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं और अपनी सटीक लाइन और लेंथ के लिए जाने जाते हैं। कृष्णा ने 23 मार्च 2021 को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में पदार्पण किया, उन्होंने 24 वर्ष में पदार्पण पर एक भारतीय तेज गेंदबाज द्वारा लिए गए सर्वाधिक विकेटों के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। उन्होंवे अपने पहले मैच में ही 54 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने मई 2018 में मुंबई के खिलाफ आईपीएल में पदार्पण किया और जल्द ही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य आधार बन गए। वह आईपीएल के 2021 संस्करण में उपविजेता रहे केकेआर टीम का भी हिस्सा थे। इस साझेदारी पर प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा, क्रिकेट के मैदान पर भारत का प्रतिनिधित्व करना, न केवल भारत से बल्कि दुनिया भर के लाखों प्रशंसकों के लिए एक जीवन भर का सपना रहा है। अब, रारियो के साथ अपने एनएफटी के लिए इस बिल्कुल नई साझेदारी के साथ, मैं प्रशंसकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ने के अवसर पर रोमांचित हूं। दुनिया में सबसे पसंदीदा खेलों में से एक के लिए उत्साह के साथ संयुक्त अत्याधुनिक तकनीक, निश्चित रूप से क्रिकेट के अनुभव को बढ़ाएगी।

महत्वपूर्ण न्यूज

झारखंडी आदिवासी मूलवासी जनसभा में शामिल होंगे विधायक डॉ लंबोदर महतो

बोकारो (आजाद सिपाही)। आदिवासी-मूलवासी अधिकार मोर्चा की बैठक शुक्रवार को तुपकाडीह ललित नारायण गैंस एजेंसी के पास प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश संयोजक विदेशी महतो ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दो अक्टूबर को बोकारो नया मोड़ के बिरसा आश्रम में झारखंडी आदिवासी मूलवासियों की जनसभा होगी। जिसमें स्थानीयता और न्याय पूर्ण आरक्षण पर चर्चा होगी। इसमें नवगठित आदिवासी- मूलवासी अधिकार मोर्चा के संरक्षक पूर्व सांसद व अरअ राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू, आदिवासी सेंगेल अभियान के केंद्रीय संयोजक सुमित्रा मुर्मू और गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो मुख्य रूप से शामिल होंगें। इनके अलावा आदिवासी मूलवासी अधिकार मोर्चा के संयोजक देवनारायण मुर्मू, विदेशी महतो, करमचंद हांसदा, आदिवासी सेंगेल अभियान के बोकारो जिला अध्यक्ष सुखदेव मुर्मू, फ्रांसिस सरवण, कांग्रेस के युवा नेता रंजीत बाउरी, ललित नारायण, बमसेफ के बोकारो जिला उपाध्यक्ष भरत महतो आदि भी शामिल रहेंगे। इस मौके पर सुखदेव मुर्मू, ललित नारायण, ठाकुर राम महतो, सहदेव महतो, धन्नजय महतो, रखो किस्कू महेश सोरेन आदि थे।

मोदी सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाना : लक्ष्मीकांत

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो दौरा के दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रांची जाने के कर्म में नया मोड़ स्थित चाय दुकान में कार्यकर्ताओं के साथ चाय का आनंद लिया। नया मोड़ पर स्थित दुकानदारों से मन की बात जानी। केंद्र सरकार द्वारा योजनाओं के बारे में जाना। दुकानदारों ने कहा केंद्र सरकार की बहुत से योजनाओं का लाभ हमलोग को मिला है। बीएसएल क्षेत्र होने से कई योजनाओं का लाभ नहीं मिला मगर जिन योजनाओं का लाभ मिला उससे हमारे परिवारिक जीवन में परिवर्तन हुआ। इस बार फिर मोदी के पक्ष में मतदान करेंगे। वहीं प्रभारी ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाना है। आज काफी खुशी महसूस हो रही कि इस्पात नगरी में बेहतरीन चाय पीने का मौका मिला।अब जब कभी बोकारो आगमन का मौका मिलेगा फिर से चाय का आनंद लेंगे। यहां आकर जो सम्मान मिला वह स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण, जिला अध्यक्ष भरत यादव, संजय त्यागी, बिनय किशोर, रामकिंकर पांडेय, भैरव महतो, सुनील मोहन ठाकुर आदि थे।

डीएमएस ने किया कोयला खदान का निरीक्षण

कथारा (आजाद सिपाही)। कथारा खान सुरक्षा महानिदेशालय कोडरमा रीजन के खान सुरक्षा निदेशक (डीएमएस) ने गुरुवार को बोकारो जिला के हद में कथारा कोलियरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएमएस के साथ संबंधित परियोजना पदाधिकारी, खान प्रबंधन एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार खान सुरक्षा निदेशक कोडरमा रीजन एके मिश्रा एवं उप निदेशक तेजा ने कथारा कोलियरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएमएस ने खदानों की स्थिति, सुरक्षा उपायो, एसओपी, एमओपी से संबंधित गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने संबंधित परियोजना के पीओ, मैनेजर और सेफ्टी अधिकारी को प्रॉपर वेंचिंग सिस्टम, हॉल रोड की स्थिति, कामगारों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण की अनिवार्यता सहित अन्य सुरक्षा संबंधि उपायों पर ध्यान देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीएमएस मिश्रा ने अतिथि भवन में मीडिया से बातें करते हुए कहा कि सुरक्षा उपायों की लगातार मॉनिटरिंग करना और प्रबंधन को सुरक्षा संबंधी उपायों का अनुपालन कराने को लेकर उन्होंने कथारा कोलियरी खदान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कई मामलों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, जिसका अनुपालन जरूरी है। कुल मिलाकर उन्होंने खदान की स्थिति संतुष्टि पूर्ण बताया। इस मौके पर महाप्रबंधक हर्षद दातार, स्वांग गोबिंदपुर पीओ डी के गुप्ता, कथारा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी बीके साहू, प्रबंधक गोपाल सिंह मीणा, खदान प्रज्ञारी आर के सिंह, सेफ्टी ऑफिसर अनीश कुमार दिवाकर, अवनीश कुमार, सर्वेयर कृष्ण कुमार और सौरभ कुमार आदि उपस्थित थे।

झारखंड के विकास में बिनोद बिहारी महतो के योगदान पर सेमिनार आयोजित

धनबाद (आजाद सिपाही)। गोविंदपुर आरएसमोर महाविद्यालय के महाविद्यालय सभागार में इतिहास एवं हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत झारखंड के विकास में बिनोद बिहारी महतो के योगदान विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्रवीण सिंह ने की। प्राचार्य डॉ प्रवीण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विनोद बाबू जीवनभर शोषित, पीड़ित,वंचितों के लिए काम करते रहे। उनका मूल सिद्धांत था लड़ना है तो पढ़ना सीखो। उन्होंने कहा कि बिना लड़े अधिकारों की प्राप्ति नहीं होती। विनोद बिहारी महतो ने झारखंड आंदोलन को तेज करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया था और उन्हीं के नेतृत्व में झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ी गयी थी। उनका झारखंड के निर्माण में बहुमूल्य योगदान है। वहीं, प्रो सत्य नारायण गोराई ने कहा कि विनोद बाबू ने आंदोलन की बुनियाद रखकर अलग राज्य की नींव रखी।

आजसू ने किया महिला सम्मेलन का आयोजन

चास (आजाद सिपाही)। झारखंड के पितामह स्व, विनोद बिहारी महतो की 99वीं जयंती पर शुक्रवार को तेलीडीह बस्ती में चास नगर आजसू की ओर से महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। गायत्री देवी की देखरेख में कमेटी का विस्तार किया गया। चास नगर अध्यक्ष किरण देवी, सचिव रिंकी देवी, कोषाध्यक्ष सावित्री देवी को बनाया गया। वहीं, दीपाली महतो, पिंकी देवी, उषा देवी, फुल्ल मनी देवी, तीलका देवी, संध्या देवी, अतुला देवी, रवनी देवी, मेनका देवी, मीना देवी, बलिया देवी, गीता देवी, संजयोती देवी, सोना देवी अर्पणा देवी, सावित्री देवी आदि उपस्थित थे।

वर्चस्व को लेकर मुराईडीह कोल डंप में अंधाधुंध फायरिंग, बम धमाकों की गूंज से दहशत

बरोरा पुलिस ने बरामद किए दो जिंदा कारतूस, चार खोखा और बमों के अवशेष

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/कतरास। बरोरा क्षेत्र का मुराईडीह कोल डंप इलाका शुक्रवार की सुबह 11.30 बजे अंधाधुंध फायरिंग और बम धमाकों से दहल उठा। कांटा घर के समीप करीब आधे घंटे तक हुई गोलीबारी से भगदड़ मच गई। कोई जान मारने पर उतारू था तो कोई जान बचाने के लिए भागता नजर आया। भगदड़ के बीच कई लोगों ने दुकानों में छिप कर अपनी जान बचाई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कांटाघर का पूरा इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो चुका था। उधर, हिंसा की सूचना पाकर पुलिस और सीआइएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक गोली और बम चलाने वाले जा चुके थे। 12 राउंड से अधिक गोली चलने और आठ-दस बमों का धमाका किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मौके से दो गोली और चार कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने चार छोटे डिब्बे जब्त किए हैं, जिसमें विस्फोट किए गए थे। पुलिस ने एक क्षतिग्रस्त बाइक भी जब्त की है, जिसे हमलावरों ने चूर-चूर कर दिया है। बतातें चलें कि डंप में वर्चस्व को लेकर सिंडिकेट समर्थक और विरोधियों के बीच लंबे समय से तानातनी चल रही थी। पिछले चार दिनों से यहां कांटा खराब था। डंप में सिंडिकेट विरोधी डीओ धारक का एक लोड और दो खाली ट्रक जबकि सिंडिकेट समर्थकों के दो खाली ट्रक भी उसी दिन से यहां खड़े थे। प्रबंधन ने अगले सारे एलॉटमेंट को रद कर दिया था।

इधर, शुक्रवार को सिंडिकेट विरोधी अपने दोनों खाली ट्रक को लोडिंग के लिए डंप ले जाने लगे। इस बीच सिंडिकेट समर्थकों ने विरोधियों के ट्रकों को यह कहते हुए रोक दिया कि प्रबंधन का आदेश है कि खाली ट्रकों को बाहर करना है। इसी को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते हरवे हथियार से लैस होकर काफी संख्या में लोग जमा होने लगे। दोनों ओर से फायरिंग और बमों के धमाके हुए। दोनों पक्ष एक दूसरे पर गोली और बम चलाने का आरोप लगा रहे हैं।

विरोधी गुट के कन्हाई चौहान ने विधायक ढुल्लू और पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

सिंडीकेट विरोधी गुट के डीओ धारक कन्हाई चौहान ने शुक्रवार की शाम को संवाददाता सम्मेलन कर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि पुलिस प्रशासन ही नहीं चाहती कि मुराईडीह कोलियरी शांतिपूर्ण तरीके से चले। 20 सितंबर को ही सिंडिकेट समर्थक व सिंडीकेट विरोधी गुट के पांच ट्रक लोडिंग पाइंट पर पहुंची लेकिन विधायक के गुंडे और बरोरा पुलिस द्वारा रखे गए लेबर को गाड़ी बांटने वाले अनिल सिंह ने हमारे तीन ट्रक के लिए लोकलसेल मजदूर उपलब्ध नहीं करवाया। कहा कि डीओ होल्डर किस बात के लिए विधायक को एक हजार रंगदारी दें। पुलिस को चाहिए किअजय महतो, संतोष महतो,मदन साव ,नागेंद्र प्रजापति को कोलडंप से दूर रखे।

श्रद्धांजलि : जिले के कई स्थानों पर मनायी गयी झारखंड के पुरोधा स्व बिनोद बिहारीकी 99वीं जयंती

खुद शिक्षित होकर विनोद बाबू ने दिया लड़ने का हौसला: जलेश्वर

आजाद सिपाही टीम

स्व. विनोद बिहारी महतो की 99वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर मार्ल्याण करते राज्य के पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो। स्कूल में मनायी जा रही विनोद बाबू की जयंती।

महुदा। झारखंड के पितामह कहे जाने वाले आंदोलनकारी, वीर माटी पुत्र एवं पूर्व सांसद, शिक्षाविद स्व. विनोद बिहारी महतो की 99वीं जयंती शुक्रवार को पूरे जिले में मनाई गई। राज्य के पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो व अन्य ने इस दिन महुदा मोड़ स्थित चौक पर विनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं बलियापुर बीबीएम कॉलेज स्थित विनोद धाम में बने समाधि स्थल व प्रतिमा पर झामुमो के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उनके स्वजन, राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जलेश्वर महतो के नेतृत्व में उनके कार्यकताओं ने महुदा मोड़ चौक से गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली गई, जो नवागढ़, निचितपुर होते हुए बलियापुर उनके समाधी स्थल पर पहुंचा, जहां पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान झामुमो नेता सुखलाल मरांडी, मिहिर मंडल, फागू परमाणिक, दिलीप महतो आदि उपस्थित थे। इस दौरान जलेश्वर महतो ने कहा कि विनोद बाबू ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाया। वे शोषित, पीड़ित, वंचितों के लिए जीवन भर काम करते रहें। उनका एकमात्र मूल सिद्धांत था लड़ना है तो पढ़ना सीखो। वहीं उन्होंने लोगों को पढ़ो और लड़ो का नारा देकर जागरूक किया। बिनोद बाबू ने शिक्षित होकर अपने हक के लिए लोगों को लड़ने का हौसला दिया। उनके बलिदान एवं विचारों को हम कभी भुला नहीं पायेंगे। वे हम सभी झारखंडियों के बीच अमर रहेंगे।

तेनुघाट महाविद्यालय में मनायी गयी स्व. विनोद बिहारी महतो की जयंती

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। तेनुघाट महाविद्यालय में स्व विनोद बिहारी महतो की 99वीं जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि बिनोद बाबू झारखंड के महान क्रांतिकारी नेता थे। झारखंड अलग राज्य को लेकर एक लंबी लड़ाई गुरुजी शिबू सोरेन के साथ मिलकर लड़ी थी। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उन्होंने झारखंड की राजनीति में एक अलग पहचान दिया। झारखंड राज्य आंदोलन की नीति बनाकर आंदोलन को नई दिशा दी थी, जिस कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। प्रचार्य सुदामा तिवारी ने बताया कि पढ़ो और लड़ो का नारा भी उन्हीं की देन है। बताया कि बिनोद बिहारी महतो का जन्म 23 सितंबर 1923 को धनबाद जिला के बालीपुर प्रखंड के बडवाहा गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम महेंद्र महतो और माता मंदाकिनी देवी था। उनके बड़े पुत्र राजकिशोर महतो गिरिडीह से सांसद भी रह चुके है।

विनोद बाबू के सपनों की देन है झारखंड राज्य : उमाकांत

चंदनकियारी (आजाद सिपाही)। आजसू की ओर से चंदनकियारी के बोगुला मोड़ में स्व. बिनोद बिहारी महतो की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में शामिल पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि झारखंड राज्य विनोद बाबू के सपनों का परिणाम है। वर्तमान समय में विनोद बाबू के विचारों और संघर्षों को आत्मसात करने की जरूरत है । उनका नारा अधिकार के लिए पढ़ो और हक की रक्षा के लिए लड़ो ने समाज में क्रांति पैदा की। बिनोद बाबू का सपना 1932 आधारित खतियान एवं नियोजन नीति हो लागू करना था। पूर्व मंत्री ने कहा कि विनोद बाबू के सपनों को साकार करने के लिए युवा वर्ग आगे आए औ दबे-कुचलों को उनका अधिकार दिलाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि हम सब मिलकर चंदनकियारी विधानसभा में व्याप्त घूसखोरी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अराजकता को मिटाने के लिए एकजुटता का प्रतिक बनकर काम करें। इसके पूर्व उमाकांत रजक ने बिजुलिया मोड़, रामडीह मोड़, बोगुला मोड़ में स्थापित विनोद बाबू के आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सचिन महतो, प्रधान सचिव तपन सिंह चौधरी, शत्रुघ्न महतो, अशोक महतो, प्रकाश शर्मा, नंदलाल महतो, रमेश महतो, भुवन महतो, सुरेंद्र महतो, श्रावण राय, मंजू देवी, शरत टुडू, तपन रजवार, हरिश महतो, राजेश भगत, मंटू गोप, बाटुल राय, देवेंद्र महतो, नारायण चौबे, सीताराम महतो, वशिष्ठ सिंह चौधरी, शिबू महतो, राजीव रंजन झा, परशुराम महतो, मिथिलेश महतो, गणेश महतो, उमेश महतो, विकास, बुटन, जयराम, अश्विनी, सुकलाल, मनोज, संजय गोप, रॉकी सिंह व खुर्शीद आलम आदि थे।

राजगंज में मनायी गयी जयंती

राजगंज के बिनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय में विनोद बाबू एवं राजकिशोर बाबू की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के संस्थापक सचिव शंकर किशोर महतो ने बिनोद बाबू एवं राजकिशोर महतो की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद बारी-बारी से आगंतुकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विनोद ज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत सम्पूर्ण झारखंड क्षेत्र में बिनोद ज्ञान ज्योति अमृत महोत्सव पूरे साल विभिन्न गांव कस्बों में मनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर महादेव महतो, आजसू नेता प्रमोद चौरसिया, अयोध्या प्रसाद महतो, सुखदेव प्रमाणिक, नुनाराम महतो, दुलाल बाउरी, बिनोद महतो, रामू महतो, जितेंद्र महतो, भुवनेश्वर रवानी, संतोष महतो, संजय महतो शिवशंकर शर्मा, चेतलाल महतो आदि उपस्थित थे।

विनोद बाबू ने पढ़ो और लड़ो का दिया था नारा : मंटू

स्व. बिनोद बिहारी महतो की 99वीं जयंती पर झामुमो नेता मंटू यादव के नेतृत्व में बोकारो हवाई अड्डा स्थित बिनोद बाबू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मंटू यादव ने कहा कि बिनोद बाबू ने पढ़ो ओर लड़ो का नारा दिया था। उन्होने गांव के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया था। बिनोद बिहारी महतो जी एक प्रतिभाशाली व्यक्ति थे।

सरकारी उपक्रमों के अधिकारियों के साथ की बैठक

समय पर काम पूरा करें अधिकारी : सरयू राय

सरकारी उपक्रमों के अधिकारियों के साथ बैठक करते सरयू राय।

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रम समिति के अध्यक्ष सरयू राय ने शुक्रवार को सरकारी उपक्रमों के अधिकारियों के साथ बोकारो परिसदन सभागार में बैठक की। इस मौके पर सरयू राय ने कहा कि समय पर कार्य पूर्ण होने पर ही लोगों को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में 31 उपक्रम राज्य सरकार की ओर से संचारित है। साथ ही कहा कि सरकारी उपक्रम समिति ने सभी विभागों के संबंधित मामलों की समीक्षा कर उपक्रमों के अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। विधानसभा की सरकारी उपक्रम समिति के अध्यक्ष सरयू राय ने कहा कि कार्य समय पर पूर्ण करें, ताकि लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाड़ा मिल सके। उन्होंने कहा कि समिति भ्रमण कर सभी कॉरपोरेशन का जायजा ले रही है। उसके बाद समिति रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपेगी। बैठक के दौरान सभी विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

वहीं, बैठक से पूर्व डीसी कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा डीडीसी कीर्तीश्री ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान बैठक में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, डीटीओ संजीव कुमार के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

District Legal Services Authority, Simdega
Office Contact No.- 7061130340
Email Id.- dlsasimdega@gmail.com

Legal Aid Defence Counsel System (LADCS)

Advt. No. 01/2022 Date of Interview- 27/09/2022

This is to inform that applications were invited from eligible lawyers having requisite qualifications on contractual full time engagement for different posts under the Legal Aid Defence Counsel System (LADCS) in the district of Simdega.

It is for the information of all those candidates who have applied for such different posts that their interview is scheduled to be held on 27/09/2022 (Tuesday) from 10:00 AM at the Civil Court, Simdega.

Candidates must bring their supporting documents in original.

Any request for change of date/time of interview shall not be entertained.

Rizwan Ahmad,
Principal District Judge-cum-Chairman, DLSA, Simdega.

PR278455 (Law)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया ।

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के निविदा संख्या 16/JMT/2022-23, पीआर नं0 **278016** के द्वारा Operation and Maintenance of Jhumritelaiya/Koderma Urban Water Supply Scheme से संबंधित प्रकाशित निविदा में अपरिहार्य कारण निम्न संशोधन किया जाता है।

क्र0	विवरणी	पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय	संशोधित तिथि एवं समय
1	बेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि एवं समय	19.09.2022 5.00 बजे अपराह्न	22.09.2022 5.00 बजे अपराह्न
2	निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	24.09.2022 5.00 बजे अपराह्न तक	28.09.2022 5.00 बजे अपराह्न तक
3	परिमाण विपत्र एवं अग्रिम जमानत की राशि जमा करने की अंतिम तिथि (मूल रूप में)	27.09.2022 1.00 बजे अपराह्न तक	29.09.2022 1.00 बजे अपराह्न तक
4	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	27.09.2022 3.00 बजे अपराह्न तक	30.09.2022 1.00 बजे अपराह्न तक

शेष शर्ते यथावत रहेगी। (ई0 चन्द्रशेखर)

PR 278504 Drinking Water and Sanitation(22-23)D कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया ।

विजिलेंस को तहसीलदार के यहां से 5 करोड़ से अधिक संपत्ति मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सुंदरगड विजिलेंस को 5 करोड़ 2 लाख 60 हजार रुपये की संपत्ति मिली। अतिरिक्त तहसीलदार कुलमणि पटेल के घर पर रेड करने पर सारे दस्तावेज मिला। कुलमणि पटेल को भी गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त तहसीलदार इतना खा चुके हैं कि विजिलेंस को संपत्तियों की सूची तैयार करने में 30 घंटे से ज्यादा का समय लग गया।

बुधवार को विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में सुंदरगड टांगरपाली तहसील के अतिरिक्त तहसीलदार कुलमणि पटेल के घर छापेमारी की। इस दौरान 21 कीमती प्लॉट, 6 बहुमंजिली इमारतें, 3 चौपहिया, 3 दुपहिया, 2 ट्रैक्टर, 2 ट्रेलर, 15 बैंक खाते, बीमा में निवेशित 38 लाख रुपये का सुराग मिला है। इसी तरह नगदी रुपये के साथ सोना-चांदी के जेवर बरामद हुए।

विजिलेंस की आठ टीमों ने सुंदरगढ़ मिशन रोड स्थित उसके घर, लेफ्रिपड़ा में उसके पिता के घर और उसके ससुर के घर पर एक साथ छापेमारी की थी। कुलमणि पटेल ने अपने करियर की शुरुआत एक क्लर्क के रूप में की थी। उन्हें 4 साल के भीतर अतिरिक्त तहसीलदार के रूप में पदोन्नत किया गया था। कुलमणि पटेल हेमगिरी के अतिरिक्त तहसीलदार जब थे, तब कोयला खदान में विस्थापित हुए लोगों मुआवजे के पैसे मंजूर करने के लिए लाखों रुपये की रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था। बार-बार शिकायत के बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी।

छत्तीसगढ़ : बेटियों की सुरक्षा के लिए 'हमर बेटी-हमर मान' अभियान

जिस समाज में बेटियां सुरक्षित और सशक्त हों वह समाज निरंतर प्रगति करता है : भूपेश बघेल

आजाद सिपाही संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार महिला सुरक्षा की दिशा में खासकर बेटियों की सुरक्षा, उनके मान सम्मान की रक्षा, उनकी सुविधा और उन्हें आवश्यक सेवा प्रदान करने के लिये एक अभिनव अभियान 'हमर बेटी-हमर मान' प्रारंभ करने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज ट्वीट कर यह जानकारी देते हुए इस अभियान के संबंध में कहा है कि बेटियां हमारा मान सम्मान हैं, बेटियां प्रदेश के भविष्य उज्ज्वल की नींव है, जिस समाज में बेटियाँ सुरक्षित हों, सशक्त हो रही हों, वह समाज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है।



'हमर बेटी-हमर मान' इस अभियान के तहत राज्य की पुलिस की महिला अधिकारी एवं कर्मचारी प्रदेश के सभी जिलों में स्कूल कॉलेजों में जाकर बेटियों को उनके कानूनी अधिकार, गुड टच, बैड टच, छेड़खानी, यौन शोषण, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया क्राइम से बचाव और अधिकार जैसी बातों पर मार्गदर्शन देंगी और उनसे संवाद करेंगी।

अभियान के तहत गर्ल्स स्कूल, कॉलेजों तथा महिलाओं, युवतियों की उपस्थिति वाली प्रमुख जगहों पर पुलिस की स्पेशल महिला पेट्रोलिंग लगाई जायेगी। 'हमर बेटी हमर मान' हेल्पलाइन के लिए एक मोबाइल नंबर भी जारी किया जायेगा, जिस पर बेटियां अपनी शिकायत, अपनी परेशानी, अपने साथ होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार या अपराध की सूचना दर्ज करा पायेंगी जिन पर प्राथमिकता से कार्यवाही की जायेगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या – EL/Chg/Open/25/2022–23 दिनांक 21/09/2022 वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा (e-tender) Single Packet System मे आमंत्रित की जाती है। **1.कार्य का नाम तथा स्थानः** धनबाद मंडल पर एलएचबी टाइप एसी कोचों के आरएमपीयू का 03 वर्षों के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध। **2. कार्य का अनुमानित लागतः** रु. 1,90,54,002.92/– (एक करोड़ नब्बे लाख चौवन हजार दो रुपए एवं बानबे पैसे मात्र) **3. बयाना राशिः** रु. 2,45,300.00 /– (दो लाख पैंतालिस हजार तीन सौ रुए मात्र)। **4. निविदा जमा करने का तारीख तथा समयः** ई–निविदा जमा करने का तारीख 28/09/2022 से 12/10/2022 को 17:00 बजे तक। **5. निविदा खुलने का तारीख तथा समयः** 13/10/2022 को 12:30 बजे। **7. बेब साईट विवरणः** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग)
पूर्व मध्य रेल. धनबाद।
पीआर/01102/डीएचएन/मेक/टी/22–23/32

पूर्व मध्य रेल

धनबाद डिवीजन के अन्तर्गत गोमो और धनबाद स्टेशन पर रूकने के दौरान मार्ग में चलने वाली ट्रेनों में दैनिक पानी देने का दो वर्षों का ठेका।

ई–निविदा सूचना

GeM Bid No. GEM/2022/B/2562851 दिनांक 21/09/2022 भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट सिस्टम" पर ई–निविदायें आमंत्रित है।i) **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** गोमो और धनबाद स्टेशन पर रुकने के दौरान मार्ग में चलने वाली ट्रेनों में दैनिक पानी देने का दो वर्षों का ठेका। कार्य समापन अवधि–02 वर्ष। ii) **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 2,30,36,405.60 (दो करोड़ तीस लाख छत्तीस हजार चार सौ पांच रुपये एवं साठ पैसे) मात्र। iii). **बयाना राशिः** रु. 2,64,919.00 (दो लाख चौसठ हजार नौ सौ उन्नीस रुपये) मात्र। iv) **ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** तारीख 12/10/2022 को 16:00 बजे। **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** तारीख 12/10/2022 को 16:30 बजे v) **वेबसाईट विवरणः** https://gem.gov.in ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01104/डीएचएन/मेक/टी/22–23/36

पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए पीएम

पर्यावरण के नाम पर परियोजनाएं अनावश्यक ठप नहीं करें : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पर्यावरण के नाम पर विकास की परियोजनाओं को अनावश्यक ठप नहीं करें। उन्होंने सरदार सरोवर बांध का उदाहरण देकर कहा कि अर्बन नक्सली कई सालों तक बांध के निर्माण का काम रोके रहे। प्रधानमंत्री शुक्रवार को देश के सभी राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये शहरी नक्सली अभी भी सक्रिय हैं। मैं आपसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि पर्यावरण के नाम पर परियोजनाएं अनावश्यक रूप से ठप नहीं हों। उन्होंने कहा कि आज का नया भारत, नयी सोच, नयी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। आज भारत तेजी से विकसित होती इकोनॉमी भी है।

सर्कुलर इकॉनॉमी को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें : प्रधानमंत्री ने कहा कि आजकल हम देखते हैं कि कभी जिन राज्यों में पानी की बहुलता थी, ग्राउंड वॉटर ऊपर रहता था, वहां आज पानी की किल्लत दिखती है। ये चुनौती सिर्फ पानी से जुड़े विभाग की ही नहीं है, बल्कि पर्यावरण विभाग को भी इसे उतना ही बड़ी चुनौती समझना होगा। मैं सभी पर्यावरण मंत्रियों से आग्रह करूंगा कि राज्यों में सर्कुलर इकॉनॉमी को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें। इससे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के हमारे अभियान को भी ताकत मिलेगी।

नेहरू ने शिलान्यास, मोदी ने किया उद्घाटन : मोदी ने कहा कि देश आजाद होते ही सरदार सरोवर बांध के काम शुरू हुआ। पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इसका शिलान्यास किया था। इसके बाद अर्बन नक्सली एक्टिव हो गये। नर्मदा नदी पर बनने वाले इस बांध का काम यह दावा करते हुए रोका कि यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा। इसका परिणाम ये हुआ कि बांध बनने में कई दशक लग गये। इसका उद्घाटन तब हो सका जब मैं प्रधानमंत्री बना। इस देरी के कारण भारी मात्रा में धन बर्बाद हो गया। अब जब बांध पूरा हो गया है, आप अच्छी तरह से अंदाजा लगा सकते हैं कि उन अर्बन नक्सलियों दावे कितने संदिग्ध थे।

साजिश का मुकाबला करें :

श्रीश्री विश्वविद्यालय ने अपना नौवां दीक्षांत समारोह मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

ओड़िशा। श्रीश्री विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को अपना नौवां दीक्षांत समारोह मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री रोहित पुजारी, थॉमस इसकेनेगबे ब्रोवस' अध्यक्ष, कम्युनिटी कॉलेज, सिटी यूनिवर्सिटी न्यूयार्क, प्रो डीपी साहू, श्री श्री विश्वविद्यालय की अध्यक्ष प्रो रजिता कुलकर्णी, कुलपति बीआर शर्मा, निदेशक संचाल गौरव शर्मा एवं डीन, अन्य निदेशक और शासक मंडल कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस साल श्रीश्री विश्वविद्यालय ने 556 छात्रों, 550 स्नातकोतर और स्नातक एवं 6 पीएचडीधारी को उपाधि प्रदान की।

श्रीश्री विश्वविद्यालय में संस्थापक और आजीवन अध्यक्ष श्रीश्री रविशंकर ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सिद्धांतों को मजबूत बनाने के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों एवं पालकों को प्रेरित किया। रोहित पूजारी ने सभी छात्रों को देश, समाज, राष्ट्र एवं मानव कल्याण के निर्माण में अपना योगदान देने को प्रेरित किया। इस अवसर पर 22 छात्रों को विशेष प्रदर्शनन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

डॉ गिरिजा बांकर दास, डॉ हारका प्रसाद पाणिग्राही, डॉ बासिझ दास, डॉ प्रीतिधर दांता, डॉ संजय कमार पारीक को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। शीर्ष छात्रों सहित 22 छात्रों को स्वर्ण पदक दिये गये। प्रो रजिता कुलकर्णी ने स्वागत भाषण दिया। कुलपति ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। स्वर्ण पदक विजेता अनिकेत महापात्रा ने कहा में विश्वविद्यालय में मिले ज्ञान के लिए आभारी हूं।

मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर मामले में पांच साल की सजा

लखनऊ। इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गैंगस्टर एक्ट के तहत 23 साल पुराने एक मामले में भी मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने उसे पांच साल कारावास और पचास हजार रुपये जुर्मानं की सजा सुनायी है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**